3 बस्तर संभाग
अवैध शराब कारोबारी खफा रहे है अन्य राज्यों की शराब

6 स्वास्थ्य
क्या हैं सिरदर्द के कारण ?

10 संस्कारधानी
व्यापमं की परीक्षा में शामिल हुए साढ़े चार हजार...

11 छत्तीसगढ़
राउत नाच महोत्सव में झूमे नर्तक दल मुख्य अतिथि...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 29 नवम्बर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 100 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### कोरोना के आंकड़े झूठे, मगर लोगों की पीड़ा सच्ची है : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोरोना महामारी के दौरान मृतकों की संख्या गलत बताने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि सरकार झूठे आंकड़े देकर मृतक परिजनों की पीड़ा को नजरंदाज कर रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को समझना चाहिए कि कोरोना के कारण जिन लोगों ने अपने खोए हैं उनका दर्द, उनकी पीड़ा को गलत आंकड़े देकर छिपाया नहीं जा सकता है। गांधी ने ट्वीट किया, कोविड मृतकों के परिवारों की कहानियाँ सच्ची हैं, उनका दुख-दर्द सच्चा है। सरकार के आँकड़े झूठे हैं। सच्चे आँकड़े बताने होंगे और मुआवजा।

### सुरक्षा जांच केंद्र पर नहीं रूकने पर तालिबान ने डॉक्टर को गोली मारी

**काबुल।** अफगानिस्तान के पश्चिमी प्रांत हेरात में सुरक्षा तलाश केंद्र पर नहीं रुकने पर तालिबान सुरक्षाकर्मी ने गोली मारकर एक युवा डॉक्टर की हत्या कर दी है। स्थानीय न्यूज एजेंसी खामा ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि 33 वर्षीय अमरूद्दीन नूरी नामक इस डॉक्टर की हाल ही शादी हुई थी। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को एक पुलिस सुरक्षा जांच केंद्र पर नहीं रूकने पर तालिबान सुरक्षा दल के सदस्यों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। ओमीक्रोन पर गृह सचिव की आपात बैठक, समूचे देश में रखी जायेगी कड़ी नजर

### ओमीक्रोन पर गृह सचिव की आपात बैठक, समूचे देश में रखी जायेगी नजर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश मे कोरोना संक्रमण की स्थिति की समीक्षा के एक दिन बाद केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला की अध्यक्षता में रविवार को हुई आपात बैठक में कोरोना के नये स्वरूप 'ओमीक्रोन' के कारण उत्पन्न चिंताओं तथा इससे निपटने के उपायों पर चर्चा की गयी। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार बैठक में ओमीक्रोन वायरस के मद्देनजर देश भर में स्थिति की व्यापक समीक्षा की गयी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समूचे देश में कोरोना महामारी की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जायेगी।

# पंजाब, हरियाणा, गोवा, उत्तराखंड के साथ छत्तीसगढ़ में भी 'आम आदमी पार्टी' की धमक

## गोपाल राय ने दी अल्टीमेटम- मार्च तक यदि भूपेश सरकार चुनावी वायदो पर अमल नहीं करती तो पूरे प्रदेश में आंदोलन पर उतरेगी 'आप'

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

दिल्ली में सरकार बनाने के बाद से ही आम आदमी पार्टी अपनी जमीन को मजबूत करते हुए देश के कई राज्यों में संभावनाओं को तलाश करते हुए आगे बढ़ रही है। पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, गोवा जैसे राज्यों में आम आदमी पार्टी तीसरे विकल्प के रूप में तेजी से उभर रही है। इसी क्रम में आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ में आगामी 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी रणनीति पर अभी से काम करना प्रारंभ कर दिया है। आप पार्टी पूरे विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन के पश्चात रायपुर के शहीद स्मारक भवन में प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित की जिसमे पूरे प्रदेश से लगभग तीन हजार से अधिक सक्रिय कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ प्रभारी व दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर कार्यकर्ताओ में जोश भरते हुए छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के तीन



सालों के कार्यकाल को पूरी तरह से विफल बताते हुए कहा कि भूपेश बघेल और उनकी पार्टी के नेताओं द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता के साथ केवल और केवल व्यवस्था के नाम पर धोखा दिया जा रहा है एवं छत्तीसगढ़ की जनता को बेहतर सरकार देने के नाम पर छला गया है। गोपाल राय ने अपने सम्बोधन में कहा कि सत्ता का मुकाबला एक मजबूत संगठन के साथ किया जाएगा। झूठ के दम पर बनी सरकार का मुकाबला सच को उजागर करते हुए जनता के सामने लाया जाएगा। उन्होंने भूपेश सरकार को अल्टीमेटम देते हुए तीन माह का समय देते हुए कहा वे जनता से किये सभी वायदों को पूरा करे नहीं करते तो आम आदमी पार्टी जनता की लड़ाई जनता के साथ सड़क पर उतरेगी। प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार वर्तमान में आपसी खींचातानी में व्यस्त है, लगातार सभी वर्ग अपनी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे है। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। कांग्रेस के मुख्यमंत्री व मंत्री कभी त्रिपुरा के चुनाव प्रचार में तो कभी उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों के चुनाव में व्यस्त है। छत्तीसगढ़ की जनता त्रस्त है । तो वही प्रदेश सचिव उत्तम जयसवाल ने बताया कि सम्मेलन के माध्यम से आगामी तीन माह तक पार्टी की गतिविधियों पर कार्यक्रम तय किये गए हैं। जिसमे 1 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक प्रत्येक विधानसभाओं में नियुक्तियों को पूर्ण किया जाएगा,1 जनवरी से 31 जनवरी तक सभी विधानसभाओं में ब्लॉक स्तर की नियुक्तियां की जायेगी। इसके पश्चात सभी विधानसभा व ब्लॉक स्तर पर महा सदस्यता अभियान चलते हुए सभी ब्लॉकों में बैठकों के माध्यम से भाजपा के 15 साल व कांग्रेस की वर्तमान सरकार की नाकामी को जन-जन तक पहुचाने का काम किया जाएगा।

## संसद का शीतकालीन सत्र आज से, सरकार और विपक्ष बीच जोरदार टकराव के आसार

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



संसद के शीतकालीन सत्र के लिए सरकार तथा विपक्ष ने अपनी-अपनी रणनीति बना ली है और भले ही सरकार ने तीनों विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लेने का ऐलान कर विपक्ष को मुद्दों से निहत्था करने का ब्रह्मास्त्र चला दिया हो लेकिन विपक्ष के तीखे तेवरों को देखते हुए उसके लिए संसद सत्र को सुचारू ढंग से चलाना आसान नहीं होगा। सोमवार से शुरू होने वाला शीतकालीन सत्र 23 दिसम्बर तक चलेगा और इस दौरान 20 बैठकें होंगी। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से पहले होने वाले संसद सत्र को राजनीतिक लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों ही पक्ष इस मौके को अपनी अपनी तरह से भुनाने के लिए हर तरह का हथकंडा अपनाने से पीछे नहीं हटेंगे। कोरोना महामारी के कारण पिछले वर्ष शीतकालीन सत्र नहीं हो सका था लेकिन इस बारे में इसे कोरोना प्रोटोकाल का ध्यान रखते हुए बुलाया गया है।

## समाज के वंचित वर्गों को न्याय दिलाने के असाधारण फैसलों और कार्यों के लिए मुख्यमंत्री बघेल को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 'महात्मा फुले समता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। पुणे के महात्मा फुले स्मारक 'समता भूमि' में अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद् द्वारा आयोजित समारोह में परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष छगन भुजबल ने फुले पगड़ी, मानद शाल, सम्मान निधि और स्मृति चिन्ह प्रदान कर 'महात्मा फुले समता पुरस्कार' से सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री



भूपेश बघेल ने कहा कि हिन्दुस्तान के पांच हजार साल के इतिहास में साढ़े तीन हजार साल पिछड़ों का राज रहा। लेकिन अंग्रेजों के शासन काल में देश की अर्थव्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गई। ऐसे में महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज सुधार के माध्यम से समतामूलक समाज की स्थापना के लिए कार्य किया। महात्मा फुले सामाजिक क्रांति के अग्रणी नेता थे, तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी राजनीतिक क्रांति के अग्रणी समाज सुधारक थे। बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हम इन्हीं महात्माओं के बताए रास्ते में चल कर सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए काम कर रहे हैं।

## परीक्षा लीक के गुनाहगारों के घरों पर चलेगा बुलडोजर : योगी

वार्ता < देवरिया
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता शिक्षक परीक्षा में पेपर लीक मामले से खासे खफा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिन लोगों ने यह शरारत की है, उनके खिलाफ गैंगेस्टर के तहत मुकदमा दर्ज हो रहा है, उनकी संपत्ति को जब्त कराने और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्यवाही होगी। उन्होने कहा कि कोई कितना भी बड़ा क्यों नहीं हो, उसके घर में बुलडोजर चलना तय है। उन्होंने परीक्षार्थियों को राहत देते हुए आई कार्ड दिखाकर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में फ्री में आने जाने की सुविधा देने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अभ्यर्थियों से दुबारा परीक्षा के लिए कोई भी अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। सीएम योगी ने रविवार को देवरिया में दो सौ करोड़ से अधिक की लागत से बने परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कहा पिछले साढ़े चार साल में चार लाख से अधिक भर्ती निष्पक्ष तरीके से की गई है।

# देश में बीते दिन कोरोना से 600 अधिक लोगों की मौत

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश में कोरोना वायरस (कोविड-19) के नये मामलों और मौतों की संख्या में उतार-चढ़ाव का क्रम लगातार बना हुआ है। पिछले 24 घंटे में भले ही नए मामलों में कमी आई है लेकिन मृतकों की संख्या 600 के पार हो गयी है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान 73 लाख 58 हजार 17 कोविड टीके लगाये गये हैं। इसके साथ ही अभी तक 121 करोड़ छह लाख 58 हजार 262 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार,शनिवार मध्य रात्रि तक कोरोना संक्रमण के 8774 नए मामले दर्ज किए गए। इसी के साथ संक्रमितों की संख्या बढ़कर तीन करोड़ 45 लाख 72 हजार 523 हो गई है। इस दौरान 9481 मरीजों के स्वस्थ होने के साथ ही महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर तीन करोड़ 39 लाख 98 हजार 278 हो गयी है। इस अवधि में सक्रिय मामलों में 1328 की कमी देखी गयी और इसी के साथ कुल सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 105691 रह गयी है। बीते 24 घंटे में जानलेवा वायरस के संक्रमण से 621 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर चार लाख 68 हजार 554 हो गया है।

देश में सक्रिय मामलों की दर 0.31 फीसदी, रिकवरी दर 98.34 फीसदी और मृत्यु दर 1.36 फीसदी है। देश में केरल सक्रिय मामलों में अभी भी सबसे आगे है। यहां सक्रिय मामले 957 घटकर 49152 रह गये है। राज्य में 5144 मरीजों के स्वस्थ होने से कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 5040528 हो गयी है।

### केजरीवाल ने कोरोना के नए वैरिएंट प्रभावित देशों से उड़ानें रोकने के लिए पीएम मोदी को लिखा पत्र



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उनसे उन देशों से आने वाली उड़ानें रोकने का आग्रह किया है जहां कोरोना के नए वैरिएंट के मामले सामने आए हैं। केजरीवाल ने मोदी को लिखे पत्र में कहा कि हमारे देश ने पिछले डेढ़ साल में कोरोना के खिलाफ बहुत मुश्किल लड़ाई लड़ी है। हमारे लाखों कोरोना वारियर्स की स्वार्थरहित सेवाओं की बदौलत देश कोरोना महामारी से उबर पाया।

## संसद में अच्छे मुद्दों पर करेंगे सरकार का सहयोग : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में किसानों के मुद्दे पर सही पहल करने की सलाह देते हुए कहा कि सरकार संसद में जो अच्छे कदम उठाएगी उन पर उसको सहयोग किया जाएगा। सर्वदलीय बैठक के बाद संसद भवन परिसर में रविवार को राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उन्होंने किसानों, महंगाई, कोरोना सहित कई मुद्दों पर सरकार से संसद में जवाब देने की मांग की और कहा कि जो भी अच्छी पहल सरकार संसद में करेगी उसका समर्थन किया जाएगा।




उन्होंने कहा कि बैठक में यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होते तो वह उनसे सवाल पूछते कि आखिर वह किसानों को क्या समझाना चाहते थे जिसके बारे में मोदी ने कृषि कानून वापस लेते हुए कहा था कि वह किसानों को अपनी बात समझाने में असफल रहे है। खड़गे ने कहा कि उन्हें लगता है कि सरकार कृषि कानूनों को ठीक करके फिर लाने का प्रयास कर सकती है और इसी संदर्भ में वह श्री मोदी से सवाल पूछना चाहते थे लेकिन प्रधानमंत्री बैठक में नहीं आए।

# भारत में हर 10 दिन में एक यूनिकॉर्न : पीएम मोदी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में हर 10 दिन में एक नया यूनिकॉर्न स्टार्टअप खड़ा हो रहा है, देश स्टार्टअप क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहा है और यहां की स्टार्टअप कंपनियां वैश्विक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत कर रही हैं। मोदी ने अपने मासिक रेडियो संबोधन 'मन की बात' में देशवासियों से बातचीत करते हुए कहा कि भारत की विकास गाथा का यह नया मोड़ है। पहले युवकों को नौकरी के लिए प्रेरित किया जाता था और आज अपना रोजगार शुरू करने वालों को सराहना और प्रोत्साहन मिल रहा है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी पहली सरकार आने के समय देश में 9-10 यूनिकॉर्न हुआ करते थे। यूनिकॉर्न ऐसी स्टार्टअप कंपनी को कहा जाता है, जिन का मूल्यांकन एक अरब डॉलर या 7000 करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा होता है। उन्होंने कहा कि भारत यूनिकॉर्न के क्षेत्र में आज दुनिया में तेज उड़ान भर रहा है और एक रिपोर्ट के अनुसार देश में इस समय 70 से अधिक स्टार्टअप यूनिकॉर्न की श्रेणी में आ गए हैं। दुनिया का ध्यान इस ओर गया है। यूनिकॉर्न के क्षेत्र में भारत निवेश को आकर्षित कर रहा है तथा देश के युवा वैश्विक समस्याओं के समाधान में योगदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूनिकॉर्न के क्षेत्र में भारत विश्व का नेतृत्व कर रहा है। आज चारों तरफ स्टार्टअप की



चर्चा है । अब छोटे-छोटे शहरों में भी स्टार्टअप कंपनियां खड़ी हो रही हैं। पहले जब कोई युवा अपना काम शुरू करने की बात करता था तो बड़े बुजुर्ग उसे नौकरी की सलाह देते थे और कहते थे कि नौकरी में आराम है, पैसा है, लेकिन आज अपना काम शुरू करने वालों को उनके परिवार और समाज से प्रोत्साहन मिलता है तथा सहायता मिलती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने मयूर नाम के एक युवा उद्यमी से बातचीत की, जिसने पढ़ते हुए अपनी मोटरसाइकिल का माइलेज बढ़ाने और और वाहन प्रदूषण कम करने की प्रौद्योगिकी के विकास पर काम किया। आज वह अपने साथियों के साथ प्रौद्योगिकी का विकास कर चुका है। मयूर ने श्री मोदी को बताया कि उसने अपने चार साथियों के साथ मिलकर जो फिल्टर प्रौद्योगिकी विकसित की है, उससे मोटरसाइकिल का एवरेज 25 किलोमीटर प्रति लीटर से बढ़कर 39 किलोमीटर प्रति लीटर तक पहुंच गया।

## अगरतला में टीएमसी और सीपीआई का खाता भी नहीं खुला

# भाजपा त्रिपुरा निकाय चुनाव में 334 सीटों में से 329 सीटों में लहराया परचम

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

त्रिपुरा की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा ने ममता बनर्जी की टीएमसी और वामपंथियों को निकाय चुनाव में पछाड़ दिया। भाजपा ने अगरतला नगर निगम और 13 अन्य नगर निकायों पर आसानी से कब्जा कर लिया। भाजपा ने निकाय चुनाव में 334 सीटों में से 329 सीटें जीती। टीएमसी के खाते में एक सीट आई। जबकि सीपीआई माले को तीन सीट पर जीत मिली। जबकि एक सीट निर्दलीय प्रत्याशी के पक्ष में रही।

2018 में पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा में सत्ता में आने के बाद अपना पहला निकाय चुनाव लड़ते हुए भाजपा ने सांप्रदायिक तनाव, झड़पों और अदालती लड़ाइयों के बीच विपक्ष की कमजोर चुनौती को कड़ी टक्कर दी और आसानी से जीत हासिल की। 51 सदस्यीय अगरतला नगर निगम के किसी भी वार्ड से टीएमसी और सीपीआई माले एक भी सीट नहीं जीत पाई। यहां सभी सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत हासिल की।

राज्य चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि भाजपा का दबदबा इतना अधिक था कि उसने 15



सदस्यीय खोवाई नगर परिषद, 17 सदस्यीय बेलोनिया नगर परिषद, 15 सदस्यीय कुमारघाट नगर परिषद और नौ सदस्यीय सबरूम नगर पंचायत के सभी वार्डों पर कब्जा किया। उन्होंने बताया कि पार्टी ने 25 वार्ड धर्मनगर नगर परिषद, 15 सदस्यीय तेलियामुरा नगर परिषद और 13 सदस्यीय अमरपुर नगर पंचायत में क्लीन स्वीप किया। वहीं, सोनमुरा नगर पंचायत और मेलाघर नगर पंचायत बिना किसी विरोध के भाजपा ने सभी 13 सीटों पर जीत हासिल की है। भाजपा ने 11 सदस्यीय जिरानिया नगर पंचायत में भी जीत हासिल की। भाजपा ने अंबासा नगर परिषद की 12 सीटें हासिल कीं, जबकि टीएमसी और सीपीआई-एम ने यहां एक-एक सीट जीती और दूसरी एक निर्दलीय उम्मीदवार के पास गई। भाजपा ने कैलाशहर नगर परिषद की 16 सीटों पर भी जीत हासिल की। यहां माकपा को एक सीट मिली। पानीसागर नगर पंचायत में भाजपा 12 सीटों पर विजयी हुई और सीपीआई (एम) ने एक पर जीत हासिल की। भाजपा ने खोवाई नगर परिषद के सात, धर्मनगर नगर पालिका के एक, मेलाघर नगर परिषद के दो और जिरानिया के 10 वार्डों में निर्विरोध जीत हासिल की थी। भाजपा ने बिना किसी चुनाव के रानीबाजार, विशाल गंज, मोहनपुर, कमालपुर, उदयपुर और शांतिबाजार के 92 वार्ड के नगर निकायों को जीता। शानदार जीत के साथ भाजपा के पास राज्य के शहरी निकायों के 324 वार्डों में से 329 सीटों पर जीत हासिल की।

**बंगाल भाजपा में खुशी का माहौल-** वहीं, त्रिपुरा में भाजपा की शानदार जीत पर पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में भी खुशी का माहौल है। बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने ट्वीट करते हुए कहा कि अगरतला निगम और अन्य सभी नगर पंचायतों और नगर पालिकाओं में शानदार जीत दर्ज करने के लिए त्रिपुरा भाजपा और माननीय मुख्यमंत्री को हार्दिक बधाई। हम बंगाल के भ्रष्ट और फासीवादी तोलामूल पार्टी का सफाया करने के लिए त्रिपुरा के लोगों के आभारी हैं।

### त्रिपुरा में भाजपा की जीत पर नड्डा ने दिया धन्यवाद

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने त्रिपुरा के स्थानीय निकाय के चुनावों मे भाजपा की प्रचंड जीत के लिए प्रदेश की जनता और राज्य के पार्टी नेतृत्व का अभिनंदन करते हुए कहा है कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों, उनकी लोक-कल्याणकारी योजनाओं और राज्य के विकास के प्रति डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता में जनता के विश्वास का प्रतीक है। नड्डा ने को ट्वीट कर त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब देब, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मानिक साहा और सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की विजय राष्ट्रवादी ताकतों, विकासवादी सोच की जीत है। विघटनकारी ताकतों, हिंसा तथा विवाद की राजनीति करने वालों और त्रिपुरा का अपमान करने वालों को राज्य की जनता ने सिरे से खारिज कर विकास की राजनीति पर अपनी मुहर लगाई है।



## योग को जन-जन तक पहुंचाने में रामदेव के योगदान को राष्ट्रपति कोविंद ने सराहा

एजेंसी < हरिद्वार
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने योग और आयुर्वेद जैसे प्राचीन भारतीय ज्ञान के देश विदेश में नये सिरे से परिभाषित करने में पतंजलि योगपीठ के योगदान की सराहना करते हुए आज कहा कि इसने किसी समय तपस्वियों और संन्यासियों का विषय समझे जाने वाले योग को जन जन तक आसान ढंग से पहुंचा दिया है। कोविंद ने पतंजलि विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर के उद्घाटन एवं प्रथम दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। समारोह में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी उपस्थित थे।



पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव, कुलपति आचार्य बालकृष्ण और कुलानुशासिका साध्वी देवप्रिया भी मंच पर मौजूद थी। राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय से स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी की उपाधियां हासिल करने वाले करीब 700 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की और अनेक विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक हासिल करने को पदक प्रदान किए तथा उनका आह्वान किया कि वे स्वाध्याय में आलस्य एवं प्रमाद छोड़ कर अनामय कोश, मनोमय कोश और प्राणमय कोश को जाग्रत करें और विज्ञानमय कोश एवं आनंदमय कोश की यात्रा पर आगे बढ़ें। वे करुणा एवं सेवा के आदर्श में चरित्र को ढाल कर समाज सेवा करें।

### श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का दूसरा चरण

# पहले चरण की दुकानों में 62 प्रतिशत तक छूट मिल रही है, अब 10 प्रतिशत ज्यादा छूट के साथ मिलेंगी दवाईयां

### योजना की बढ़ती लोकप्रियता से सेवा प्रदाताओं में छूट देने की बढ़ी प्रतिस्पर्धा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लोगों को किफायती दर पर दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने शुरू की गई। श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के दूसरे चरण में अब लोगों को दवाइयों के मूल्य में 72 प्रतिशत की छूट मिलेगी पहले चरण की दुकानों में अभी 62 प्रतिशत तक की छूट मिल रही थी। रायपुर नगर निगम अंतर्गत सेवा प्रदाताओं की ओर से अधिकतम 72 प्रतिशत तक एमआरपी में छूट दिए जाने का प्रस्ताव शासन को मिला है। यह दर रायपुर नगर निगम को अभी तक प्राप्त दरों में सबसे अधिक है। योजना की बढ़ती लोकप्रियता के कारण नए मेडिकल स्टोरों के लिए न केवल बड़ी संख्या में सेवा प्रदाता आगे आ रहे हैं। बल्कि दवाओं के मूल्य में छूट को लेकर उनमें प्रतिस्पर्धा भी बढ़ी है।




श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के पहले चरण में रायपुर नगर निगम के अंतर्गत दो दुकानें खोली गई थी। जिनमें सेवा प्रदाताओं द्वारा 62 प्रतिशत तक छूट के साथ दवाईयां ग्राहकों को दी जा रही है। दूसरे चरण में अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल, डॉ. भीम राव अंबेडकर अस्पताल के पास, केनाल रोड में जन सुविधा केन्द्र, आयुर्वेदिक कॉलेज के पास, रोहणीपुरम तालाब के पास, शीतला मंदिर बुढ़ातालाब के पास मेडिकल स्टोर्स के संचालन के लिए सेवा प्रदाताओं से निविदाएं आमंत्रित की गई थी। इसमें पांच सेवा प्रदाताओं ने भाग लिया। नए प्रस्तावों के बाद उपभोक्ताओं को अब दवाओं की खरीदी में 10 प्रतिशत का और फायदा होगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बीत अक्टूबर माह में इस योजना के तहत राज्य में 84 श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर के साथ इस योजना का शुभारंभ किया था। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित इस योजना में आने वाले समय में प्रदेश के 169 शहरों में 188 मेडिकल स्टोर्स प्रारंभ किये जा रहे है। इन मेडिकल स्टोर्स में 251 प्रकार की जेनरिक दवाईयां तथा 27 सर्जिकल उत्पाद की बिक्री अनिवार्य रखी गई है। इसके अलावा वन विभाग के संजीवनी के उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद और शिशु आहार आदि का भी विक्रय का प्रावधान है। इन मेडिकल स्टोरों से मिलने वाली जेनेरिक दवाईयां सिपला, एलेम्बिक, रेनबैक्सी, केडिला, फाईजर जैसी 20 ब्रांडेड प्रतिष्ठित कंपनी की होंगी, जो सस्ती होने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण भी है। इन मेडिकल स्टोर्स में दर्द और ज्वर नाशक, मांसपेशियों को आराम देने वाली दवाई, महिलाओं के मासिक धर्म, गर्भावस्था की दवाई, एलर्जी, आंख, कान, नाक, गला रोग, हृदय रोग, सर्दी-खाँसी- बुखार, लोकल एवं जनरल अनेसथेसिया, थायराइड की दवाइयां, एंटीफंगल दवा, विटामिन की गोलियां एवं त्वचा संबंधी रोगों की दवाई उपलब्ध है।

### नीट-पीजी काउंसिलिंग को लेकर किया जा रहा प्रदर्शन

# जूनियर डाक्टरों के हड़ताल से अस्पताल में ओपीडी सेवाएं प्रभावित




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी में पं. जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कालेज समेत प्रदेश के अन्य शासकीय कालेजों में जूनियर डाक्टरों ने शनिवार को हड़ताल की। यह प्रदर्शन नीट-पीजी काउंसिलिंग को लेकर देश भर में किया जा रहा है। रायपुर मेडिकल कालेज के कनिष्ठ चिकित्सक डा. इंद्रेश यादव ने बताया कि नीट-पीजी 2021 काउंसिलिंग आयोजित करने में बार-बार हो रही देरी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे है।

रायपुर मेडिकल कालेज के करीब 300 जूनियर डाक्टर हड़ताल पर रहे। सुबह 10 बजे से शुरू प्रदर्शन दिन भर चला। जूनियर डाक्टरों के प्रदर्शन से अस्पताल में ओपीडी सेवाएं प्रभावित रहीं। जूनियर डाक्टरों के न होने की वजह से इलाज के लिए पहुंचे मरीजों की लंबी लाइनें लगी रहीं। व्यवस्था न बन पाने की वजह से कई लोगों को बगैर इलाज के ही वापस लौटना पड़ा। कई लोगों को निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ा। सबसे ज्यादा गरीब लोगों को परेशानी हुई, जो पैसों की कमी के कारण महंगे निजी अस्पतालों में नहीं जा सके। वे बीमारों को लेकर घर लौट गए। ऐसे में उन रोगियों की तबीयत ज्यादा खराब हो सकती है।

चिकित्सकों ने बताया कि हड़ताल के बीच आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं यथावत रही। यहां ड्यूटी पर तैनात डाक्टर अपनी सेवाएं देते रहे। डा. इंद्रेश ने बताया कि सोमवार को भी उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। उनकी मांग है कि आमतौर काउंसिलिंग जून तक हो जाती है, लेकिन नवंबर बीतने के बाद भी काउंसिलिंग शुरू नहीं की गई है। ऐसे में नीट की काउंसिलिंग अगले सप्ताह से शुरू कराया जाए। यदि ऐसा नहीं होता है कि हड़ताल लगातार जारी रहेगी।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर ने जूनियर डाक्टर्स एसोसिएशन के इस देशव्यापी आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन प्रदान किया है। केंद्र सरकार से मांग किया है कि नीट पीजी काउंसलिंग को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर पीजी छात्रों की नई बैच को मेडिकल कॉलेज में शीघ्र एडमिशन दिया जाए ताकि जूनियर डाक्टर्स के ऊपर काम का बोझ कम हो सके और वे अपने कैरियर की ओर ध्यान दे सकें। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर माननीय सुप्रीम कोर्ट से निवेदन करता है कि इस स्थिति को स्वास्थ्य के क्षेत्र में आपातकाल की तरह मानते हुए स्वयं संज्ञान ले और नीट पीजी काउंसलिंग के ऊपर शीघ्रातिशीघ्र निर्णय दे।

## विस अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेशवासियों को राजभाषा दिवस की दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने प्रदेशवासियों को राजभाषा दिवस 28 नवम्बर के अवसर पर बधाई दी है। डॉ महंत ने अपने बधाई संदेश में कहा की, छत्तीसगढ़ी भाषा समूचे भारत की सबसे मीठी बोले जाने वाली भाषा है इस भाषा में अपनत्व, प्रेम, प्यार और दुलार है। हमारे सभी प्रादेशिक धर्मगुरुओं ने राजभाषा के माध्यम से छत्तीसगढ़िया होने का पताका देश ही नहीं विदेशों में भी फहराया है इसका हमें गर्व है कि ऐसे महान गुरुओं और भाषाओं के हम वंशज है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि राजभाषा व्यक्तित्व की पहचान कराती है और आप सभी से निवेदन करता हूं कि अपने राज्य की भाषा का उच्चारण परिवार में समाज में सार्वजनिक जीवन में अधिक से अधिक करें। आप सभी को राजभाषा दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं।

## अमृत भारत गणित यात्रा पर विविध आयोजन आज एवं कल होंगे

**रायपुर।** ऑल इंडिया रामानुजन मैथ्स एंड साइंस क्लब के द्वारा अमृत भारत गणित यात्रा पूरे देश में महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर से गुजरात के सोमनाथ से शुरू की गई है। उक्त यात्रा का आगमन 29 नवंबर को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होगा। उक्त दिवस पर एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल एवं कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में विभिन्न कार्यक्रम रखे गए हैं। उक्त यात्रा गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना होते हुए रायपुर पहुंची है। रामानुजन जयंती 22 दिसंबर को प्रतिवर्ष मनाई जाती है।

# कार सवार ने 3 वाहनों को मारी टक्कर, एक युवती की हुई मौत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी में तेज रफ़्तार का कहर बरक़रार है। यहां के तेलीबांधा इलाके में तेजी से कार चला रहे एक युवक ने दो स्कूटी और एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। रात के वक्त हुए इस हादसे में एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 अन्य लोग घायल हो गए। तेलीबांधा थाने के टीआई सोनल ग्वाला ने बताया कि कार चालक खमतराई निवासी सोनिक बग्गा तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए तेलीबांधा चौक से मैग्नेटो मॉल की ओर जा रहा था, इसी दौरान एक होटल में आयोजित कार्यक्रम से वापस लौट रही युवतियों की दो स्कूटी और एक बाइक चालक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। ये टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार एक युवती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं 4 अन्य घायल हो गए। सभी दुपहिया वाहन सर्विस रोड से मुख्य मार्ग पर आ रहे थे, इस दौरान यह हादसा हुआ। इन सभी को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी सोनित बग्गा नशे में नहीं था मगर उसकी कार की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि एकाएक वाहनों के सामने आने के बाद वह अपनी कार पर काबू नहीं पा सका और उसने एक के बाद एक 3 वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया।



### रात के वक्त रिंग रोड पर चलना बेहद खतरनाक

राजधानी रायपुर में तेलीबांधा इलाके में चौक से रिंग रोड और नया रायपुर तथा मंदिर हसौद की ओर जाने वाले मार्ग पर चलना जोखिम भरा होता है। दरअसल इस इलाके में वैध-अवैध मयखा़नों की भरमार है, जहां से देर रात युवा नशे में वाहन चलाकर सड़क से निकलते हैं। इन मार्गों पर ओवर स्पीड के चलते अब तक कई हादसे हो चुके हैं, घटनाओं के बाद धड़ाधड़ कार्रवाइयां होती हैं, जिसके चलते हादसे लगभग रुक जाते हैं मगर बाद में हालात जस के तस हो जाते हैं। हालांकि पुलिस देर रात वाहन चला रहे लोगों की मशीन से जाँच भी करती है, और नशे में पकडे जाने पर कठोर कार्रवाई भी करती है, बावजूद इसके नशेबाजों की प्रवृत्ति में सुधार नहीं आ रहा है। आईपी क्लब और ऐसे ही होटलों तथा बार का देर रात तक संचालन अगर रोका नहीं गया तब ऐसे हादसे होते ही रहेंगे।

# छत्तीसगढ़ में ब्लैक आउट होने पर अब 40 मिनट में चालू होंगे बिजलीघर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सूबे में आकस्मिक ब्लैक आउट होने की स्थिति में ताप विद्युत गृहों को पुनरसंचालित करने के लिए हसदेव बांगो जल विद्युत गृह से स्टार्ट अप पावर सप्लाई करने संबंधी एक माकड्रिल (पूर्वाभ्यास) स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में सफलतापूर्वक किया गया। माकड्रिल के जरिए यह सुनिश्चित करने का अभ्यास किया गया कि आपात स्थिति में पावर प्लांट के ब्लैक आउट होने पर कोरबा पश्चिम के बिजली संयंत्रों को शुरू करने के लिए 40 मिनट में जल विद्युत संयंत्रों से बिजली पहुंचाई जा सकेगी। बिजली कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक अचानक ब्लैक आउट होने की स्थिति में पावर प्लांटों को फिर से स्टार्ट करना कठिन होता है, इसके लिए तुरंत बिजली की आवश्यकता पड़ती है, जिसकी तत्काल आपूर्ति जल विद्युत संयंत्रों से ही हो सकती है।



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन एवं उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसडी तैलंग और एनके बिजौरा की उपस्थिति में यह माक ड्रिल किया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के डगनिया स्थिति लोड डिस्पैच सेंटर में संपादित इस ब्लेक स्टार्ट माकड्रिल की मानीटरिंग मुंबई स्थित वेस्टर्न रीजनल लोड डिस्पैच सेंटर के एक्सपर्ट इंजीनियर स्काडा सिस्टम से कर रहे थे। इंडियन इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड और स्टेट ग्रिड कोड प्रावधानों के अनुसार साल में दो बार इस तरह का माकड्रिल करना होता है।

इस तरह एक बनावटी बिजली संकट छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा क्षेत्र में निर्मित किया गया।फिर इंजीनियरों की टीम ने युद्धस्तर पर बिजली संकट क्षेत्र में बिजली बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ की।इसके लिये बांगो में उपलब्ध डीजल जनरेटर सेट से बंद जल विद्युत इकाई क्रमांक तीन को सर्विस में लेकर बांगो उपकेंद्र के बस को चार्ज किया गया और वहां उत्पादित बिजली को 132 केवी लाइनों के माध्यम से छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा पूर्व 132 केव्ही उपकेन्द्रों तक क्रमशः पहुंचाया गया।

पूर्व निर्धारित 33/11 केवी विद्युत फीडरों को एक के बाद एक चालू कर बांगों की जल विद्युत इकाई से करीब 20 मेगावाट लोड लिया गया।आइलैंड सबसिस्टम की फ्रिक्वेंसी,वोल्टेज को मानीटर करते हुए बांगो जल विद्युत गृह की सप्लाई को कोरबा पश्चिम ताप विद्युत गृह तक पहुंचाया गया। इस पूरी प्रक्रिया में 40 मिनट का समय लगा।इस दौरान डंगनिया स्थित स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय थे।

# आईपी क्लब में 13 सितंबर को फायरिंग करने वाले दिलीप मिश्रा को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी में गुंडे-बदमाशों की भी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। निचली बस्ती में रहने वाले लोग इन्हें प्रोटेक्ट करने के लिए आगे आने लगे हैं। इसका उदहारण शनिवार को चंगोराभाटा इलाके में देखने मिला। नया रायपुर के आईपी क्लब में 13 सितंबर को फायरिंग करने वाले दिलीप मिश्रा को पुलिस उत्तर प्रदेश के प्रतापपुर से गिरफ्तार कर शनिवार को रायपुर लौटी। मंदिर हसौद थाना पुलिस आरोपी दिलीप मिश्रा का खौफ उसके इलाके से कम करना चाहती थी। इसके लिए दिलीप मिश्रा का इलाके में जुलूस निकाला जाना था। लेकिन यह संभव नहीं हो पाया। चूँकि पुलिस के चंगोराभाटा पहुंचने से पहले वहां दिलीप मिश्रा के समर्थक, जिसमें महिलाएं, कम उम्र के बच्चे शामिल थे, इक्कठा हो गए।



पुलिस बाजार चौक में दिलीप मिश्रा का जुलूस बाजार चौक से निकालने वाली थी। लेकिन समर्थन में जुटे भीड़ की वजह से पुलिस ने दूसरे जगह में कुछ दूर जुलूस निकाल कर फॉर्मेलिटी पूरी की। बताया जाता है 13 दिसंबर को दिलीप मिश्रा और एक राजनीतिक व्यक्ति के रिश्तेदार के साथ विवाद हुआ था और इसी बीच दिलीप मिश्रा ने गन निकालकर फायरिंग हवाई फायरिंग की थी। इसी राजनीतिक व्यक्ति का दिलीप मिश्रा खास बताया जाता है। राजनीतिक व्यक्ति जो सरकार और सिस्टम खासा पकड रखते है, वे रिश्तेदार पर गन तानने वाले दिलीप मिश्रा से नाराज हो गए और उनके बीच खटास शुरू हो गई। कहा जाता है दिलीप मिश्रा पर हुई इस कार्रवाई पर इस राजनीतिक व्यक्ति की ओर से काफी दबाव बनाया गया था।

### राष्ट्रीय दलों एवं मान्यता प्राप्त राज्यीय दलों की बैठक संपन्न

# चुनाव के दौरान कोविड 19 गाइडलाइन का अनिवार्य रूप से हो पालन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2021 के संबंध में निर्वाचन भवन नवा रायपुर के सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों एवं मान्यता प्राप्त राज्यीय दलों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से आदर्श आचरण संहिता ,नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु नियमों एवं दिशा निर्देशों और कोविड 19 गाइडलाइन के परिपालन के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उल्लेखनीय है कि नगरीय निकायों में आम एवं उप निर्वाचन हेतु 20 दिसंबर 2021 को मतदान एवं 23 दिसंबर को मतगणना होगी।

**महामारी के दौर में एक दूसरे की सुरक्षा हम सबकी नैतिक ज़िम्मेदारी :** बैठक में निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि महामारी के इस दौर में हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि हम एक दूसरे की सुरक्षा का ख्याल रखें इसलिए उन्होंने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से चुनाव के दौरान कोविड-19 गाइडलाइन के अनिवार्य पालन पर जोर देने को कहा है। उन्होंने प्रतिनिधियों से कहा कि स्थानीय स्तर पर अपने जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को कोविड-19 अनुरूप व्यवहार करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि चुनाव में शामिल होने वाले अभ्यर्थी प्रस्तावक ,पोलिंग एजेंट एवं अन्य कार्यकर्ता फुली वैक्सीनेटेड हो।यदि इस दौरान किसी भी व्यक्ति को सर्दी ,बुखार या कोविड से जुड़े कोई भी लक्षण नजर आए तो अतिरिक्त सावधानी बरतें।




**ऑनलाइन नॉमिनेशन है अनिवार्य :** उन्होंने बताया कि इस बार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने हेतु ऑनलाइन व्यवस्था को अनिवार्य किया गया है। अभ्यर्थी राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट www.cgsec.gov.in डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीजी एसईसी डॉट जीओवी डॉट इन में ओनो सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग के उप सचिव दीपक कुमार अग्रवाल ने ONNO साफ्टवेयर के उपयोग एवं तकनीकी बारीकियों के बारे में राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी दी। दौरान ओनो साफ्टवेयर से जुड़े प्रश्न भी प्रतिनिधियों ने पूछे जिसका समाधान बैठक में किया गया। उन्होंने बताया कि सभी नगरीय निकायों में उम्मीदवारों की सहायता के लिए रिटर्निंग ऑफिस कार्यालय में तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी ताकि ऑनलाइन नॉमिनेशन दाखिल करने में उन्हें कोई दिक्कत ना हो।

### राजनीतिक दलों ने की ओनो की सराहना

उप सचिव दीपक अग्रवाल ने बताया कि ओनो के माध्यम से नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने पर गलतियों की संभावना न के बराबर हो जाती है।उन्होंने बताया कि वेबसाइट में अभ्यर्थियों के लिए विस्तृत चेक लिस्ट भी दी गई है। उन्होंने बताया कि यह चेक लिस्ट बहुत उपयोगी है ।पार्षद पद के उम्मीदवारों को नाम निर्देशन पत्र भरने के पहले यह चेक लिस्ट डाउनलोड कर अच्छी तरह पढ़ लेंगे तो वे बड़ी सरलता से ऑनलाइन नॉमिनेशन दाखिल कर सकेंगे। बैठक में आए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा किए गए इस नवाचार की सराहना की और कहा कि इससे काफी सरलता और पारदर्शिता के साथ नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे।उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित नगरीय निकायों में 27 नवम्बर सुबह 10.30 बजे निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन कर दिया गया है अभ्यर्थी 27 नवंबर से लेकर 3 दिसंबर तक सुबह 10:30 से दोपहर 3:00 बजे तक रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में ऑनलाइन भरे गए नाम निर्देशन पत्र की हार्ड कॉपी जमा कर सकते हैं ।

## रायपुर पुलिस के पिंक गश्त टीम ने छात्राओं को किया अवेयर



**रायपुर।** मंजूलता राठौर, टीआई, खम्हारडीह थाना एवं कौशलेंद्र ध्रुव, हेड कांस्टेबल रायपुर द्वारा कटोरा तालाब स्थित एक्सेल टेली की छात्राओं को महिलाओं की सुरक्षा के लिये तत्पर रायपुर पुलिस की ' पिंक गश्त 2021' के बारे में जानकारी साझा की गई । जिसके अंतरगत ऑटो/टैक्सी या किसी अपरिचित के वाहन में बैठते समय किसी अनहोनी होने की आशंका पर वाहन का नंबर एवं ड्राईवर की फोटो को खींचकर अपने परिजनों या पुलिस को 94791 90167 या 94791 92099 पर वाटसअप/व्हट्साप करें । लडकियां आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त करें। सोशल मीडिया का सावधानी से प्रयोग करें । अनजान लोगों से दोस्ती करने और अपनी निजी बातों को साझा करने से बचें। अनजान लोगों पर भरोसा न करें, आदि। एक्सेल टेली के संचालक मनोज चावला ने इसके लिए धन्यवाद आभार व्यक्त किया है।

# अवैध शराब कारोबारी खफा रहे है अन्य राज्यों की शराब

- पुलिसिया कार्रवाई के बाद भी नहीं धरे जा रहे हैं अवैध कारोबारी
- अवैध शराब की बिक्री शहरी इलाके के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में हो रही है धडल्ले से

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com



माता मावली की नगरी नारायणपुर में शहर से लेकर गांव तक फिल्टर युक्त पीने योग्य पानी तो आसानी से नहीं मिल पाता है लेकिन अवैध शराब आसानी से मिल जाती है। अवैध शराब कारोबारियों की वजह से कई परिवार बर्बाद हो चुके और आगे भी हो रहे हैं। अवैध शराब बिक्री के चलते नवयुवक शराब पीने के आदि होते जा रहे है जिससे आने वाली पीढ़ी के बारे में कड़े कदम उठाना जरूरी है जिसको लेकर सामाजिक संगठनों एवं शराब के प्रति घृणा रखने करने वालों के द्वारा आए दिन शिकायत किए जाने के बावजूद ना आबकारी विभाग मूकदर्शक बन अवैध कारोबार को बढ़ावा देते नजर आ रहा है जिसके चलते अवैध शराब का विक्रय करने वालों के हौसले बुलंद । वहीं ऐसे अवैध कारोबारी अल्प समय में धनवान बनने में लगे हुए हैं धनवान बनने की होड़ में यह अवैध शराब कारोबारी कई माताओं के लाडले एवं कई बहनों के सुहाग को निगलने के काम मे लगे हुए हैं। नगर के कई होटलों व ढाबों के साथ ग्रामीण इलाकों के किराने के दुकानों में अवैध शराब बिक्री एवं खुलेआम हो रही है।

वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि खुलेआम नारायणपुर शहर तो शहर जिले के ग्रामीण इलाके में शराब की अवैध बिक्री आम हो गई है। स्थिति इतनी खराब है कि कुछ मजदूर तो सुबह से ही कोचियों के ठिकानों पर पहुंचकर अपनी गाढ़ी कमाई को नशे में झोंक रहे हैं। धर्म की नगरी नारायणपुर में नशे का कारोबार इस कदर धड़ल्ले से फल-फूल रहा है, इस बात का अंदाजा जगह-जगह डिस्पोजल, गिलास तथा शराब की खाली बोतलों को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है।

**जिले में बड़ी मात्रा में खपाई जा रही हैं अन्य राज्यो की शराब** - जिले में बड़ी मात्रा में सीमावर्ती राज्यो की शराब बिक रही हैं। शराब तस्करों की हिम्मत इतनी बुलंद है कि नगर एवं ग्रामीण कोचिये भारी मात्रा में इस शराब की धड़ल्ले से इसकी बिक्री कर रहे हैं। एक मदिरा प्रेमी ने नाम ना छापने की शर्त में बताया कि रॉयल स्टेज की बोतल में मैनुफेक्चरिंग ग्वालियर मध्यप्रदेश लिखा मिल रहा है कोचियों के पास उसमें दो प्रिंट रेट लिखे हैं और शराब की क्वालिटी भी अलग है। कोचियों द्वारा अवैध शराब की खपत धड़ल्ले से की जा रही हैं। मानो जैसे अवैध शराब कारोबारियों को किसी का डर ही नही है।

### युवा भी हो रहे है शिकार

इस पूरे मामले में बेहद गंभीर विषय यह है कि जगह-जगह बिकने वाली शराब पर किसी तरह की कार्रवाई न होने के कारण बच्चों के साथ-साथ युवा भी नशे के आदी होते जा रहे हैं। इसके चलते कई स्वजन भी हलाकान होने लगे हैं। कुछ स्वजनों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कई लोग तो इस कदर नशे के आदी हो गए हैं कि उन्हें डाक्टर से परामर्श लेना पड़ रहा है, ताकि वह किसी भी कीमत पर शराब की लत से मुक्ति पा सकें, परंतु इस मामले को लेकर जिम्मेदारों की चुप्पी भी उन्हें संदिग्धता के कठघरे में लाकर खड़ा कर रही है कि आखिर क्या वजह है इन पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। नारायणपुर के शराब दुकान के पास सुनसान इलाके तथा संकरे रास्ते रात के अंधेरे में मदिरा प्रेमियों का खास अड्डा बनता जा रहा है। मदिरा प्रेमी इन संकरी गलियों में खुलेआम बैठकर शराब पीते आसानी से देखे जा सकते हैं। बस स्टैंड, बखरूपारा साप्ताहिक बाजार, पहाड़ी मंदिर रोड,आश्रम से महका जाने वाली सड़क सहित नगर के विभिन्न स्थलों में मदिरा प्रेमियों को देखा जा सकता है। नगर के सुनसान क्षेत्रों में जैसे स्कूल ग्राउंड वीरान पड़े व्यवसायिक कॉन्प्लेक्स में और रात्रि के समय शासकीय अशासकीय कार्यालयों के आसपास में भी अवैध शराब का सेवन करते देखा जा सकता है।

### कार्यवाही की जायेगी

हमारे दुकान की बिक्री में भी इसका असर पड़ रहा है। सूचना तंत्र को सि य किया गया है विभाग लगातार अन्य राज्यों की शराब खपाने वाले कारोबारियों का पता साजी कर रही हैं। पता चलने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

**राम किशोर तारम**
**आबकारी अधिकारी**
**नारायणपुर**

# पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने जिला प्रशासन को विधायक के संरक्षण में कार्य करने का लगाया आरोप



पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com

पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने जिला प्रशासन को विधायक के संरक्षण में कार्य करने का आरोप लगाया है,आचार सहिंता का खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए सरकारी बंगले को कांग्रेस कार्यालय बना दिया गया है जहां से विधायक लोगों को पार्टी प्रवेश करवा रहे हैं इसमें प्रशासन विधायक को शह दे रही है। महेश गागड़ा ने कहा क्षेत्रीय विधायक जिस प्रकार से आचार सहिंता का धज्जियां उड़ा रहे हैं ,और इसमे पूरा प्रशासन उनके साथ कदम मिलाकर चल रही है जो लोकतंत्र के लिए शोभनीय नही है। जहां क्षेत्र में आचार सहिंता लगा हुआ है बावजूद विधायक और प्रशासन सारी नियमों को दरकिनार कर सरकारी सर्किट हाउस को कांग्रेस कार्यालय बना दिया है। इस प्रकार की कृत्य से प्रशासन से विश्वसनीयता खत्म होगी,साथ ही निष्पक्ष चुनाव होगी इस पर भरोषा करना बेमानी होगी। दरअसल शनिवार को क्षेत्रीय विधायक ने स्थानीय सर्किट हाउस भोपालपट्टनम में कुछ लोगों को पार्टी प्रवेश करवाया था जिस पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने आपत्ति दर्ज की है,उक्त वक्तव्य गागड़ा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है। पूरा प्रशासन विधायक के इशारे में कार्य कर रही है ऐसे में चुनाव निष्पक्ष नहीं हो सकता, सरकारी बंगले में पार्टी गतिविधियां कैसे हुई इस पर प्रशासन स्पष्ट जवाब दे साथ ही निष्पक्षता से कार्य करे।

साथ ही पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने आगे गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है एक ओर सरकारी अधिकारी विधायक के एजेंट बनकर कार्य कर रहे हैं एक ओर नगर पंचायत सीएमओ तहसीलदार के माध्यम से लोगों को पट्टा निरस्त करने का नोटिश थमा रहे हैं, और दूसरी ओर विधायक से मिलने की समझाईश दे रहे हैं। इस प्रकार का षड्यंत्रकारी कृत्य भाजपा स्वीकार नही करेगी, प्रशासन अपना निष्पक्ष जवाबदेही तय करे।

# जीत फाउंडेशन द्वारा सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र सोनपुर गांव में जीत फाउंडेशन की अध्यक्षा डॉ. संगीता शुक्ला द्वारा सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नक्सल प्रभावित परिवारों के लगभग 70 बच्चे और 110 महिलाओं सहित लगभग 250 लोग शामिल हुए। सामाजिक संस्था जीत फाउण्डेशन द्वारा संस्था के माध्यम से ठंढ़ मौसम के अनुसार कम्बल, साल, साड़ियां, स्वेटर सहित जरूरत की सामग्रियां वितरित की गई वहीं बच्चों को खेल सामग्री, कॉपी-किताब, पेन सहित अन्य उपहार दिए गये। डॉ संगीता शुक्ला ने महिलाओं से बात कर उन्हें चिकित्सकीय उपचार के फायदे बताते हुए स्वास्थ जागरूकता के लिये प्रेरित किया। डॉ शुक्ला ने बच्चों और महिलाओं के साथ खेल और नृत्य का आनन्द उठाया। कार्यक्रम के अंतिम में उपस्थित लोगों को सुपोषित आहार के साथ भोजन कराया गया, इसके अलावा बच्चों को बिस्किट और चाकलेट भी दिये गये। उक्त कार्यक्रम के दौरान सरपंच और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# कृषि महाविद्यालय नारायणपुर के द्वारा संविधान दिवस पर ली गयी शपथ

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र नारायणपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। सभी शिक्षकगण एवं स्वयं सेवकों ने संविधान दिवस पर शपथ ली। इस अवसर पर पेंटिंग के माध्यम से स्वयं सेवकों ने अपने विचार प्रस्तुत कर पेंटिंग को अधिष्ठाता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ रत्ना नशीने को अन्य अधिकारियों को भेंट किया। संविधान दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा फूल के पौधों को महाविधालय प्रांगण में रोपित किया गया और गुड़हल, चम्पा एवं गुलाब के पौधों आदि वितरित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ. अनिल दिव्या ,प्रशांत बीजेकर, वत्सल श्रीवास्तव, निधि शर्मा, मनीषा धुरवे, संगीता लाकर विवेक विश्वाकर्मा एवं अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर स्वयं सेवको के लिए ऑनलाइन वेबीनार आयोजित किया गया, जिसमे अधिष्ठाता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ रत्ना नशीने अपने उदबोधन मे कहा की भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ? भीमराव आंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में मनाया गया। 26 नवम्बर 2015 से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया। गणतंत्र भारत में 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में लाया गया। उन्होंने भारतीय संविधान की विशेषताओ पर भी प्रकाश डाला। साथ ही मतदाता जागरूक अभियान हेतु छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रोत्साहित किया । ऑनलाइन वेबीनार के माध्यम से विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जिनमे पोस्टर, चित्रकला एवं सवाल जवाब आदि रखी गई।

# भूपेश सरकार गरीबों का हक छिनने का कार्य कर रही हैं : केदार कश्यप

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने कहा की एक तरफ केंद्र सरकार गरीब तबके के लोगो के रहने के लिये मकान का आबंटन उपलब्ध करा रही है लेकिन छतीसगढ सरकार गरीबो का हक छिनने का कार्य कर रही है केंद्र से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2021-22 के लिये राज्य को आबंटित 7 लाख 81हजार 999 का लक्ष्य वापस लेने का आदेश जारी कर दिया गया है क्योंकि राज्य की भुपेश सरकार अपने हिस्से की राशि नही दे पायी है यह घोर लापरवाही है इससे गरीब तबके के लोगों को झटका पहुंचा है उन्होंने कहा कि योजना के तहत इन मकानों के निर्माण मे खर्च होने वाली राशि का 60 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार देता है बाकी 40 प्रतिशत राशि का दायित्व राज्य सरकार का होता है यह एक बेहतर योजना थी जिसका लाभ गरीबों को उनके मकान बनाने के लिए मिल जाता लेकिन उनके सपनों पर पानी फेरने का कार्य छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने किया है राज्य की कांग्रेस सरकार को जरा भी चिंता नही है आगे श्री कश्यप ने कहा की मुख्यमंत्री भुपेश बघेल राज्य के गरीबो के उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पा रहे हैं उनके द्वारा लोक लुभावने वादे किए जाते हैं लेकिन उसे पूरा करने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जाता है गांव से लेकर वनांचल क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण करें तो लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं वहीं दूसरी ओर केंद्र की मोदी सरकार गांव गरीब व किसानों का ख्याल रखते हुए अनेक योजनाएं लागू कर लोगो को लाभ दिलाने की दिशा मे लगातार कार्य कर रही है वही छतीसगढ की भुपेश सरकार लोगो को ठगने का कार्य रही है।

# कलेक्टर ने की शिक्षा विभाग से संबंधित निर्माण कार्यों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग से संबंधित निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने शिक्षा विभाग अंतर्गत जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की बारी-बारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा विभिन्न मदों से शिक्षा विभाग में निर्माण कार्य स्वीकृत किये गये हैं। इन निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के मापदंडों का पालन कर निर्धारित समय सीमा में पूरा करें। इसके साथ ही उन्होंने जिले के स्कूलों में आवश्यक निर्माण एवं मरम्मत कार्य के प्रस्ताव तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

## सहायक ग्रेड-3 और भृत्य की भर्ती के लिए आवेदन अब 4 दिसंबर तक

नारायणपुर। विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से जिले के विभिन्न विभागों के कार्यालय में रिक्त सहायक ग्रेड-3 और भृत्य पद की भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है तथा अब आवेदन 4 दिसम्बर तक किया जा सकता है। यह आवेदन विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड की के माध्यम से ऑनलाईन किया जा सकता है।

# एनएमडीसी के द्वारा अपोलो सुपरस्पेशालिटी मेडिकल कैम्प का आयोजन

पायनियर संवाददाता बचेली
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी बचेली कॉम्पलेक्स के द्वारा एनएमडीसी अपोलो अस्पताल, बचेली में दिनॉक 25 नवम्बर 2021 को अपोलो सुपरस्पेशालिटी मेडिकल कैम्प का आयोजन करवाया गया। इस मेडिकल कैम्प मे अपोलो अस्पताल, हैदराबाद से पधारे डॉ. रफोस डेमल जेवियर, हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. सी.वी.एस. कृष्णा तेजा, अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. रमाकान्त रेड्डी, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं डॉ. विजय करण रेड्डी, रेडियेशन आंकोलॉजिस्ट ने मरीजों का परीक्षण कर चिकित्सा परामर्श दिया जिसका एनएमडीसी के अधिकारी/कर्मचारी, आदिवासी, नगरवासी एवं दूर-दराज के ग्रामीणों ने भी लाभ प्राप्त किया। यह मेडिकल कैम्प प्रातः



9.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक एवं पुनः सायंकाल 4.00 बजे से 6.30 बजे तक आयोजित किया गया। कुछ मरीजों ने विशेषज्ञों की सलाहनुसार अपनी जाँच करवाने के पश्चात जाँच रिपोर्ट को अपोलो विशेषज्ञों को पुनः दूसरे पहर मे दिखाकर चिकित्सा परामर्श प्राप्त किया। हृदय रोग विशेषज्ञ के चिकित्सा परामर्शनुसार कुछ मरीजों का ईको परीक्षण भी किया गया एवं गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट ने कुछ मरीजों का एन्डोस्कोपि परीक्षण भी किया। दूसरे दिन दिनांक 26.11.2021 को अपोलो अस्पताल, हैदराबाद से आये विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परियोजना अस्पताल किरन्दुल में मरीजों को चिकित्सा परामर्श दिया जिसका यहाँ के सभी कर्मचारियों, आदिवासियों एवं नगरवासियों ने लाभ प्राप्त किया।

इस सुपरस्पेशालिस्ट मेडिकल कैम्प का आयोजन पी.के.मजुमदार, मुख्य महाप्रबंधक, एनएमडीसी बचेली कॉम्पलेक्स के मार्गदर्शन में हुआ एवं धर्मेन्द्र आचार्या, उपमहाप्रबंधक (कार्मिक), जी. गणपत, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) एवं अन्य अधिकारियों का पूर्ण सहयोग रहा। एनएमडीसी अपोलो अस्पताल बचेली के मुख्य चिकित्सा प्रशासक, डॉ एस. एम. हक ने बताया कि एन.एम.डी.सी., बी.आई.ओ.एम., बचेली कॉम्पलेक्स के मुख्य महाप्रबंधक महोदय ने अपोलो अस्पताल, हैदराबाद से पधारे सभी विशेषज्ञों को धन्यवाद दिया कि उन लोगों ने अपना बहुमूल्य समय निकालकर बचेली एवं किरन्दुल जैसे सुदूर क्षेत्र में आकर मरीजों को अपनी सेवा प्रदान की।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 'तोडेम पार्वती' पायतुलगुट्टा गांव में कर रही सुपोषित सुकमा के ध्येय को साकार

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com



बच्चे किसी भी समाज के विकास का आधार स्तम्भ होते हैं, स्वस्थ और सुपोषित बच्चे एक सुदृढ़ समाज का निर्माण करते हैं। जिले के सुदूर क्षेत्रों में बसे ग्रामों में नक्सल प्रभाव के कारण यह क्षेत्र वर्षो से विकास की मुख्यधारा से अलग रहे हैं। ऐसे में यहां के निवासियों को अशिक्षा, पिछड़ेपन की वजह से कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ा है। जिसमें कुपोषण एक मुख्य समस्या बनकर उभरी है। कुपोषण से इन क्षेत्रों के बच्चों में शारिरिक और मानसिक विकास अन्य सामान्य बच्चों से कम हो जाती है। ऐसे में कुछ कर्तव्य परायण शासकीय मैदानी कर्मचारियों द्वारा अपनी पूर्ण कार्यक्षमता से बच्चों को कुपोषण के कुचक्र से निकालने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी का उदाहरण कोण्टा विकासखण्ड के नक्सल प्रभावित ग्राम पायतुलगुट्टा में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता तोडेम पार्वती प्रस्तुत कर रही है।

# नवोदय विद्यालय में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का कौशल विकास सुनिश्चित करें : कलेक्टर

- कलेक्टर ने जवाहर नवोदय विद्यालय स्कूल का किया निरीक्षण
- विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से की चर्चा, गुणवत्तायुक्त अध्यापन के लिए शिक्षकों को दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जवाहर नवोदय विद्यालय पहुँच कर कक्षा छटवी में प्रवेश के संबंध में और स्कूल को सुचारू रूप से संचालन हेतु बैठक ली। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी पोषण चन्द्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी के अलावा नवोदय विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थी। कलेक्टर ने कहा कि 30 नवम्बर तक कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन लिये जा रहे हैं। सभी स्कूलों, आश्रम- छात्रावासों के बच्चों को प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र जमा कराने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा कि बच्चों की बेहतर तैयारी हेतु पूर्व वर्ष के प्रश्न पत्रों, पाठ्यक्रम व शिक्षण सामग्री उपलब्ध करायें, ताकि बच्चे इस परीक्षा के लिए तैयार हो सके। इस दौरान नवोदय विद्यालय हेतु तैयार किये जा रहे भवनव की जानकारी ली, उन्होंने कहा कि इस कार्य की प्रगति से संबंधित जानकारी से मुझे 15 दिनों के अंतराल में जानकारी दें। कलेक्टर साहू ने कहा कि स्कूल में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के साथ साथ बच्चों को अन्य गतिविधियों के साथ जोड़ा जाए, ताकि यहां अध्ययन करने वाले विद्यार्थी आदर्श और अन्य आवश्यक कार्य खुद से कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रवेश और शिक्षकों के संबंध में प्राचार्य से जानकारी ली। स्कूल भवन का निरीक्षण करते हुए कक्षा दसवीं व नवमी के विद्यार्थियों भविष्य के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी पोषण चन्द्राकर ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने स्कूल में सफाई व्यवस्था, रसोई, शौचालय, विद्युत, पेजयल आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने उपस्थित शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नवोदय विद्यालय में गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने कहा कि सभी संसाधनों का समुचित और अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाय।

# आत्मसमर्पित नक्सलियों को 15 लाख 80 हजार की प्रोत्साहन राशि

- नक्सल हिंसा में मृत/घायल/पीड़ित परिवारों को 84 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नन्दनवार द्वारा नक्सल पीड़ित व्यक्तियों/परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से पर्याप्त सुरक्षा एवं पुनर्वास संबंधी कार्ययोजना तथा नक्सली हिंसा में मृत व्यक्तियों के परिवार को ''केंद्रीय योजना'' से संबंधित प्रावधानों के तहत पीड़ितों के परिवार को आर्थिक सहायता योजना के तहत जिला स्तरीय पुर्नवास समिति के बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार नक्सल हिंसा में मृत/घायल/चल-अचल संपत्ति नुकसान के संबंध में दर्ज प्रकरणों पर 84 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

**मृतकों के परिवार को 05 लाख एवं घायल को 01 लाख-** नक्सली हिंसा में मृत व्यक्तियों के परिवार को पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसके तहत आठ परिवारों को 5-5 लाख कुल 40 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है। नक्सली हिंसा में गंभीर रूप से घायल हितग्राही वेंकट वम्शी पिता नागेश्वर राव को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

**चल-अचल संपत्ति नुकसान के लिए 27.20 लाख की राशि स्वीकृत-** नक्सलियों द्वारा जीविकोपार्जन के साधन ट्रक, टिप्पर, ट्राली, मोटर सायकल जैसे अन्य वाहनों को क्षति पहुंचाए जाने के दर्ज प्रकरणों के आधार पर 08 हितग्राहियों को तीन लाख रुपए प्रति हितग्राही, एक हितग्राही को 2 लाख एवं दो हितग्राहियों को 20-20 हजार कुल 26 लाख 40 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार नक्सलियों द्वारा घरेलू संपत्ति एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामान के लूटपाट के मामले में एक हितग्राही को 30 हजार एवं पाँच हितग्रहियों को 10-10 हजार कुल 80 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

**आत्मसमर्पित नक्सलियों को पन्द्रह लाख 80 हजार की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत-** छत्तीसगढ़ शासन गृह विभाग के निर्देशानुसार जिले के 158 आत्मसमर्पित नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से प्रति व्यक्ति दस हजार रुपए कुल 15 लाख 80 हजार की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है।

# कांग्रेसियों ने महंगाई के खिलाफ जनजागरण पदयात्रा कर सभा का आयोजन किया

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कांग्रेस कमेटी ग्रामीण बलौदाबाजार अध्यक्ष विक्रम गिरी की अगुवाई में आयोजित जनजागरण पदयात्रा में राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा, पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ,पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, सुनील माहेश्वरी, किसान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष रामविलास साहू जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हितेन्द ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, रामाधार साहू, राकेश वैष्णव,तुलसी राम वर्मा, सम्मिलित हुए ।कांग्रेस जनों द्वारा ग्राम रिसदा के गली चौराहों में ग्रामीणों से मुलाकात कर केंद्र सरकार द्वारा लगातार पेट्रोल डीजल ,रसोई गैस सहित सभी मूलभूत आवश्यकताओं की वस्तुओं के मूल्य में की जा वृद्धि की आलोचना करते हुए छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल की सरकार द्वारा गरीब किसानों मजदूरों आम जनता के लिए कल्याणकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी दी ।पदयात्रा पश्चात सभा का आयोजन कर कांग्रेसजनों ने ग्रामवासियों को संबोधित भी किया । कार्यक्रम का



संचालन प्रभारी महामंत्री गणेश शंकर साहू ने किया ।

उक्त अवसर पर उपस्थित प्रमुख कांग्रेस जनों में में लक्ष्मी नारायण वर्मा , राजा तिवारी, प्रभाकर मिश्रा, के के वर्मा , पदमेश्वरी साहू, दीपक साहू ,संतोष साहू , सुखदेव साहू,दीनदयाल साहू मोहन साहू,दिगम्बर साहू दानी राम वर्मा , प्रेमलता बंजारे, नंदकुमार धुर्व, थानुराम वर्मा, कमल, रमेश गेन्द्रे, सुखराम साहू, रुक्मिणी वर्मा, लुकेश्वरी साहू, राम खिलावन जायसवाल पिंटू वर्मा, भावेश

# छत्तीसगढ़ वरिष्ठ व्याख्याता संघ महत्वपूर्ण मांगों को लेकर स्कूल प्रमुख शिक्षा सचिव डॉ. आलोक शुक्ला से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ वरिष्ठ व्याख्याता संघ का प्रतिनिधि मंडल अपने महत्वपूर्ण मांगों को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ आलोक शुक्ला से सौजन्य भेंट कर सौहाद्र पूर्ण ढंग से आवश्यक परिचर्चा किये जिसमें प्रमुख सचिव के द्वारा हमारी मांगो पर गंभीरता पूर्वक विचार कर यथोचित निर्णय लेने की बात कहा गया द्य संघ के प्रान्ताध्यक्ष डॉ भूपेंद्र गिलहरे ने अपने प्रेस विज्ञप्ति मे बताया कि संघ का प्रमुख मांग - 22 नवम्बर 2021 को मंत्री परिषद की बैठक में सहायक शिक्षक से शिक्षक, प्राथमिक प्रधान पाठक, व्याख्याता पदों पर विभागीय पदोन्नति के लिए 5 वर्ष के अध्यापन अनुभव को वन टाइम शिथिल करते हुए 3 वर्ष किया गया है. उसी प्रकार सन् 1998 - 99 से नियुक्त व्याख्याता एल बी संवर्ग जो विगत 25 वर्षो से एक ही पद पर अध्यापन कार्य के साथ स्कूल शिक्षा विभाग के 90 प्रतिशत स्कूलों मे प्रभारी प्राचार्य के दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे है उनका भी प्राचार्य पदोन्नति प्रक्रिया में वन टाइम शिथिलता प्रदान कर प्राचार्य के पद पर पदोन्नति देने का आग्रह किया गया द्य वर्ष 2013 से वेतन निर्धारण विषंगति को दुरुस्थ कर संशोधित वेतनमान प्रदान करने साथ ही 2004 के पूर्व नियुक्त समस्त शिक्षक एल बी संवर्ग जिसमें सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता , व्यायाम



शिक्षक आदि को पुरानी पेंशन प्रदान करने की मांग प्रमुखता से रखा गया द्य संघ के प्रान्ताध्यक्ष डॉ गिलहरे ने आगे कहा कि समस्त शिक्षक एल बी संवर्ग के पदोन्नति एवं क्रमोन्नति तथा पेंशन जैसे अहम् मुद्दों पर लाभ से वंचित करने का बीड़ा नियमित व्याख्याता संघ ने उठा रखा है जिसके द्वारा हमारी प्रमुख मांगो पर आवश्यक फैसले लेने से पहले शासन को गुमराह किया जाता है द्य छत्तीसगढ़ वरिष्ठ व्याख्याता संघ ने माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलने के लिए समय माँगा है जिसमें नियमित प्राचार्य के अधीन नियमित व्याख्याताओं तथा व्याख्याता एल बी संवर्ग से बने प्रभारी प्राचार्य के अधीन व्याख्याता एल बी संवर्ग की पदस्थापना करने की मांग की जायेगी द्य क्योंकि नियमित व्याख्याता गण आज तक व्याख्याता एल बी संवर्ग को अपना छोटा भाई या सहकर्मी स्वीकार नहीं कर सका है, जबकि व्याख्याता एल बी संवर्ग ही प्रदेश के सभी हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों का जिम्मा सम्हाले हुए है द्य प्रदेश के केवल 10 प्रतिशत स्कूलों मे नियमित प्राचार्य एवं नियमित व्याख्याता प्रभारी प्राचार्य के रूप में काम कर रहे है, वहां नियमित व्याख्याताओं की संख्या 2 से 3 है जबकि प्रत्येक विद्यालयों मे व्याख्याता एल बी संवर्ग की संख्या 12 से 15 है जबकि 90 प्रतिशत स्कूलों में प्रभारी प्राचार्य एवं व्याख्याता का कार्य शत प्रतिशत व्याख्याता एल बी संवर्ग ही कर रहे हैं द्य इसके बावजूद भी नियमित व्याख्याता संघ व्याख्याता एल बी संवर्ग का घोर विरोधी बने हुए हैं, जबकि उन सभी के घरों मे उनके बेटा, बेटी, भाई, बहन, बहु, आदि सगे संबंधी कार्यरत हैं, फिर भी ऐसी मानसिकता व्याख्याता एल बी संवर्ग के प्रति रखना समझ से परे है द्य जबकि 5 मार्च 2019 को प्रकाशित स्कूल शिक्षा विभाग के राजपत्र मे स्पष्ट उल्लेखित किया गया है कि प्राचार्य के कुल पद मे से 10 प्रतिशत पद पर सीधी भर्ती से तथा 90 प्रतिशत पदों पर पदोन्नति से भरा जायेगा द्य जिसमे 90 प्रतिशत मे से 65 प्रतिशत पद मे से 70 प्रतिशत नियमित व्याख्याताओ एवं 30 प्रतिशत व्याख्याता एल बी संवर्ग से भरा जाना है द्यजिनमें 5 वर्ष का अध्यापन अनुभव वांछित है, जबकि व्याख्याता एल बी संवर्ग को 25 वर्ष का अध्यापन अनुभव होने के बाबजूद भी पदोन्नति से वंचित किया जा रहा है जिसका छत्तीसगढ़ वरिष्ठ व्याख्याता संघ पुरजोर विरोध करते हुए छ ग शासन, प्रशासन से उचित न्याय दिलाने की मांग करती हैं द्य छत्तीसगढ़ वरिष्ठ व्याख्याता संघ 5 मार्च 2019 को प्रकाशित राजपत्र मे दिये गये प्रावधानों के अनुरूप अपने जायज मांगो को लेकर शासन, प्रशासन से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बातों को बातचीत के माध्यम से हल करना चाहते हैं ।

# वृद्धा आश्रम में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बुजुर्गों को जारी हुआ विशेष हेल्थ कार्ड



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

समाज कल्याण विभाग एवं जनहित रहमत फाउंडेशन बलौदाबाजार के सहयोग से आज जिला मुख्यालय स्थित वाटिका वृद्धा आश्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से कलेक्टर सुनील कुमार जैन उपस्थित रहे। उन्होंने बुजुर्गों को विशेष हेल्थ कॉर्ड वितरित किया। हेल्थ कॉर्ड में मरीजों के रोग सम्बंधित पूरी जानकारी उपलब्ध रहेगी। केवल मरीजों का कार्ड देखकर उनके रोग एवं उपचार के बारे में जानकारी मिल जाएगी। कलेक्टर जैन ने स्वास्थ्य शिविर का विस्तार करतें हुए कहा कि क्यों ना इसमें पेंशनधारी बुजुर्गों एवं रिटायर्ड पेंशनर को भी जोड़ा जाए और प्रत्येक माह स्वास्थ्य शिविर के आयोजन करनें के निर्देश सम्बंधित विभाग को दिए है।जनहित रहमत फाउंडेशन के द्वारा निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की, समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक आशा शुक्ला, जनहित रहमत फाउंडेशन से ऋषभ सोनी समेत रायपुर से चिकित्सक डॉ जुमेर नैशर, डॉ नरेन्द्र,डॉ मुकेश जैन समेत अन्य टेक्निकल स्टाफ उपस्थित थे।

# नल जल योजना के तहत पाइप लाइन और बोर खनन की भूमि पूजन



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

विधानसभा के ग्राम निपानिया में लाखों रुपए की लागत से बनने वाली नल जल योजना के तहत पाइप लाइन और बोर खनन की भूमि पूजन करने पहुंची जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर साथ में जरहागांव सरपंच मीना वर्मा, निपानिया सरपंच कामता रावत, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष नरेंद्र ब्रह्मणकर, सेवादल तीरथ वर्मा गांव के उप सरपंच पंचगण और काफी संख्या में और ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष ने सरकार की पंचायती राज की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देकर सरकार का आभार व्यक्त किया।

# अनिश्चितकालीन आंदोलन में समर्थन के लिए धान खरीदी ऑपरेटर द्वारा ज्ञापन सौंपा गया



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

धान उपार्जन केंद्र में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटरों की नियुक्ति 9 माह से बढ़ाकर 12 माह कर संविदा वेतनमान देने तथा खरीदी केंद्रों में कार्यरत आपरेटरों को वरिष्ठ कर्मचारी मानने इत्यादि विषय पर धान खरीदी ऑपरेटर संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के आव्हान पर अनिश्चितकालीन आंदोलन में समर्थन हेतु शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जिला रायपुर शाखा निपनिया भाटापारा के धान खरीदी ऑपरेटर द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने वाले कर्मचारियों में अनिता साहू, अशोक बांधे, सुनील पाटकर, प्रकाश वर्मा, राजेश फेकर, संतोष साहु, अमित गिरी गोस्वामी,भुनेश्वर साहू आदि शामिल रहे।

## मुनि महाराज ने बलौदाबाजार आने का निमंत्रण स्वीकारा

**बलौदा बाजार।** जैन समाज के सभी वर्गों के लगभग 25-26 लोगों ने मुनि सुयश सागर महाराज जी एवं सद्भाव सागर महाराज जी का जिंदल कॉलोनी, रायगढ़ जाकर उनके दर्शन प्राप्त दल बाजार में जैन समाज का मंदिर बनाने हेतु उन्हें बलूजा आने का निमंत्रण दिया जिसे मुनि महाराज ने अपनी स्वीकृति दे दिए। समाज के सभी लोगों ने बहुत ही उत्साह पूर्वक उनके आहार दर्शन किया एवं प्रवचन का लाभ लिया । मुनि से समाज के सभी लोगों द्वारा उनके सानिध्य में मंदिर निर्माण कराने का आग्रह किया जिसे महाराज जी ने स्वीकार कर बिलासपुर प्रवास के बाद ब.बा.आने की स्वीकृति दी है, जिससे समाज में हर्ष का माहौल है ।

# चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

सुरेश सोनवानी पिता हरिराम सोनवानी उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम गाड़ाडीह ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15 सितंबर 2021 के दरमियानी रात्रि अज्ञात आरोपी घर अंदर प्रवेश कर अलमारी में रखे सोने एवं चांदी के आभूषण ,नगदी रकम ?7000 व विवो कंपनी का मोबाइल जुमला कीमती ?29000 को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 445/2021 धारा 457, 380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में माल मुलजिम के तलाश दौरान तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी देव कुमार बंजारे पिता फत्ते लाल बंजारे उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम पचेड़ा



थाना विधानसभा रायपुर जिला रायपुर को अभिरक्षा में लेकर मनोवैज्ञानिक ढंग से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करते हुए चोरी किए सोने चांदी के आभूषण एवं मोबाइल सिम को पेस करने पर गवाहों के समक्ष वजह सबूत में जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया।

## पेंशनर संघ का मासिक बैठक 6 दिसम्बर को आयोजित

**बलौदाबाजार।** छ.ग.पेंशनधारी कल्याण संघ शाखा बलौदाबाजार का मासिक बैठक 5 दिसम्बर रविवार होने के कारण 6 दिसम्बर दिन सोमवार को आयोजित किया गया है, जो सामुदायिक भवन नया बस स्टैण्ड गौरव पथ में रखा गया है, जिसमें समस्द पेंशनर साथियों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। सभी पेंशनर साथियों को सूचित किया जाता है कि अपना जीवन प्रमाण पत्र (लाईफ सर्टिफिकेट) 2 दिसम्बर तक अपने बैंक शाखा में अनिवार्य रूप से जमा कर देवें ताकि पेंशन राशि मिलने में आपको किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। उक्त जानकारी जे.पी.धुरन्धर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया।

# किड्स स्पोर्ट्स क्लब सूरजपुरा में 30 खिलाड़ियों को किट वितरण किया गया

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



किड्स स्पोर्ट्स क्लब ग्राम सूरजपुरा में 30 खिलाड़ियों को किट वितरण किया गया जिसमें अतिथि के रूप में संतोष शर्मा करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत भाटापारा, अमरजीत सलूजा छत्तीसगढ़ सिख संगठन कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, सुशीला वर्मा शिक्षिका मिडिल स्कूल सूरजपुरा, बलराम साहू सचिव ग्राम सूरजपुरा, मनहरण वर्मा, प्रेमनारायण यदु उपस्थित थे। संतोष शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया तथा खिलाड़ियों को खेल में आने वाली समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने और हर संभव मदद की बात कही। उक्त अवसर पर किड्स स्पोर्ट्स क्लब के संचालक गनेशु पाल, सदस्य भीषम वर्मा, शुभम तिवारी, अजय साहू, अजय वर्मा, अभिषेक वर्मा, मयंक शर्मा, सुनील वर्मा आदि उपस्थित थे।

## स्कूल एवं कॉलेजों के विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

# सब्जी एवं व्यजनों में दिखी आजादी के अमृत महोत्सव की झलक

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

आजादी के 75 वी वर्षगांठ के मौके पर पूरे देश एवं प्रदेश में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस तारतम्य में जिला प्रशासन द्वारा नगर स्थित डी के महाविद्यालय मे जिला स्तरीय विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं स्व सहायता समूहों के महिलाओं के बीच सलाद सज्जा व व्यजनों जैसे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा,छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु,कलेक्टर सुनील कुमार जैन, जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर,जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की, आईएएस प्रतिष्ठा ममगाई समेत अन्य जनप्रतिनिधि गण







उपस्थित थे। सुरेंद्र शर्मा जी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करतें हुए उन्होंने आजादी के महत्व एवं उनके इतिहास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आजादी के कुबानी को ही याद करना ही अमृत महोत्सव है। इसी तरह छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने छात्र छात्राओं को आजादी के अमृत महोत्सव में प्रगतिमय एवं सुखमय भारत की विचारों के बारे में बताया। उन्होंने आगें कहा आज की आजादी ना जाने कितने युवाओं की बलिदानों की कहानी है। उन सभी के अमूल्य योगदान के हम कर्जदार है। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देतें हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की ने बताया कि आज देश भक्ति थीम पर स्कूलों एवं कॉलेजों के विकासखण्ड से आये हुए चयनित प्रतिभागी समूहों के बीच सामुहिक नृत्य,नाटक, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा सब्जी एवं व्यजनों की आज सज्जा कर आजादी के अमृत महोत्सव की झलक दिखाने की कोशिश की गयी। बिहान द्वारा महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा गौठानों में बने उत्पादों का प्रदर्शनी एवं विक्रय किया गया। इस दौरान महिला बाल विकास एवं पंचायत विभाग की महिला समूहों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सी एल ध्रुव,डी के कॉलेज के प्राचार्य अशोक उपाध्याय कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग एल आर कच्छप समेत अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

**प्रतियोगिता का परिणाम-** स्कूल स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहतरा कसडोल,द्वितीय पंचम दिवान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा नृत्य नाटिका प्रतियोगिता में प्रथम गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल बलौदाबाजार, दूसरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहतरा कसडोल को उसी तरह महाविद्यालय स्तर में दोनों प्रतियोगिता दोनों स्थान पर में डी के महाविद्यालय बलौदाबाजार ने बाजी मारी।

# आजादी का अमृत महोत्सव के 75वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया

शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोतर महाविद्यालय , बलौदाबाजार में 27 नवंबर शनिवार को आजादी का अमृत महोत्सव के 75वीं वर्षगांठ धूमधाम के साथ मनाते हुए जिला स्तरीय महाविद्यालयीन एवं स्कूल स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बलौदाबाजार महाविद्यालय के अलावा जिले के अन्य शासकीय एवं निजी महाविद्यालय एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी सहित छ.ग. कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यद्दु, जिलाधीश सुनील जैन, सीईओ जिलापंचायत डॉ मरिया आलम सिद्धिकी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस. ध्रुव, सहायक संचालक बी.आर. पटेल, एसडीएम बलौदाबाजार प्रतिष्ठा मंगोई उपस्थित थे। इस अवसर पर गुरूकुल हा.से. स्कूल बलौदाबाजार,



पंचम कन्या उ.मा. वि. भाटापारा, शा. मोहतरा स्कूल कसडोल वि.खं., शा. डी.के. महाविद्यालय बलौदाबाजार, लोटस पब्लिक स्कूल भटगांव के प्रतिभागियों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य व नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें विद्यालय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान शा.उ.मा. विद्यालय मोहतरा (कसडोल), द्वितीय स्थान पंचम दीवान शा.क.उ.मा. विद्यालय भाटापारा, नृत्य नाटिका कार्यक्रम का परिणाम प्रथम स्थान गुरूकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल बलौदाबाजार, द्वितीय स्थान शा.उ.मा. विद्यालय मोहतरा (कसडोल) ने प्राप्त किया। महाविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान शा. डी.के. महाविद्यालय बलौदाबाजार के एन.एस.एस ग्रुप, नृत्य नाटिका कार्यक्रम में प्रथम स्थान शा. डी.के. महाविद्यालय बलौदाबाजार के एन.सी सी. ग्रुप को प्राप्त हुआ।

# संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जांजगीर के समाजसेवी अमर सुल्तानिया

## आदर्श शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कीरीत के कार्यक्रम में पहुंचे अमर, बच्चों को दी संविधान की जानकारी

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



संविधान दिवस के अवसर पर आदर्श शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरीत के सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया एवं विशिष्ट अतिथि छतराम देवांगन शिक्षक, सत्यम चन्द्रा जेल अधीक्षक, छत्रपाल चन्द्रा सीएफ जितेन्द्र चन्द्रा पैरा कमांडो, डोरेश साहू भारतीय सैनिक, सुनील पाण्डेय उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारतमाता की पूजा तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर, पुष्पमाला चढ़ाकर नारियल फोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने कहा कि हमारा संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ। संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के 125 वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में मनाया गया तथा 26 नवम्बर 2015 से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जा रहा हैं,एवं सुल्तानिया जी ने कहा कि हम सभी को गीता की तरह संविधान का भी सम्मान करना चाहिए एवं हर व्यक्ति को संविधान का पालन करना चाहिए। साथ ही विद्यार्थियो के बीच इस प्रकार के आयोजन से व्यक्तित्व विकास एवं शारीरिक विकास होता हैं, कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की प्रतिभाएं निखरकर कर सामने आती हैं, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चो का आत्मविश्वास बढ़ता उनमें उत्साह, आत्मनिर्भरता आती हैं एवं बच्चो का सर्वांगिन विकास होता हैं, कार्यक्रम के आयोजन पर विद्यालय के सभी शिक्षको को एवं बच्चो को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सभी बच्चों को चाकलेट खिलाकर मुंह मिठा कराया गया,आदर्श शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरीत द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें रंगोली प्रतियोगिता, खोखो, कबड्डी, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, गुब्बारा फुलाना, मोमबत्ती प्रतियोगिता कराया गया। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकगण डी.डी. पड़वार प्राचार्य, डी.पी. साहू, अक्षय चन्द्रा, उतरी पटेल, दिलीप चन्द्रा, अशोक महंत, लकेश्वर चन्द्रा, रवि चन्द्रा, राहुल चन्द्राकर, आलोक चन्द्रा, ओमप्रकाश चन्द्रा, डालेश्वर चन्द्रा, अमरनाथ मिलन एवं सहयोगकर्ता देवेन्द्र चन्द्रा संदिप साहू सुशील चन्द्रा का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से हितेश साहू, डिगेश मनहर, अनुराग केशरवानी, लखन कुर्रे, दिपक दिवाकर, निखिल कश्यप, निकेश, विकास, सुनील, शाहिद, खगेश साहू, राहुल कश्यप सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# नए वर्ष में राजधानी रायपुर के अग्रसेन धाम में होगा 3100 दादी भक्त महिलाओं का भव्य महा मंगल पाठ

■ नारायणी सेवा धाम सेवा समिति चांपा के मार्गदर्शन में होगा चार दिवसीय महा महोत्सव

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

श्री नारायणी धाम सेवा समिति चांपा जिला- जांजगीर चांपा के मार्गदर्शन में 31 दिसंबर 2021 एवं 1,2,3 जनवरी 2022 को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के अग्रसेन धाम जी ई रोड फुंड़हर में 3100 प्लस महा मंगल पाठ का आयोजन किया गया है, तथा उपरोक्त आयोजन को लेकर जहां पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों के दादी भक्त तैयारियों में जुटे हुए हैं, तो वही इस महा मंगल पाठ महोत्सव में देश के प्रसिद्ध मंगल पाठ, भजन गायक सौरभ मधुकर कोलकाता अपनी प्रस्तुति देंगे।

31 दिसंबर को सुबह 9:00 बजे से राजसिय विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, तो वहीं इस चार दिवसीय आयोजन में सवा करोड़ फूलों का अखंड महाअभिषेक, मेहंदी उत्सव, दादी का भव्य दरबार, दादी का अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग उत्सव एवं 3100 दादी भक्त महिलाओं का एक ही श्रृंगार में महा मंगल पाठ का आयोजन होगा, तो वहीं इस आयोजन का दिव्य चैनल पर सीधा प्रसारण भी किया जाएगा, आयोजन को सफल बनाने हेतु नारायणी धाम सेवा समिति चांपा के सभी दादी भक्तों ने लोगों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक इस आयोजन में अपनी सहभागिता करें एवं अन्य दादी भक्तों को भी इसकी जानकारी प्रदान करें वही रायपुर की प्रीति अग्रवाल, संध्या




अग्रवाल, रेनू पोद्दार, सुनीता पोद्दार, वंदना अग्रवाल, पार्वती शर्मा, मोना अग्रवाल, निधि सरावगी ने सभी दादी भक्तों महिलाओं से इस महामंगल पाठ के पुनीत आयोजन में अवश्य शामिल होने की अपील की है, वहीं आयोजन समिति द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर इस भव्य महा मंगल पाठ का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

दादी वक्त महिलाओं में भी इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है तथा कार्यक्रम स्थल को भी आकर्षक ढंग से सुसज्जित किया जाएगा एवं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु नारायणी धाम सेवा समिति चांपा सहित राजधानी रायपुर के भी दादी भक्त निरंतर प्रदेश के विभिन्न शहरों में प्रवास कर दादी भक्तों को आमंत्रित कर रहे हैं,साथ ही रायपुर की समाज सेविका एवं दादी भक्त प्रीति अग्रवाल ने बताया कि विश्व के इतिहास में यह पहली बार होगा जब दादी जी का सवा करोड़ फूलों से महा अभिषेक अखंड महा अभिषेक किया जाएगा।

# स्काउट्स एवं गाइड्स द्वितीय एवं तृतीय सोपान प्रशिक्षण व जाँच शिविर 1 से कुटेला स्कूल में

**सरायपाली।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ का विकास खंड स्तरीय स्काउट गाइड द्वितीय एवं तृतीय सोपान प्रशिक्षण व जांच शिविर का आयोजन आगामी 1 से 4 दिसंबर तक स्थानीय आई ई एम बी एच हायर सेकेंडरी स्कूल कुटेला में किया जा रहा है. 1 दिसंबर को दोपहर 3 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष अमृतलाल पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं जिला पंचायत सभापति गीता रतन बंजारे की अध्यक्षता में होगा. विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच मनोज पटेल, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ नायक व रामदयाल पटेल एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरायपाली ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल उपस्थित रहेंगे. 2 दिसंबर को प्रातः 7 बजे शिविर ज्वाल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल करेंगे. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कैलाश पटेल अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, उपाध्यक्षगण स्काउट गाइड संघ सरायपाली पुरुषोत्तम अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल एवं जनाब खान उपस्थित रहेंगे. वहीं 3 दिसंबर को शाम 6:30 बजे विधायक किस्मत लाल नंद के मुख्य आतिथ्य में महा शिविर ज्वाल का आयोजन होगा. कार्यक्रम की अध्यक्षता दाऊ लाल चंद्राकर अध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ महासमुंद करेंगे. अन्य अतिथियों में ऐतराम साहू जिला मुख्य आयुक्त स्काउट गाइड संघ, लक्ष्मण पटेल उपाध्यक्ष स्काउट गाइड जिला संघ, धर्मशिला दास उपाध्यक्ष स्काउट गाइड जिला संघ, अवधेश अग्रवाल संरक्षक स्काउट गाइड संघ सरायपाली, प्रदीप कुमार गुप्ता संरक्षक स्काउट गाइड संघ सरायपाली एवं महेंद्र बाघ उपाध्यक्ष स्काउट गाइड संघ सरायपाली उपस्थित रहेंगे. 4 दिसंबर शनिवार को प्रातः 11 बजे से कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान सभा शक्ति ने प्रधानमंत्री मोदी के नाम एसडीएम शक्ति को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान सभा शाखा सक्ती द्वारा किसान आंदोलन के 1 वर्ष पूरे होने पर एक दिवसीय धरना आंदोलन कर प्रधानमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती रेना जमील को मांग पत्र सौंपा गया,छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान सभा के धरना आंदोलन में उपस्थित साथियों को संबोधित करते हुए कामरेड अनिल शर्मा ने कहा कि किसानों के आंदोलन से आखिर प्रधानमंत्री को झुकना पड़ा है और 3 नए कृषि कानून वापस लेने की घोषणा से देश के किसान संतुष्ट नहीं है कामरेड़ शर्मा ने बताया कि किसानों के ऊपज को समर्थन मूल्य पर खरीदने की गारंटी का कानून और ष्ट- 2 प्लस आधार पर किसानों के सभी फसलों के लागत का डेढ़ गुना दाम तय नहीं होगा तब तक किसानों का आंदोलन जारी रहेगा जिसे



छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान सभा का समर्थन भी जारी रहेगा धरना आंदोलन में उपस्थित जोगी कांग्रेस के नेता अर्जुन राठौर ने कहा कि किसान संगठित होकर अपनी मांग पूरा करा सकता है यह इस किसान आंदोलन ने बता दिया धरना को कामरेड चैतराम वारे, सी.एल राठौर में भी संबोधित किया आंदोलन में राजाभाठा लवसरा से भागीरथी कुर्रे ,कन्हैया कुर्रे , संतोष , श्यामलाल , घोघरा से श्रीचंद सबरिया , श्याम लाल , बोरदा से रामप्रसाद सिदार , डड़ाई से आत्माराम मन्नेवार सलिहाभाठा से नवरतन कंवर , सक्ती से गोपाल यादव, साखीराम बरेठ आदि अनेक किसान उपस्थित थे।

# कोरोनाकाल में सराहनीय कार्य करने वाले बसना के 250 मितानिनों का सम्पत ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◀ बसना
www.dailypioneer.com



मितानिन सम्मान कार्यक्रम नीलांचल भवन बसना में रविवार को बसना क्षेत्र के 250 मितानिनों को नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सम्पत अग्रवाल ने साल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। अग्रवाल ने कहा मितानिनों की मेहनत का नतीजा है कि कोरोना का लहर में अब गांवों में नही के बराबर है। गांव से लेकर शहर तक स्वास्थ्यगत सरोकार के साथ मितानिन हर घर तक पहुंचती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिन स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार का सशक्त माध्यम बनी हुई हैं, जिसके सकारात्मक नतीजे लगातार देखने को मिल रहे हैं. मितानिन सेवाभावी माता और बहने है, जो प्रत्येक परिवार के स्वास्थ्य के बारे में पूरी जानकारी लेती हैं। सामान्य टीके व पोषण से संबंधित कार्यक्रम के साथ-साथ कोविड संक्रमण के दौर में भी प्रमुख योगदान देती आई हैं। साथ ही सुरक्षित गर्भपात, महिला हिंसा रोकने, पोषण व खाद्य सुरक्षा, बच्चों का विकास, महिलाओं के अधिकार, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना सहित अन्य कार्यो को भी निस्वार्थ भाव से करती है. इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र साहू, विधिक सलाहकार शीत गुप्ता, मीडिया सलाहकार जर्नलिस्ट प्रकाश सिन्हा, मोनिका मैथ्यु, समन्वयक विनोद कुमार पांडे, संतोषी नायक, आहिल्या साव, संतोषी साव, सौदामिनी प्रधान, सुकांती साव, कृष्णा सिदार, पदमा दास, किशोरी दल्लाय, कल्याणी त्रिपाठी, कस्तुरी सोना समेत सैकड़ो मितानिन सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए। मितानिनों को 5 हज़ार मानदेय देने की मांग करेंगे सम्पत अग्रवाल सरकार को मितानिनों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए मानदेय बढ़ाना चाहिए।

# महंगाई से पूरे देश की जनता है परेशान : जयसिंह अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

महंगाई से पूरे देश की जनता त्रस्त हो चुकी है, तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस की भूपेश बघेल के नेतृत्व में चल रही सरकार ने प्रदेश में सर्व कल्याण के लिये कार्य किया है तो वही शक्ति को नए जिले का दर्जा मिलने से आने वाले दिनों में यह जिला विकास के मामले में अग्रणी स्थान पर रहेगा, उक्त आशय की बातें छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व पुनर्वास एवं जांजगीर-चांपा जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने 27 नवंबर को कांग्रेस की चल रही जन जागरण पदयात्रा के दौरान शक्ति शहर आगमन पर स्थानीय अग्रसेन चौक में आयोजित एक विशाल आम सभा को संबोधित करते हुए कही,प्रभारी



मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं उनका काफिला अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से करीब 2 घंटे विलंब से पहुंचा, किंतु इसके बावजूद शक्ति विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तथा महिलाओं ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर प्रभारी मंत्री एवं कांग्रेस नेताओं का आत्मीय स्वागत किया, सर्वप्रथम प्रभारी मंत्री शक्ति शहर के हटरी चौक पहुंचे जहां परशुराम चौक में भगवान परशुराम जी की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण किया, तत्पश्चात हटरी चौक में आयोजित एक भव्य समारोह में मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के अध्यक्ष मनीष कथूरिया के नेतृत्व में प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल का शाल- श्रीफल भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया।

# नगर पंचायत जैजैपुर में 30 नवंबर से फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत जैजैपुर में प्रथम वर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है । यह प्रतियोगिता का आयोजन फुटबॉल क्लब जैजैपुर के तत्वधान में नगर पंचायत जैजैपुर में प्रथम बार फुटबॉल प्रेमियों के लिए आयोजन रखा गया है ,यह प्रतियोगिता इमलीभांठा जैजैपुर के मैदान में खेला जाएगा ।

जिसमें प्रथम पुरस्कार 21000रूपये एवं पुरस्कार 11000 रुपये रखा गया है। फुटबॉल में प्रवेश शुल्क 1100 रूपये है जिन का उद्घाटन 30 नवंबर एवं समापन 3 दिसंबर 2021 को किया जाएगा । फुटबॉल आयोजन समिति ने बताया कि ,यह



प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय टीमों के अनुसार मैच खेला जाएगा ।

इस मैच का द्वितीय पुरस्कार अखिलेश स्वर्णकार के द्वारा प्रदान किया जा रहा है । फुटबॉल प्रेमी डॉक्टर पटेल ,सचिन सिंह ,राजू साहू, मयंक चंद्रा एवं साजिद खान एल्डरमेन से संपर्क कर सकते हैं। आयोजन समिति ने दशकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर फुटबॉल खिलाड़ियों के हौसला को बुलंद करने का आह्वान किया है । जैजैपुर क्षेत्र हमेशा सुर्खियों में रहता है चाहे वह पढ़ाई के क्षेत्र हो ,खेल के क्षेत्र हो या सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हमेशा अपना स्थान अग्रणी बनाये रखता है । उसी को देखते हुए इस वर्ष जैजैपुर के फुटबॉल प्रेमियों ने प्रथम बार फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन रखा है। जिसमें अधिक से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले । इस कार्यक्रम को सफल बना कर नगर पंचायत जैजैपुर का नाम पुनः रोशन करे।

# ऋण लेकर हितग्राही बेनेंगे आत्मनिर्भर संसदीय सचिव बंजारे

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिला प्रशासन व बेमेतरा जिले के लीड बैंक के संयुक्त तत्वाधान मे जिले के समस्त बैंकों द्वारा जिला स्तरीय मेगा लोन मेला कार्यक्रम का आयोजन बेमेतरा शहर के टाउन हॉल मे आज रविवार को आयोजित किया गया। जिसमें हितग्राहियों को 104 करोड़ रूपये स्वीकृत कर ऋण वितरण की कार्यवाही की गई। मेगा लोन मेला में संसदीय सचिव व विधायक नवगढ़ गुरुदयाल बन्जारे, विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा, कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान, नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू द्वारा हितग्राहियों को ऋण का चेक वितररित किया गया। संसदीय सचिव बंजारे ने जिला स्तरीय मेगा लोन मेला आयोजन के लिए जिला प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि ऋण लेकर हितग्राही आत्मनिर्भर बनेंगे और अपने समूह को भी मजबूती प्रदान करेंगे। श्री बंजारे ने यह भी अपील की है कि ऋण की किश्त समय-समय पर अदा करें, ताकि दोबारा लोन लेने में आसानी हो सके। प्रदेश सरकार ने अपनी घोषणा के अनुरूप चिटफंड कंपनियों से रकम वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। संसदीय सचिव ने आम लोगो से अपने मेहनत की गाड़ी कमाई को चिटफण्ड कंपनियों के बजाय किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा पोस्ट ऑफिस में जमा करने का आव्हान किया।

विधायक बेमेतरा छाबड़ा ने कहा कि जिला स्तरीय मेगा लोन मेला आयोजित कर 104 करोड़ रूपये का लोन प्रदाय किया जा रहा है। इस लोन मेला के जरिए महिला स्व-सहायता समूह की बहनें शामिल होने बड़ी संख्या में आई है। ऋण लेकर वे अपने समूह को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगी। विधायक ने यह भी कहा कि प्रायवेट चिटफंड कंपनियों के झांसे में आकर अधिक ब्याज के लालच में आकर बेमेतरा जिले के भोले भाले लोगों का 418 करोड़ रूपये जमा है। उन्होंने ऐसे चिटफंड कंपनियों के प्रलोभन से दूर रहने की अपील की है। कलेक्टर भोसकर ने कहा कि सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं जैसे स्व सहायता समूह के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, गृह ऋण, वाहन ऋण, प्रापर्टी ऋण एवं और कृषि विभाग से संबंधित मछली पालन, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, स्टैंड अप इंडिया, अंत्योदय एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना, डेयरी के अन्तर्गत किसान क्रेडिट कार्ड के ऋण प्रकरणों का त्वरित निपटान (स्वीकृति/वितरण) किया गया है। मेगा लोन मेला के जरिए एक ही छत के नीचे जिले के विभिन्न हितग्राही मूलक योजना क्रियान्वित करने वाले विभाग एवं बैंकर्स ऋण स्वीकृति की कार्यवाही कर लोन का वितरण किया गया। जिलाधीश ने परिवार में माता को सबसे बड़ी अर्थशास्त्री की भूमिका के रूप में निरूपित किया। माँ ही बचत के महत्व को समझती है। इसी प्रकार स्व-सहायता समूह की बहनों को अजीविका ऋण स्वीकृत किया गया है। लीड बैंक मैनेजर संतोष आयाम ने जिला स्तरीय मेगा लोन मेला के संबंध में प्रकाश डाला। साथ ही बैंकों द्वारा मध्यम श्रेणी के उद्यम से संबंधित उद्यमिता की जानकारी भी प्रदान की गई।

## संविधान दिवस पर सक्ती अंचल में निकली भव्य शोभायात्रा व मोटरसाइकिल रैली

# संविधान दिवस पर गोंडवाना भवन में एसडीएम सुश्री रेन जमील ने समझाया मौलिक अधिकार व कर्तव्य

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

गांवों में रोल माडल्स की कमी है। पूरा के पूरा गांव एक ही प्रकार के कामों में लगा हुआ है। गांवों में लाईब्रेरी नहीं हैं , बच्चों के समुचित विकास के लिए खेल के मैदान भी नहीं हैं। सोचिए ये सब गांवों में खुल जाएं तो बच्चों को कितना लाभ होगा। आप अपने समाज को बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण पिलर हैं। आपका दिमाग आपके बच्चों का, परिवार का , तथा देश व समाज के विकास कैसे हो इस पर केन्द्रित होने चाहिए ताकि उसके मुताबिक कार्य किआ जा सके। उक्त बातें सक्ती एसडीएम आईएएस रेना जमील ने गोंडवाना भवन




कंचनपुर में कही। वे संविधान दिवस के मौके पर 26 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थी। इस दौरान सक्ती एसडीएम नें संविधान की आर्टिकल 14 व 15 का जिक्र करते हुए इसके तहत मिले आधिकारों तथा मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों को भी समझाते इसके प्रति हमारे दायित्वों के प्रेरित किया।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि व सक्ती नगरपालिका अध्यक्ष सुषमा जायसवाल ने कहा कि हमारे नेताओं के संघर्षो के बदौलत आजादी तो मिली लेकिन आजादी के बाद देश को चलाने के लिए हमें अपार शक्ति व ऊर्जा चाहिए थी जो कि हमें बाबा साहब डा. अंबेडकर से हमें मिली है। उन्होने हम सबके लिए ऐसे कानूनों का निर्माण किया जिनके सहारे देश आज विकास के पथ पर अग्रसर है। विशिष्ट अतिथि जेलर सतीश चंद्र भार्गव उप जेल सक्ती ने कहा भारत का संविधान निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ व बेमिसाल है। बाबा साहब ने इसमें सभी महान संतों गुरूओं के विचारों को जगह देते हुए इसका निर्माण किया है। जिसके बदौलत हमें समतामूलक न्यायप्रिय संविधान प्राप्त हुआ है।

इस मौके पर कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि सर्जन डा. अनिल जगत, पशु शल्यज्ञ डा. एस.एस. सिदार, नगरदा टीआई सहित मंचासीन अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अन्य मंचस्थ अतिथियों में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल, सतनामी समाज सक्ती अध्यक्ष डा. विजय लहरे भी उपस्थित रहे समुंद सिदार, विजय सिंह राज भी शामिल रहे । इस मौके पर सभी अतिथियों को आशीष सांडे व मनीराम सांडे के द्वारा सभी अतिथियों को भारतीय संविधान की प्रतियां भी ससम्मान भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन देव भारद्वाज ने तो आभार प्रदर्शन डा. विजय लहरे ने किया,संविधान दिवस पर निकली विशाल मोटर साईकिल रैली व शोभायात्रा--अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, तथा अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा संविधान दिवस के मौके पर भव्य शोभायात्रा व मोटरसाइकिल रैली भी लोगों द्वारा निकाली गई।

## डॉक टॉक



**डॉ. सुवर्णा**
सलाहकार नियोनेटोलॉजिस्ट
रोजवॉक अस्पताल

# पालन-पोषण की मास्टर कला



**इससे** पहले कि आपका शिशु बोल सके, वह भूख या पेट भरे होने के लक्षण दिखाएगा। अपने बच्चे के भूख के लक्षणों को समझना महत्वपूर्ण है ताकि आप उसे उस वक्त भी स्तनपान करा सकें जब वह शांत दिखता हो। इस तकनीक को रेस्पॉन्सिव फीडिंग कहा जाता है।

यहां, आपको ऐसे किसी भी संकेत पर ध्यान देना चाहिए जो आपका शिशु दे सकता है और उसे तुरंत जवाब देना चाहिए। इस तरह के फीडिंग में आप बच्चे को सही ढंग से दूध पिलाती हैं और पिलाना बंद कर सकती है जब वह उनका पेट भर जाए। बच्चे के समग्र विकास व पोषण के लिए रेसपॉन्सिव फीडिंग या प्रतिक्रियाशील आहार बहुत महत्वपूर्ण है। आपको यहां केवल प्रदान करना है और बाकी, आपका बच्चा तय करेगा। भूख के किसी भी संकेत पर हमेशा नजर रखें। शिशुओं के पास अधिक सक्रिय या सतर्क होकर या जब वे अपनी आंखें खुली रखने की कोशिश करते हैं, तो यह आपको बताने का उनका अपना तरीका होता है। कुछ अन्य लक्षण हैं जब वे अपने हाथों को मुंह पर रखते हैं, अपने सिर को स्तन की ओर मोड़ते हैं, हाथों को मुंह और छाती की ओर अधिक खींचते हैं या जब आप उन्हें दूध पिलाने में देरी होने पर रोते हुए देखते हैं। रोता हुआ हर बच्चा भूखा नहीं रहता और जरूरी नहीं कि हर भूखा बच्चा रोए। हर बार जब बच्चा होठ मारता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि बच्चा भूखा है। इसे पिछले स्तनपान और बच्चे के मूत्र उत्पादन के बीच के अंतराल के साथ सहसंबद्ध होना चाहिए। बच्चे में इस तरह की कार्रवाई, तुरंत या पिछले स्तनपान के डेढ़ घंटे के भीतर, अच्छे मूत्र उत्पादन के साथ, भूख को खत्म करती है। तभी इसे नजरअंदाज करना होगा।

### संकेत, कि बच्चे का पेट भरा हुआ है

जब पेट भर जाता है, तो बच्चा आसानी से विचलित हो जाता है और अपना सिर स्तन से मोड़ लेता है। वे अपना मुंह भी बंद कर लेते हैं, अक्सर मुंह खोलते हैं, और चूसते समय धीमे हो जाते हैं। सबसे आम संकेत यह है कि वे अपने हाथों को आराम देते हैं, अपनी उंगलियां खोलते हैं, और फिर थूकने की कोशिश करते हैं। इसलिए इन संकेतों पर हमेशा नजर रखें।

### मिथक : बच्चा भूखा है, स्तनपान अपर्याप्त है।

**हकीकत : बच्चे के रोने की आखिरी वजह है भूख**

ज्यादातर माताएं इस बात को लेकर असमंजस में रहती हैं कि जब उन्हें भूख नहीं है तो उनका बच्चा क्यों रो रहा है क्योंकि भूख बच्चे के रोने का आखिरी कारण होता है। लेकिन और भी कई कारण होते हैं जिनकी वजह से आपका बच्चा रोना शुरू कर सकता है। कुछ बच्चे बॉडी टच चाहते हैं, और वे चाहते हैं कि उनके माता-पिता उन्हें उठाएं। कभी-कभी असहज कपड़े या बहुत ज्यादा कपड़ों में लिपटा देना और गीले या गंदे डायपर रोने का कारण बन सकते हैं। जुकाम के दौरान सबसे आम कारण हैं। पलकों का झड़ना ज्यादातर आंखों में जलन पैदा करता है, या हो सकता है कि यह शिशु का पेट का दर्द हो।

### जब बच्चा रोए तो क्या करें?

माता-पिता होने के दौरान के सबसे सामान्य प्रश्नों में से एक यह है कि जब बच्चा रोता है तो क्या करना चाहिए? आपको अलग-अलग उत्तर मिल सकते हैं, याद रखें, आपके बच्चे के साथ सब कुछ पूरी तरह से ठीक है। इसलिए जब आपका शिशु रोए तो घबराएं नहीं और गहरी सांस लें। कभी-कभी उन्हें ध्यान और प्यार की जरूरत होती है। आपका बच्चा भी नींद की कमी, शोर के कारण रो रहा होगा, बस आराम करें और असली जवाब खोजने की कोशिश करें। एक बच्चा जो बीच बीच में रोने के दौरान ठीक रहता है, अच्छी तरह से फलता-फूलता है, और शारीरिक जांच में कोई स्थानीय असामान्यता नहीं होती है, तो उसका आगे मूल्यांकन की आवश्यकता नहीं है। यदि आपका बच्चा बिना किसी कारण के रो रहा है, तो अपने बच्चे को त्वचा से त्वचा का पर्याप्त संपर्क दें और मां या परिवार के किसी सदस्य के साथ कंगारू देखभाल का अभ्यास करें। उसके बाद, बच्चे को ठीक से कपड़े पहनाना सीखें। बच्चे को बहुत कसकर न बांधें और आसपास के तापमान को ज्यादा गरम करने की कोशिश करें। गंदे नैपी को चेक करते रहें और स्किन केयर हाइजीन का अभ्यास करें। बंद नाक को साफ करने के लिए सेलाइन नेजल ड्रॉप्स का इस्तेमाल करें। अगर आपको लगता है कि आपका शिशु कहीं से गिर गया है, तो जांच लें कि कहीं कोई चोट तो नहीं लगी है। कोलिक निदान नहीं है। यह एक नैदानिक स्थिति है। यदि आवश्यक हो तो कृपया चिकित्सक से परामर्श लें। इसके लिए किसी भी घरेलू उपचार या हर्बल तैयारियों का प्रयोग न करें।

**अभ्यास मोती**

किसी भी बच्चे को रोने से रोकने की कोई दवा नहीं है। बोतल से दूध पिलाना हर रोने वाले बच्चे का जवाब नहीं होता। अपने बच्चे को समझने की कोशिश करें, गर्मजोशी और स्पर्श दें, और जब इसकी आवश्यकता हो। अंत में जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## गर्म आहार



**गुड़ :** उत्तर भारत में गन्ने का उपयोग गुड़ बनाने में किया जाता है, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण भारत में खजूर, नारियल या अन्य ताड़ के पौधों का उपयोग किया जाता है। यह हमारी खाने की परंपरा का आंतरिक हिस्सा है, भले ही आप भारत में कहीं से भी हों। बहुत से लोग यह नहीं जानते हैं कि गुड़, जिसे भेली के नाम से भी जाना जाता है, के कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। गुड़ में कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, पोटैशियम और फॉस्फोरस की मात्रा अधिक होती है, जिसमें जिंक, कॉपर, थियामिन, राइबोफ्लेविन और नियासिन भरपूर मात्रा में होते हैं। अध्ययनों के अनुसार, गुड़ में बी विटामिन, कुछ पौधों के प्रोटीन और ढेर सारे फाइटोकेमिकल्स और एंटीऑक्सिडेंट होते हैं। सर्दी के मौसम में गुड़ खाने से कई फायदे मिल सकते हैं। इसे डाइट में शामिल कर सकते हैं।



# क्या हैं सिरदर्द के कारण ?

**माइग्रेन** – एक कष्टदायी सिरदर्द, जो मतली और प्रकाश व ध्वनि के प्रति संवेदनशीलता के साथ जुड़ा हुआ है - न केवल आपके नींद चक्र को बल्कि आपके जीवन की गुणवत्ता को भी बाधित करता है। विश्व स्तर पर इस स्थिति से पीड़ित सात में से एक व्यक्ति के साथ यह रोग काफी सामान्य घटना बन गया है। यह स्थिति आपको इतना असहाय बना देती है कि आप कष्टदायी दर्द को कम करने के लिए तैयार हो जाते हैं। दवाएं दर्द को प्रबंधित करने में मदद कर सकती हैं, और एंटीडिपेंटेंट्स और बीटा ब्लॉकर्स आवर्तक एपिसोड को रोकने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, इन सभी विधियों के संभावित दुष्प्रभाव होते हैं, जिनमें मतली, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप और दिल के दौरे शामिल हैं मगर नैदानिक अध्ययनों से पता चला है कि घरेलू उपचार पारंपरिक देखभाल की तुलना में अधिक प्रभावी दर्द से राहत प्रदान करते हैं।

### कारण

अगर आपने अपने माइग्रेन के मूल कारण का पता लगा लिया है तो आधी लड़ाई जीत ली जाती है। निर्जलीकरण, उच्च रक्तचाप, गर्दन या कंधे में सख्त मांसपेशियां, भावनात्मक तनाव, कुछ दवाएं, पूरक या अन्य खाद्य पदार्थों की प्रतिक्रिया आदि माइग्रेशन के कुछ प्रमुख कारण हैं। यहां तक कि हेलिकोबैक्टर पाइलोरी, जिसे एच-पाइलोरी बैक्टीरिया के रूप में जाना जाता है, को माइग्रेन, अल्सर और पेट की अन्य समस्याओं के सबसे प्रभावी कारणों में से एक पाया गया है। इसलिए, माइग्रेन के लक्षणों का निदान करने के लिए प्राकृतिक उपचारों को अपनाना एक दवा-मुक्त तरीका है। ये घरेलू उपचार माइग्रेन को रोकने में मदद कर सकते हैं, या कम से कम उनकी गंभीरता और अवधि को कम करने में मदद कर सकते हैं।

### मिथक

**वे सामान्य सिरदर्द की तरह हैं**

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सिरदर्द माइग्रेन का केवल एक लक्षण है। सिरदर्द के साथ-साथ, माइग्रेन भी मतली, प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, चक्कर, कमजोरी, उल्टी और चेतना की हानि का कारण बनता है।

**यह केवल वयस्कों को प्रभावित कर सकता है**

माइग्रेन बच्चों से लेकर बड़ों तक किसी को भी हो सकता है। यह 5 साल के बच्चे को प्रभावित कर सकता है। कष्टदायी सिरदर्द के अलावा, वे पेट में दर्द, चिड़चिड़ापन, प्रासंगिक भ्रम, गंभीर चक्कर आना, एकाग्रता में कठिनाई और अत्यधिक थकान का भी अनुभव कर सकते हैं।

**माइग्रेन के दौरान सिर के सिर्फ एक हिस्से में दर्द होता है**

माइग्रेन के सिरदर्द के लिए कोई निर्धारित पैटर्न नहीं है। यह या तो एकतरफा हो सकता है या वे पूरे सिर, या यहां तक कि सिर या गर्दन के पिछले हिस्से और कभी-कभी चेहरे को भी शामिल कर सकते हैं। माइग्रेन की चपेट में आने पर सभी मरीज उल्टी नहीं करते।

**महिलाओं को माइग्रेन होने का खतरा अधिक होता है**

महिलाओं को माइग्रेन होने की संभावना तीन गुना अधिक होती है, लेकिन पुरुष माइग्रेन से पीड़ित होते हैं। जहां 18-20 फीसदी महिलाएं माइग्रेन से पीड़ित होती हैं, वहीं 8-10 फीसदी पुरुष भी माइग्रेन से पीड़ित होते हैं। लेकिन वही स्पष्ट नहीं है।

### प्राकृतिक उपचार

**स्वयं को अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रखें**

यदि आप बिना दवा के माइग्रेन का इलाज करना चाहते हैं, तो आपको ढेर सारा पानी या इलेक्ट्रोलाइट पेय पीना चाहिए। जब आप अच्छी तरह से हाइड्रेटेड नहीं होते हैं, तो डिहाइड्रेशन के कारण अक्सर सिरदर्द हो सकता है। यदि आप इलेक्ट्रोलाइट पेय का चयन कर रहे हैं तो सुनिश्चित करें कि इसमें चीनी या रंग नहीं मिला है। अत्यधिक चीनी भी सिरदर्द को बढ़ा सकती है। विटामिन सी युक्त पेय लेना भी एक अच्छा विकल्प है।



**डॉ. प्रवीण जैकब**
वरिष्ठ सलाहकार, द लाइफकार्ट डॉट इन

**नियमित रूप से योग करें**

अध्ययनों से पता चला है कि योग सिर को नियंत्रित करने में कारगर हो सकता है। योग एक प्राचीन अनुशासन है जो श्वांस तकनीक और मुद्रा-संयोजन के माध्यम से दर्द प्रबंधन के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। इन आसनों व प्राणायाम का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। एक प्रमाणित प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में प्रतिदिन दो बार व्यायाम करने से माइग्रेन के दर्द की गंभीरता कम होगी और भविष्य के हमलों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी।

**एक्यूपंक्चर को आजमाएं**

इस वैकल्पिक चिकित्सा तकनीक के माध्यम से दर्द और ऐसे अन्य लक्षणों से राहत प्रदान करने के लिए शरीर पर दबाव बिंदुओं की पहचान की जाती है। अध्ययनों ने एक्यूपंक्चर को पुराने सिरदर्द से पीड़ित लोगों के लिए विश्वसनीय वैकल्पिक चिकित्सा में से एक के रूप में श्रेय दिया है। यहां तक कि टपकते माइग्रेन के दर्द का सामना कर रहे मरीज, जिन्होंने एक्यूपंक्चरिस्ट के साथ सत्र का प्रयास किया है, वे भी एक्यूपंक्चर को माइग्रेन के दौरान दर्द से राहत के लिए सबसे सुरक्षित गैर-दवा विकल्पों में से एक होने की वकालत करेंगे।

### सचेत ध्यानः

**एक प्रभावी रणनीति**

चिंतनशील ध्यान में एक पूर्वाग्रह-मुक्त मन के साथ वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। यह हर तरह से तनाव को कम करने में मदद करता है, जो माइग्रेन के सबसे सामान्य कारणों में से एक है। ध्यान और विश्राम जैसी समझदारीपूर्ण तकनीक कभी-कभी सिरदर्द को शांत कर सकती है और तनाव को कम कर सकती है।

### व्यायाम

माइग्रेन के हमलों की आवृत्ति और तीव्रता को कम करने के लिए नियमित रूप से कुछ शारीरिक गतिविधि करने से मदद मिल सकती है।

**स्व-मालिश हो सकती है मददगार**

माथे, कंधों और सिर के पिछले हिस्से पर मालिश करने से सिरदर्द में मदद मिल सकती है। मसाज थेरेपिस्ट के साथ काम करने से गर्दन व कंधे के पुराने तनाव का समाधान हो सकता है जो सिरदर्द का कारण बन सकता है। आपके अंगूठे और तर्जनी के आधार के बीच स्थित एलआई-4 कंप्रेसर, जिसे हेगू भी कहा जाता है, पर दबाव डालने की हमेशा अनुशंसा की जाती है। यह दर्द और सिरदर्द से राहत दिलाने में मदद करेगा।

**प्राकृतिक माइग्रेन राहत किट**

प्राकृतिक माइग्रेन राहत किट ऑनलाइन उपलब्ध हैं और माइग्रेन व सिरदर्द से लड़ने और ठीक करने के लिए 100 प्रतिशत प्राकृतिक उपचार प्रदान करती हैं। काला जीरा, जीरा, चांदनी, अदरक, और पुदीना सहित स्वदेशी जड़ी बूटियों से बने इन हर्बल प्रोबायोटिक किट का उद्देश्य आंतों को आपके पेट में पनपने की अनुमति देकर सिरदर्द और दर्द को हल करना है।

## अपनी पीठ को मजबूत करें



चूंकि हम में से अधिकांश लोग इस वर्क फ्राम होम यानी घर से काम करने की व्यवस्था में लंबे समय तक काम कर रहे हैं, **डॉ. शुभांग अग्रवाल** हमें बता रहे हैं कि रीढ़ की देखभाल कैसे करें

**जहां** घर से काम करने के कई व्यक्तिगत और पेशेवर लाभ हैं, वहीं काम के दौरान आपकी खराब मुद्रा के कारण यह आपको रीढ़ की हड्डी से संबंधित समस्याओं के प्रति अतिसंवेदनशील भी बना रहा है। चूंकि हम में से अधिकांश इस नयी व्यवस्था में लंबे समय तक काम कर रहे हैं, असहज कुर्सी और काम के भीतर कोई ब्रेक नहीं होता है, और ये सभी कारण पीठ दर्द की वजह बन रहे हैं। हमारे घरों में जगह की कमी के कारण, आज के एर्गोनोमिक कार्यालय फर्नीचर को समायोजित करना मुश्किल है। इसलिए घर से काम करते समय अपने शरीर की मुद्रा का ध्यान रखना चाहिए। सुनिश्चित करें कि शरीर का कोई भी हिस्सा अजीब तरह से मुड़ा हुआ या झुका हुआ नहीं है। परिसंचरण को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर घूमना भी उतना ही आवश्यक है।

**आसनः** कोहनी और गर्दन से तनावमुक्त रखने के लिए व्यक्ति को अपनी मुद्रा का ध्यान रखना चाहिए। जब हम लंबे समय तक बैठते हैं, तो हमारी रीढ़ का एस-कर्व, सी-कर्व में बदल जाता है, जिससे आपकी मांसपेशियों, लिगामेंट्स और ऊतकों पर ज्यादा दबाव पड़ता है।

**अपनी सीट को समायोजित करें**

जब आप लैपटॉप पर काम कर रहे हों, तो अपनी सीट को समायोजित करना आवश्यक है ताकि यह आपकी आंखों के साथ-साथ आपकी पीठ के लिए भी आरामदायक हो। यदि आप डेस्कटॉप कंप्यूटर का उपयोग कर रहे हैं, तो आपकी आंखें आपकी स्क्रीन के शीर्ष से 3 इंच नीचे होनी चाहिए, या अपने लैपटॉप की स्क्रीन को 120 डिग्री पर झुकाएं। स्क्रीन कम से कम एक हाथ की दूरी पर होनी चाहिए। सुनिश्चित करें कि आप कछुए की तरह अपनी कुर्सी पर सीधे नहीं बैठे हैं या आगे नहीं झुक रहे हैं। अपनी कुर्सी पर वापस बैठते समय, आपके शरीर के कुछ वजन को पीछे की कुर्सी द्वारा सहारा दिया जा रहा है और आराम से अपने की-बोर्ड और माउस तक पहुंचने के लिए पर्याप्त पास बैठें।

**अपनी स्थिति बार-बार बदलें**

अपने काम में डूब मत जाएं। छोटे छोटे ब्रेक लें। इसके बजाय, हर 45-50 मिनट में उठने की कोशिश करें, भले ही यह सिर्फ कमरे में घूमने के लिए ही क्यों न हो। हर आधे घंटे के बाद खड़े हों, परिसंचरण को बढ़ावा देने और मांसपेशियों को आराम देने के लिए एक या दो मिनट के लिए बदन को खिंचाव दें और घूमें। आप एक गिलास पानी लेने के लिए चल भी सकते हैं या अपने लिए चाय या कॉफी बना सकते हैं। लेकिन अंत में खड़े होकर घंटों काम करने की कोशिश न करें। लंबे समय तक खड़े रहने से भी वैरिकाज नसों का खतरा बढ़ जाता है। हमारे शरीर में 360 जोड़ होते हैं और रक्त के उचित संचलन के लिए इन सभी को हिलने-डुलने की आवश्यकता होती है। इसलिए, स्ट्रेचिंग- ब्रेक महत्वपूर्ण हैं।

**मजबूत पीठ के लिए व्यायाम**

व्यायाम आपकी पीठ को मजबूत और सहारा देने में मदद कर सकता है। हर दिन 30 मिनट के लिए निर्धारित सैर आपकी पीठ के निचले हिस्से व आपकी रीढ़ को सहारा देने वाली मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए बहुत कारगर हो सकती है। व्यायाम को प्राथमिकता देने की जरूरत है। ऐसे कई बेहतरीन और प्रभावी घरेलू व्यायाम हैं जिन्हें आप बुनियादी घरेलू सामानों के जरिए कर सकते हैं। पीठ दर्द से राहत पाने के लिए आप ये कुछ आसान कदम उठा सकते हैं। याद रखें कि जितना अधिक आप तटस्थ मुद्रा में काम कर सकते हैं, और जितना अधिक आप घूम सकते हैं, रीढ़ की हड्डी में चोट लगने की संभावना उतनी ही कम होगी। लेकिन, अगर आप अभी भी ऐसे दर्द से जूझ रहे हैं जो आपके दैनिक जीवन में हस्तक्षेप करता है, तो किसी विशेषज्ञ से बात करने पर विचार करें।

**– लेखक हड्डी रोग व रोबोटिक जोड़ प्रतिस्थापन सर्जन और एनएचएस अस्पताल, जालंधर के निदेशक हैं।**

# रेडियोलॉजी और मेडिकल इमेजिंग का महत्व

## डॉ. संदीप शर्मा का कहना है कि प्राचीन काल से रेडियोलॉजी या डायग्नोस्टिक इमेजिंग ने रोग प्रबंधन में महत्वपूर्ण और केंद्रीय भूमिका निभाई है

**दिसंबर** 2019 में, चीन ने वुहान में अज्ञात एटियलजि के एक तीव्र श्वसन-रोग के मामलों की सूचना दी, और कुछ सप्ताह बाद, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ)द्वारा इसे 11 मार्च 2020 को एक महामारी (एक बीमारी, जो आमतौर पर कई महाद्वीपों या दुनिया भर में प्रचलित एक संक्रामक प्रकृति) के रूप में घोषित करने के साथ कई अन्य देशों में इसका प्रकोप फैल गया।

**वायरस** –सार्स-कोव-2 जिसे आम तौर पर कोविड-19 या केवल कोरोनावायरस के रूप में जाना जाता है, जल्द ही हमारे अधिकांश जीवन में सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट बन गया और विश्व स्तर पर आधुनिक इतिहास में हमारी पीढ़ी की सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटना बन गया।

अनादि काल से, रेडियोलॉजी या डायग्नोस्टिक इमेजिंग ने रोग प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण और केंद्रीय भूमिका निभाई है, जिसमें असंख्य रोगों के उपचार के तौर-तरीकों का पता लगाने, वे किस चरण में हैं और उन्हें परिभाषित करने के लिए उपलब्ध उपकरणों व तकनीकों का एक विस्तृत विकल्प दायरा उपलब्ध है।

हालांकि, कोविड-19 की शुरुआत होने से, इस घातक संक्रमण का जल्द पता लगाने और रोकथाम हेतु किसी भी विश्वसनीय और सटीक (पढ़ें : अत्यधिक विशिष्ट और अत्यधिक संवेदनशील) परीक्षण का अभाव था।

इमेजिंग परीक्षण का मूल्य उन परिणामों के उत्पादन से संबंधित है जो नैदानिक रूप से या तो निदान की स्थापना के लिए या मार्गदर्शन प्रबंधन, या ट्राइएज के लिए व्यावहारिक हैं।

यहां, बेसलाइन एक्स-रे और थोरैक्स या चेस्ट की हाई रेजोल्यूशन कंप्यटेड टोमोग्राफी (एचआरसीटी) सहित छाती इमेजिंग की महत्वपूर्ण भूमिका एक अनदेखी इमेजिंग तौर-तरीके के रूप में स्पष्ट हो गई, जो गोल्ड स्टैंडर्ड आरटी पीसीआर परीक्षण की तुलना में अधिक संवेदनशील और विशिष्ट जांच है। (दुनिया भर में किए गए कई अध्ययनों के अनुसार)।

कोविड-19 में एचआरसीटी चेस्ट के निष्कर्ष जैसे ग्राउंड ग्लास ओपेसिटीज (जीजीओ), कंसोलिडेशन, क्रेजी पेवमेंट पैटर्न, सेप्टल थिकेनिंग आदि और सीटी सेवरिटी स्कोरिंग (सीटीएसएस) से पता चलता है कि कोविड-19 वायरस द्वारा फेफड़ों को कितना नुकसान हुआ है, एक वायरस जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है, जो चिकित्सकों को सटीक और बेहतर प्रबंधन के लिए अधिक विकल्प प्रदान करने के लिए एक उपयोगी उपकरण साबित हुआ - गंभीरता का निर्धारण, उपचार का मार्गदर्शन, जटिलताओं का प्रबंधन और विशेष रूप से कोविड- 19 के उच्च नैदानिक संदेह वाले रोगियों में उपचार प्रतिक्रिया का आकलन करना।

हालांकि, ग्रामीण संरचना में सीटी स्कैन मशीनों की अनुपलब्धता और कोविड रोगियों के लिए समर्पित मशीनें, मरीजों को मशीन या ढांचे में ले जाना, विशेष रूप से ऑक्सीजन सपोर्ट पर, मशीनों को कीटाणुरहित करने में कठिनाई और सख्त संक्र मण नियंत्रण प्रोटोकॉल का पालन करना, आदि इस इमेजिंग तकनीक में कमियों के रूप में सामने आया। अन्य रेडियोलॉजी और इमेजिंग जांच जैसे कि चेस्ट एक्स-रे (बेडसाइड) ने पोर्टेबिलिटी का अतिरिक्त लाभ प्रदान किया और रोग की प्रगति का अध्ययन करने और विकिरण के न्यूनतम जोखिम के साथ उचित प्रबंधन का मार्गदर्शन करने हेतु आधारभूत छवियों की नवीनतम छवियों से तुलना करने का प्रावधान प्रदान किया।

माना जाता है कि चेस्ट एक्स-रे को ट्राइएज की एक विधि के रूप में उपयोग करना व्यस्त स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था में रैपिड टेस्टिंग किट की तुलना में अधिक बेहतर है। एक्स-रे और सीटी स्कैन सहित चेस्ट इमेजिंग भी नैदानिक रूप से प्रकट होने से पहले ही न्यूमोथोरैक्स, फुफ्फुस बहाव आदि जैसी जटिलताओं का पता लगाने में सहायता करते हैं। इसके अलावा, पुरानी फेफड़ों की बीमारी या कंजेस्टिव हृदय की विफलता जैसी अंतर्निहित सहवर्ती बीमारियों से अनजान रोगियों को इन स्थितियों के साथ पता लगाया जा सकता है और बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। इसलिए, रेडियोलॉजी या मेडिकल इमेजिंग कोविड-19 रोगियों के निदान और प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण सहायक भूमिका निभाता है, विशेष रूप से सबसे गंभीर रूप से प्रभावित लोगों में।

आर्थिक रूप से, इस महामारी का हानिकारक प्रभाव पड़ता है और राजस्व का महत्वपूर्ण नुकसान होता है, क्योंकि दुनिया भर की सरकारों ने सभी अनाावश्यक सेवाओं को आंशिक रूप से या पूरी तरह से बंद कर दिया है। इन उपायों के कारण सभी इमेजिंग स्कैन में महत्वपूर्ण कमी आई थी क्योंकि पूर्व-कोविड समय की तुलना में बाह्य मरीजों की मात्रा 10-20 प्रतिशत तक कम हो गई थी। इसके अतिरिक्त, इन दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अल्ट्रासाउंड, रेडियोग्राफ, सीटी, एमआरआई और रेडियोलॉजिकल इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं सहित सभी गैर-आकस्मिक बाह्य मरीज इमेजिंग स्कैन को स्थगित कर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप कम से कम 5-6 महीनों के लिए उप-सामान्य राजस्व में मुख्य रूप से सीमित तौर तरीकों वाले विशिष्ट केंद्र प्रभावित हुए।

**– लेखक एमआरआई इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक्स रेस सेंटर लिमिटेड के निदेशक व सीनियर रेडियोलॉजिस्ट हैं।**

# जान लेवा हमला करने वाले चारों आरोपी अभी तक फरार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा (देवरबीजा)
www.dailypioneer.com




साजा विधानसभा क्षेत्र व साजा थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तेंदुवा नयापारा में विगत दिनों रोहित पटेल के साथ गांव के 04 युवकों के द्वारा प्राणघातक हमला किये थे चारों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज भी किया है और घटना के बाद से अभी तक चारों आरोपी फरार है पुलिस की टीम छानबीन कर रहे है। टोमन पटेल ग्राम तेंदुवा नवापारा ने बताया की मेरा किराना का दुकान है दिनांक 05.11.2021 को किराना दुकान के सामने पटाका का दुकान लगाकर बेच रहा था उसी समय हमारे गांव में ही गोविंद पटेल ,नारायण पटेल, संजु पटेल और राजेश पटेल हमारे दुकान के सामने जानबुझकर एटमबम को फोड़ रहे थे। चूंकि मै फटाका का दुकान लगाया था और फटाका फोड़ने से दुकान में आग लगने की संभावना से मैने एवं मेरे पिता रोहित पटेल ने उपरोक्त आरोपीगणों को वहां पर एटमबम फोड़ने से मना किये थे, फिर भी वे नहीं माने और लगातार तीन दिन तक फटाका हमारे दुकान के सामने ही फोड़ रहे थे। आरोपीगणों का मकान दुसरे मोहल्ले में है, उसके बाद भी जानबुझकर लड़ाई, झगड़ा करने की नियत से ही फटाका विगत तीन दिन से फोड़ रहे थे और पूर्व में भी मेरे साथ आरोपीगणके द्वारा झगड़ा किये थे, जिसके संबंध में थाना साजा में रिपोर्ट किया था, किं न्यायालय में मामला विचाराधीन है, फिर भी आरोपीगण विवाद करने के उद्देश्य से ही मेरे दुकान के सामने दिनांक 05.11.2021 को चारों आरोपीगण सुबह फटाका फोड़ रहे थे, तो मेरे पिताजी मना कर रहे थे, मना करने पर आरोपीगण के द्वारा मेरे पिता रोहित पटेल को अश्लील गाली गलौज करते हुए तथा जान सहित मार देने की धमकी देकर मेरे पिता को तुम्हारे बाप का जगह है क्या कहकर आरोपी गोविंद पटेल अपने हाथ में लिये बांस के डंडे से सिर पर प्राणघातक हमला किये, तुरंत उसके बाद आरोपी नारायण पटेल ,संजु पटेल, राजेश पटेल सभी एकराय होकर मेरे पिता के उपर हत्या करने के इरादे से टुट पड़े। सभी आरोपीगण मिलकर मेरे पिता के उपर जानलेवा हमला हत्या करने के प्रयास से किये है।

आरोपीगण के द्वारा मेरे पिता के साथ मारपीट किये जाने से मेरे पिता मौके पर बेहोश हो गये थे, आंख के उपर सिर में गंभीर चोटे आई थी। मेरे द्वारा इसकी रिपोर्ट थाना साजा में संपूर्ण तथ्यों की जानकारी देते हुए अपने पिता को साथ में रखकर रिपोर्ट उसी दिनांक को किया था। शासकीय अस्पताल साजा द्वारा जिला अस्पताल बेमेतरा रिफर किया गया है और बेमेतरा के द्वारा मेकाहारा रायपुर भेजा गया था तथा वहां से डी.के. हास्पीटल भेजा गया। लगभग 05 दिन तक मेरे पिताजी भर्ती होकर जीवन मृत्यु से संघर्ष किया है। यहां तक कि मारपीट किये जाने से दांते टुट गई है। एवं कुछ दांते हिल भी रहे हैं, तत्कालिक ईलाज मेरे पिता का नहीं होता, तो मृत्यु हो जाने की पूरी संभावना थी।

### घटना के बाद से आरोपी फरार

आरोपी गोविंद पटेल ,नारायण पटेल , संजु पटेल और राजेश पटेल घटना को अंजाम देने के बाद से तेंदुवा नयापारा से फरार है जो कहा है अभी तक पता नही आरोपियों के खिलाफ धारा 294,506 बी ,323,34 के तहत मामला दर्ज है उसके मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद एक धारा और जोड़ा गया 307,325 ,34।

> हमारी टीम आरोपियों को खोजने में लगी है बहुत जल्द मिल जायेगा
>
> अम्बर सिंह भारद्वाज टीआई साजा थाना बेमेतरा जिला

# राज्य सरकार की धान खरीदी की गलत नीतियों का खामियाजा भुगत रहे किसान: योगेश तिवारी

**किसान नेता ने 100 प्रतिशत सरकारी बारदाना में खरीदी करने और बीते साल के बाद आना का भुगतान करने की रखी मांग**

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

धान खरीदी शुरू होने में महज 4 दिन शेष है। 15 प्रतिशत बारदाना किसानों से लिए जाने की सरकारी घोषणा के बाद किसान बारदाना की व्यवस्था में जुट गए है। वही कई स्थानीय व्यापारियों द्वारा बड़े पैमाने पर बारदाना का भंडारण किया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते खरीदी सत्र में खरीदी को लेकर बारदाना की मारामारी थी।

बारदाना संकट के कारण कई बार खरीदी बंद करनी पड़ी है। इसलिए टोकन लेने के लिए किसान खरीदी केंद्रों में रात भर लाइन में लग रहे हैं। क्योकि बीते तीन वर्षो से खरीदी के दौरान हमेशा बारदाना संकट रहा। इस सम्बंध में किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार किसान हितैषी होने के बड़े-बड़े दावे करती है। लेकिन धरातल पर परिस्थितिया विपरीत है । आलम यह है कि टोकन रहने के बावजूद, बारदाना संकट के कारण कई दिन रतजगा करना पड़ा था। बावजूद सरकार इस बार भी बारदाना की समुचित व्यवस्था करने में नाकाम रही है।

### 15 प्रतिशत बारदाना किसानों से लिए जाने का विरोध



किसान नेता ने बताया कि भीम्भौरी समिति के किसानों ने सरकार के 15 प्रतिशत बारदाना किसानों से लिए जाने का विरोध किया है। इस सम्बंध में बैठक ली गई, जिसमे 100 प्रतिशत सरकारी बारदाना में खरीदी किए जाने की मांग की गई है। अन्यथा समिति के किसानों ने धान नही बेचने का निर्णय लिया है। सरकार के इस निर्णय का किसान पुरजोर विरोध कर रहे हैं। सैकड़ों किसानों को बीते साल के बाद आने का अब तक नहीं हुआ भुगतान किरितपुर समिति के किसान श्रीराम, दिलीप साहू, मुकेश साहू, गया साहू, तीरथ साहू, गोविंद साहू, गंगाप्रसाद, मनहरण साहू, नीलकंठ, गीतराम, चिंताराम, मनोज, माधोराम, हीरासिंग, आन्दू के कृषक रूपउ, देवराम, शिवकुमार, छोटूराम, देवचरण, शत्रुहन, समेराम, डलेश, कुंती, ईश्वर, सुखीराम, द्वारिका, ललित, हेमसिंग, बुदधू राम समेत क्षेत्र के सैकड़ो किसानों को बीते साल के बारदाना का अब तक भुगतान नही हुआ है।

# स्वामी विवेकानंद के जन्मशती के अवसर पर युवा महोत्सव का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा महोत्सव का आयोजन किया जाना है प्रति वर्ष की भॉति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद जी के जन्मशती के अवसर पर युवा महोत्सव का आयोजन विकासखण्ड, जिला, राज्य स्तर पर किया जायेगा। जिसके लिए विकास खण्ड एवं जिला स्तर पर प्रचार-प्रसार शुरू किया जा रहा है। राज्य के प्रत्येक जिले से युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों में जोड़ने एवं उनकी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाला यह महोत्सव इस वर्ष भी वृहद्ध रूप से आयोजित होगा। युवा उत्सव में पूर्व में होने वाली 18 विधायें जिसमें लोकनृत्य लोकगीत, एकांकी नाटक, हिन्दी, अंगेजी, छत्तीसगढ़ी भाषा तात्कालिक भाषण शास्त्रीय गायन हिन्दुस्तानी व कर्नाटक शैली, सितार वादन, बासुरी वादन, तबला वादन, वीणा वादन, मृदंगम वादन, हारमोनियम वादन, गिटार वादन, भरत नाट्यम, कत्थक, कुचीपुढ़ी, मणीपुरी तथा उड़ीसी शास्त्रीय नृत्य के अतिरिक्त इस वर्ष सुआ, पंथी, करमा नाचा, सरहुल नाचा, बस्तरिहा लोकनृत्य, राउत नाचा, गेड़ी दौड़ चाल, रॉक बैण्ड, पारम्परिक वेशभुषा, छत्तीसगढ़ी व्यजनों, के आधार पर फूड फेस्टिवल, चित्रकला प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति के चित्रण के आधार पर वाद विवाद, क्विज, निबंध, भौंरा, कबड्डी ,खो-खो प्रतियोगिता की विधायें भी सम्मिलित की गई है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री के घोषणानुसार राज्य के लोक साहित्य को भी शामिल किया जाएगा इसके अंतर्गत जिला स्तर पर स्थानीय लोक कला जैसे पेंटिग हैण्डीक्राफ्ट भित्तीचित्र लोक भाषा का साहित्य जैसे गोंडी हल्बी कुडूक आदि एवं अन्य सभी लोक कलाकार प्रस्तुति देना चाहते है तथा वे छत्तीसग? की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हों व सभी भाग ले सकते है। प्रत्येक विधा दो आयु वर्ग जिसमें 15 से 40 तथा 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागियों हेतु आयोजित की जायेगी विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता जिले के सभी 4 विकासखण्डों में आयोजित की जायेगी। विकासखण्ड स्तरीय आयोजन में एकल व समूह के प्रतियोगिता में सभी विधा के केवल प्रथम स्थान प्राप्त विजेता प्रतिभागी ही जिला स्तर प्रतियोगिता में सम्मिलित होगें जिसका आयोजन जिला मुख्यालय में किया जाना है।

# स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजन सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में भारतीय संविधान की समकालीनता विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सभी शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा प्रस्तावना के प्रति शपथ लेने के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्या प्रो. डॉ. अमृता कस्तूरे ने कहा कि भारतीय संविधान बृहद होते हुए भी बहुत लचीला है और यही इसे हमेशा समकालीन बनाए रखता है। अब तक कुल 94 संशोधन समकालीनता का परिचायक है।

संविधान हमें अनेक अधिकार एवं कर्तव्य के प्रति जागरूक करता है और हमें इस बात की भी आजादी देता है कि हमेशा इस पर आलोचनात्मक ढंग से विचार कर सके। हम सभी को अपने संविधान की मूल आत्मा को बचाएं रखते हुए उसके प्रति गहरी आस्था एवं सम्मान बचाए रखना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. विनोद शर्मा ने कहा कि उत्तर औपनिवेशिक विमर्श के इस काल में हमें संविधान समकालीनता पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान में शामिल तत्व जो औपनिवेशिक शक्ति अंग्रेजों द्वारा पास एक्ट के रूप में हैं, उन पर स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद, भारतीय दृष्टिकोण से विचार की आवश्यकता है। डॉ भीमराव अंबेडकर के 25 नवंबर 1949 को संबोधित संविधान सभा के भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने इस बात की चेतावनी दी थी कि राजनीतिक स्वतंत्रता का तब तक कोई अर्थ नहीं जब तक सामाजिक एवं आर्थिक रूप से हम एक स्वतंत्र एवं समान धर्मी लोकतंत्र नहीं गढ़ते। उन्होंने यह भी चेतावनी दी थी कि धर्म में भक्ति का स्थान है पर लोकतंत्र में नहीं अतः नायक पूजा की प्रथा कभी आएगी तो वह लोकतंत्र को तानाशाही में बदल देगी।

सभा को संबोधित करते हुए प्राध्यापिका कल्पना पांडे ने कहा की भारतीय संविधान हमें स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार देता है। इसके मौलिक अधिकारों की रक्षा करना एवं अपना संवैधानिक कर्तव्य का पालन करना आवश्यक है। सभा का संचालन करते हुए राजनीति शास्त्र की व्याख्याता नुसरत जहां ने संविधान की विभिन्न विशेषताओं की जानकारी दी। उसके अनुच्छेद मौलिक अधिकार एवं नीति निर्देशक तत्व की विस्तृत चर्चा की थी।

चर्चा में छात्र-छात्राओं ने भी उत्साह के साथ भाग लिया बी.कॉम. की छात्रा नेहा, पवन सिंह एवं आशीष ने जहां भारतीय संविधान के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला वहीं बी.ए. की छात्रा हिना साहू एवं ऋतु ने भी संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों की चर्चा की। ऋतु ने खूबसूरत ढंग से प्रस्तुति देते हुए मौलिक अधिकारों के संबंध में चर्चा की। गोष्ठी के अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए अंग्रेजी की व्याख्याता डॉली सोनी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि जिस देश का संविधान अच्छा है और पालन करने वाले बुरे हों तो संविधान की अच्छाई खत्म हो जाती है।

# जिला स्तरीय अंतरशालेय सांस्कृतिक प्रतियोगिता मे जंजगिरी स्कूल के बच्चों ने मारी बाजी



पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

भिलाई (रिसाली) मे दो दिवसीय जिला स्तरीय अंतरशालेय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें जिले के कुल 16 उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। जंजगिरी स्कूल के बच्चों ने समूह नृत्य में शास्त्रीय व लोक संगीत विधा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसमें पल्लवी वर्मा ,मानवी विद्यालय की,देवनाथ,आरुषि वर्मा, हर्षिता वर्मा ,याशिका साहू तथा तनुजा साहू ने भाग लिया था । वादन प्रतियोगिता में प्रज्ञा साहू ने हारमोनियम में राग यमन प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।नाटक में भी इस स्कूल के बच्चों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । जिसमें प्रियांशु ,नरेश अर्पण, दिव्यांश साहू, ज्योति बंजारे ,किशन साहू तथा हिमांशु साहू ने भाग लिया था । प्रतियोगिता के दूसरे दिवस में हायर स्कूल के रूद्र प्रताप साहू ने तबले पर प्रस्तुति देकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन में अरीन चटर्जी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । स्कूल की सांस्कृतिक प्रभारी अंजना सिंह द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन कर प्रतियोगिता के लिए तैयारी कराई गई थी। विद्यालय की इस बड़ी उपलब्धि पर प्राचार्या मिनीगोपीनाथ तथा शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त किया।

# पटेल समाज के बैठक में शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक ममता चंद्राकर



**कवर्धा।** पंडरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में हरदिहा मरार पटेल समाज महासभा कार्यकारणी का बैठक रखा गया, जिसमें मुख्य अतिथि रूप में क्षेत्रीय विधायक ममता चन्द्राकर पंडरिया, गौसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष बिसेसर पटेल, पंडरिया परिक्षेत्र अध्यक्ष नवल पटेल, दिनेश पटेल, अमीचंद पटेल शंकर पटेल सहित सामाजिक जन उपस्थित हुए। सामाजिक सम्मेलन विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि मरार पटेल साग सब्जी उगाने वाले सीधा सादा ,सरल व्यक्ति होते हैं उन्होंने आगे समाज के लोगो को आपसी समरसता बनाये रखने की अपील की बैठक में लोरमी , मुंगेली नवागढ़ एवं पंडरिया क्षेत्र के मरार पटेल समाज के लोग उपस्थित थे। सभा को विसेसर पटेल पूर्व गौ सेवा आयोग अध्यक्ष, लक्ष्मण चन्द्रवँशी विधायक प्रतिनिधि ,सरपंच जलेश्वर चन्द्राकर ने भी सम्बोधित किया कार्यक्रम में रमाकांत शुक्ला महामंत्री, महेश पटेल, शंकर पटेल,नवल पटेल,दिनेश पटेल, सुदर्शन पटेल, मोहन पटेल,कांशी पटेल,गोपी पटेल,कुलेद पटेल,राधे पटेल,राजकरन,दादूराम छेदी पटेल ,योगेश पटेल सहित क्षेत्र से आये हुए समाजिक गण उपस्थित थे।

# जिला जनपद ग्राम पंचायतों मे निर्वाचन हेतु रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) विलास भोसकर संदीपान ने एक आदेश जारी कर छ.ग. पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 20 तथा 21(1) के अन्तर्गत बेमेतरा जिले के विभिन्न जिला/जनपद/ग्राम पंचायतों मे निर्वाचन हेतु रिक्त पदों के लिए रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जिसमें जनपद पंचायत बेरला अन्तर्गत पंच पद हेतु ग्राम पंचायत कंडरका वार्ड 13 एवं 15, सरदा वार्ड 16, गुधेली वार्ड 19 एवं 05, मुड़पारकला वार्ड 04, चिखला वार्ड 02, बेलौदीकला वार्ड 10, सोंड़ वार्ड 20, देवरी वार्ड 10, मुड़पार वार्ड 03, भटगांव वार्ड 06, बहिंगा वार्ड 09, सिंगदेही वार्ड 07 एवं 08, भांड़ वार्ड 04, नेवनारा वार्ड 11 एवं सरपंच पद के लिए ग्राम पंचायत भांड़, सुरहोली, गोड़गिरी, कुसमी, पिरदा के लिए रिटर्निंग ऑफिसर मनोज गुप्ता तहसीलदार बेरला मो.नं. 9425246321 एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सी.पी.मनहर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बेरला मो.नं.9425253163 को बनाया गया है। जनपद पंचायत साजा अन्तर्गत सरपंच पद हेतु ग्राम पंचायत कांचरी एवं लालपुर तथा पंच पद हेतु बनरांका वार्ड 02, टेड़ी वार्ड 09, भरदा वार्ड 02, कंदई वार्ड 03, भनौरा वार्ड 01, बीजा वार्ड 04, नवगांवखुर्द वार्ड 03 एवं 11, जनपद पंचायत सदस्य साजा निर्वाचन क्षेत्र क्र.22 में सम्मिलित ग्राम पंचायत गोजमर्रा, हाथीडोब, गाड़ाडीह, बुंदेली एवं लूक के लिए रिटर्निंग ऑफिसर चन्द्रशेखर चन्द्रकर प्रभारी तहसीलदार साजा मो.नं. 8103835823 एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर कांति ध्रुव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत साजा मो.नं.7724879432 को बनाया गया है। जनपद पंचायत नवागढ़ अन्तर्गत पंच पद हेतु ग्राम पंचायत घठोली वार्ड 02, भोपसरा वार्ड 10, अमलडीहा वार्ड 04, मक्खनपुर वार्ड 06, धोबघट्टी वार्ड 01, नवागांव वार्ड 09. ईटई 04, खटई 05, रमपुरा वार्ड 09, मोतिमपुर वार्ड 07, एरमशाही वार्ड 01 एवं सरपंच पद हेतु ग्राम पंचायत धौराभाठाखुर्द एवं रनबोढ़, जनपद पंचायत सदस्य नवागढ़ निर्वाचन क्षेत्र क्र-03 में सम्मिलित ग्राम पंचायत घोघरा, मानिकपुर, मोतिमपुर, अतरगवां, गाड़ामोर के लिए रिटर्निंग आफिसर के.आर.वासनिक तहसीलदार नवागढ़ मो.नं. 9425563654 एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर आलोक सतपुते मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नवागढ़ मो.नं. 7440598439 को बनाया गया है। जनपद पंचायत बेमेतरा अन्तर्गत सरपंच पद हेतु ग्राम पंचायत कोदवा, भनसुली, कुरदा, आंदु, नवागांवकला एवं पंच पद हेतु ग्राम पंचायत मरतरा वार्ड 04, बहेरा (का) वार्ड 12, लोलेसरा वार्ड 19, मउ वार्ड 06 एवं 18, गांगपुर (छि.) वार्ड 09, भंवरदा वार्ड 12, बगौद वार्ड 09, भुरकी वार्ड 01, छिरहा वार्ड 10, अर्जुनी वार्ड 08, बीजाभाट वार्ड 09, चारभाठा वार्ड 04, ढारा 08, रामपुर वार्ड 07, खण्डसरा वार्ड 17, बावाघठोली वार्ड 02, सिरवाबांधा वार्ड 02 एवं केंवाछी वार्ड 04 के लिए रिटर्निंग आफिसर आशुतोष गुप्ता प्रभारी तहसीलदार बेमेतरा मो.नं. 9630400403 एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर रविकुमार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बेमेतरा मो.नं.9893061203 को बनाया गया है। जिलाधीश ने संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति से निर्वाचन कार्य सम्पन्न होने तक विहित प्रावधानों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरुप समस्त दायित्वों का निर्वहन करने एवं प्रतिदिन प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की जारकारी निर्धारित प्रपत्र में संबंधित कार्यालय को अनिवार्यतः भेजने के निर्देश दिए हैं।

**पुलिस व प्रशासन कंधे से कंधा मिलाकर कर रही हैं काम, जिले में बेहतर व्यवस्था के लिए हो रहा काम**

# बालोद कलेक्टर और एसपी सीएम के कथन को कर रहे सार्थक साबित, तालमेल से दोनों बन रहे विकास-विश्वास के प्रतीक

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

**पायनियर खास**



छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था को लेकर नई रणनीति बनाने के साथ धान खरीदी व अन्य विषयों को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कुछ दिनों पहले सभी जिलों के कलेक्टर व एसपी से चर्चा की थी। दोनों को विकास-विश्वास का प्रतीक बताया था। सीएम भूपेश बघेल ने कहा था कि कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला दंडाधिकारी (कलेक्टर) की है। जिला दंडाधिकारी को टीम लीडर के रूप में कार्य करना है। जिला दंडाधिकारी साप्ताहिक समीक्षा बैठक से पहले पुलिस अधीक्षक, कार्यपालिक दंडाधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की समीक्षा किया करें। इस बैठक में पिछले सप्ताह की स्थिति की समीक्षा की जाए और आने वाले सप्ताह में कानून-व्यवस्था की चुनौतियों का पूर्वानुमान लगाएं और रणनीतिक योजना बनाएं। सीएम ने दो टूक में कहा था कि लोगों के बीच शासन-प्रशासन की पैठ स्थापित होनी चाहिए। कलेक्टर एवं एसपी दोनों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विकास का विश्वास का प्रतीक बताया था। जिले में उक्त दोनों अधिकारी सीएम के कथन को सार्थक साबित रहे हैं। दोनों ही अधिकारियों में बेहतर तालमेल नजर आ रहा हैं। इसीलिए पुलिस व प्रशासन कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। जिले में बेहतर व्यवस्था के लिए काम हो रहा हैं। गौरतलब हो कि बीते 21-22 अक्टूबर की सीएम भूपेश बघेल ने कलेक्टर-एसपी की कांफ्रेंस ली थी। जिसमें सीएम भूपेश बघेल ने दोनों आलाधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल बिठाने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि कलेक्टर और एसपी महीने में 4-5 बार साथ में दौरा करें। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के बीच परस्पर समन्वय जरूरी है। उन्होंने कहा था कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना आपकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन की उपस्थिति हर स्तर पर दिखनी चाहिए। शायद इसी का परिणाम हैं कि कलेक्टर जनमेजय महोबे एवं एसपी सदानंद कुमार अपने दायित्वों का बखूबी से निर्वाहन कर रहे हैं। सीएम के कथन कलेक्टर विकास और एसपी विश्वास के प्रतीक होते है, उसे सार्थक कर रहे हैं। जिले में कलेक्टर व एसपी के बीच बेहतर तालमेल नजर आ रहा हैं और शायद इसी का परिणाम है कि कई बैठकों में दोनों एक साथ होते हैं। पुलिस व प्रशासन कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं।

**योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर- कलेक्टर**

विकास के प्रतीक कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जब से बालोद जिले में बतौर कलेक्टर पदभार संभाला है, तब से लेकर तक उन्होंने शासन द्वारा चलाए जा रहे समस्त योजनाओं की बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया हैं। पायनियर से खास बातचीत पर उन्होंने बताया कि हर एक हितग्राही तक औऱ हर एक छोर तक संचालित सभी योजनाओं का लाभ उन्हें मिले इसपर जोर दिया जा रहा हैं। जिले के गौठान मल्टीएक्टिविटी सेंटर बनने जा रहे हैं। गौठानो में गोबर खरीदी के अलावा समूह की महिलाओ द्वारा विभिन्न तरह की गतिविधियों का संचालन किया जा रहा हैं। घर के चूल्हे चौकों से बाहर निकल महिलाएं अपनी एक अलग पहचान बना रही हैं। महोबे ने बताया कि हर सप्ताह समीक्षा बैठक में सभी विभागो के अधिकारी, नगरीय निकाय के सीएमओ, जनपद पंचायत के सीईओ को कार्यो में जोर देने की बात कही जाती हैं। शासन की योजनाओं की समीक्षा की जाती हैं, की उसका लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है या नही। समीक्षा बैठक के बाद जनचौपाल कार्यक्रम में हर एक फरियादी की फरियाद सुन उससे त्वरित निराकरण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया जाता हैं। महोबे ने आगे बताया कि जिले की महिलाओं द्वारा निर्मित सामग्रियों की मार्केटिंग के लिए बालोद बाजार संचालन किया जा रहा हैं। जहां जिले में बने प्रोडक्ट का विक्रय किया जा रहा हैं। 1 नवंबर से शुरू होने वाले धान खरीदी को लेकर भी पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। लगातार बैठके लेकर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा हैं।

**विश्वास के साथ अब जनता सीधे जुड़ रही पुलिस से- एसपी**

विश्वास के प्रतीक पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने बताया कि सामुदायिंग पुलिसिंग के तहत जिले में बेहतर कार्य किया जा रहा हैं। अपराधों एवं बड़े अपराधियों पर भी हमने लगाम कस के रखी हैं।

# हत्या करने की नियत से पत्नि को जबरदस्ती कीटनाशक दवा पिलाने वाला आरोपी पति गिरफ्तार



**बेमेतरा।** उमा टंडन घर किचन में खाना बना रही थी तभी उसका पति यशवंत टंडन बाहर से घुम कर घर आया और अपनी पत्नि को तुम मुझे कितना प्यार करती हो बोलकर कमरे अंदर ले जाकर साबित करो बोलते हुए घर में रखे कीटनाशक दवा को प्रार्थीया की हत्या करने की नियत से जबरदस्ती मुंह को पकडकर पीला दिया तब प्रार्थीया वही पर उल्टी करने लग गयी। जिसे 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल बेमेतरा ईलाज हेतु लेकर आये। जहां ईलाज हेतु भर्ती है।कि प्रार्थीया उमा टंडन के रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध क्रमांक 839/2021 धारा 307 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुजूर के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी एवं थाना स्टॉफ को आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना दौरान आरोपी यशवंत टंडन पिता स्वं. सुखनंदन टंडन उम्र 21 साल साकिन नवलपुर थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से आज दिनांक 27.11.2021 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## क्विक न्यूज

### पन्द्रह साल से फरार आरोपी आरपीएफ के हत्थे चढ़ा

**रायगढ़।** पंद्रह सालों से अधिक समय से रेल्वे एक्ट के एक फरार आरोपी को रायगढ़ आरपीएफ की विशेष टीम ने पड़ोसी राज्य के ब्रजराजनगर में मुखबिर की पुख्ता सूचना पर दबिश देकर गिरफ्तार करने में अहम कामयाबी हासिल की है। मामले की जानकारी देते हुए आरपीएफ पोस्ट रायगढ़ के प्रभारी ने बताया कि एक टीम जिसमे उपनिरीक्षक अखिल सिंह ,हवलदार सुनील मिश्रा को पड़ोसी राज्य ओडिशा के ब्रजराजनगर निवासी छोटू कुम्हार वल्द स्व सुंदर कुम्हार 55 वर्ष के विरुद्ध रेल्वे एक्ट की धारा 3 (ए) आरपीयूपी एक्ट प्रकरण क्रमांक 830,2004 अपराध क्रमांक2 ,2004 के मामले में न्यायालय में उपस्थित न होने के कारण स्थायी वारंट जारी होने पर कल 25 नवंबर को टीम ने उसके ओड़िसा के ब्रजराजनगर मेहंदी पारा में उसके घर मे दबिश देकर गिरफ्तार कर रायगढ़ ले आई और उसे 26 नवंबर को बिलासपुरमें माननीय विशेष रेल्वे न्यायालय में पेश किया।

# राम वन गमन पथ परियोजना से अपने पौराणिक गरिमा के अनुकूल विकसित हो रहा शिवरीनारायण

- **पर्यटन विकास के लिए 5 करोड़ 76 लाख 73 हजार रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत**

पायनियर संवाददाता ◂ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की पावन धरा पौराणिक काल से दुनिया को अपनी ओर खींचती रही है। धार्मिक ग्रंथो के भगवान राम ने 14 वर्ष वनवास के दौरान लम्बा समय छत्तीसगढ़ की धरा पर गुजारा था। जांजगीर-चांपा जिले के धार्मिक नगरीय शिवरीनारायण में सब्र व आस्था की प्रतीक माता शबरी के हाथो भगवान राम ने उनके जुठे बेर भी स्वीकार किये थे। पूरे छत्तीसगढ़ के लोगो के मन में भगवान राम के प्रति अटूट आस्था है। राम छत्तीसगढ़ियों की जीवन-शैली और दिनचर्या का अंग हैं। प्रातः छत्तीसगढ़ के लोग उठकर एक-दूसरे से राम-राम कह कर अभिवादन करते हैं।

**राम वन गमन पथ के रूप में विकसित हो रहा श्रीराम का वनवास पथ** – छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति में हर मामा अपने भान्जे को राम मानता है, आस्था से उनके चरण स्पर्श करता है। पुरातन काल से छत्तीसगढ़ में राम लोगों के मानसपटल पर भावनात्मक रूप से जुड़े हैं। वहीं पर वनवास के दौरान श्रीराम छत्तीसगढ़ के जिन स्थानों से गुजरे थे उसे राम वन गमन पथ के रूप में विकसित करने कार्य योजना बनाई गई, जिसकी शुरूआत शिवरीनारायण से हो चुकी हैं। बलौदा बाजार में तुरतुरिया, रायपुर में चंदखुरी और गरियाबंद के राजिम में परिपथ के विकास कार्यों की शुरूआत भी हो चुकी है। इसी तरह से राम वन गमन पर्यटन परिपथ में कोरिया जिले में सीतामढी हर-चौका, सरगुजा में रामगढ़, धमतरी में सप्तऋषि आश्रम, बस्तर में जगदलपुर, सुकमा में रामाराम सहित करीब 75 स्थलों को चिन्हांकित कर लिया गया है।

**पौराणिक महत्व के स्थल को लोग देख सकेगें** – मुख्यमंत्री के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी राम वन गमन परिपथ परियोजना को विकसित करने का कार्य प्रारंभ हो गया है। इस योजना से लोगों की आस्था के अनुरूप राम की यादों को पौराणिक धार्मिक कथाओं से सुनते आ रहे लोग इन पौराणिक महत्व के स्थल को देख सकेगें। शिवरीनारायण की पावन भूमि पर्यटन तीर्थ स्थल के रूप में विकसित होने के साथ यहां रोजगार के साधनों का विकास होगा। जिससे कई आर्थिक गतिविधियों का स्वयं संचालन होने लगेगा। देश और दुनिया के आस्थावान लोग रामायण सर्किट की धार्मिक तीर्थ यात्रा पर निकलेंगे माता शबरी की कर्म भूमि शिवरीनारायण के दर्शन करेंगे।

**शिवरीनारायण प्रमुख पर्यटन क्षेत्र के रूप में होगा विकसित** – राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना राम वन गमन पथ परियोजना के तहत जिले में महानदी के समीप धार्मिक नगरी शिवरीनारायण भी शामिल है। इस परियोजना के पूर्ण होने से नगर पंचायत शिवरीनारायण प्रमुख पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित होगा। स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्राचीन धार्मिक महत्व के नगर शिवरीनारायण उनके गरिमा के अनुकूल विकसित होगा। राज्य सरकार द्वारा पर्यटन विकास के लिए 5 करोड़ 76 लाख 73 हजार रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। उपलब्ध कराई गई । इस राशि से पर्यटन सूचना केन्द्र, मंदिर सूचना केन्द्र, प्रशासनिक कार्यालय, प्रसाधन व्यवस्था, महानदी तट पर पथ-वे एवं अन्य सौंदर्यीकरण के कार्य किये जा रहे हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण, पर्यटकों के सुविधा के लिए पहुंचमार्ग बनाया जा रहा है।

# राष्ट्रीय मूल्यांकन टीम से अध्यक्ष ने की मुलाकात



पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

डॉ जे. पी. मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली में उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर से राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की टीम के आगमन पर महाविद्यालय विकास प्रबंधन एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू ने समिति के सदस्यों सहित मुलाकात की राष्ट्रीय मूल्यांकन परिषद की टीम ने कालेज के शैक्षणिक गतिविधियों और विज्ञान संबंधी कार्यक्रमों का लेखा-जोखा का निरीक्षण एवं परीक्षण किया और विभाग वार समीक्षा की टीम के अधिकारी डॉ. ए.जी. घनश्याम उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर और डॉ. आर. एस. खेर प्राचार्य शासकीय महामाया महाविद्यालय रतनपुर से शासकीय विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली के विकास प्रबंधन एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जनपद सदस्य प्रतिनिधि डॉ. रामकुमार साहू प्राचार्य सुश्री डॉ. चिन्मोई दास की उपस्थिति में टीम के उच्च अधिकारियों ने छात्र एवं छात्रों के शैक्षणिक गतिविधियों में निखार लाने के प्रयास करने का सुझाव दिया तथा संभाषण संचालन कला के विकास हेतु हिंदी विभाग को निर्देश दिए जनभागीदारी समिति की भूमिका और महत्व पर चर्चा की इस अवसर पर महाविद्यालय विकास प्रबंधन एवं जनभागीदारी समिति के सदस्य देव गोस्वामी सदस्य एवं सरपंच ग्राम पंचायत लिलवाकापा सनत बाघ जीगेश्वर सिंह ध्रुव एवं साहित्यकार रफीक खान सर जी उपस्थित रहे।

# 72वें संविधान दिवस पर शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद में रैली का आयोजन कर संविधान निर्माताओं को याद किया

पायनियर संवाददाता ◂ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद में छात्र छात्राओं व महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने संविधान दिवस के अवसर पर नगर मे लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से महाविद्यालय से लेकर लक्ष्मणेश्वर मंदिर खरौद तक देशभक्ति का नारा लगाते हुये,गाजे बाजे के साथ विभिन्न चौक से होते हुये जन जागरूकता रैली का आयोजन किया । रैली से पहले महाविद्यालय मे डॉ जी सी भारद्वाज द्वारा भारतीय संविधान के इतिहास व महत्व पर प्रकाश डाला गया । तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जी एन भतपरे के द्वारा प्रस्तावना का वाचन कराते हुये सभी छात्र छात्राओं को संविधान के प्रति निष्ठा रखते हुये देश की एकता अखंडता बनाये रखने के लिये प्रेरित किया। आयोजित रैली के दौरान भी बाजार चौक, लक्ष्मणेश्वर मंदिर चौक मे भी महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक व अतिथि व्याख्याताओ ने छात्र छात्राओं के साथ वहां उपस्थित नगरवासियों के साथ मिलकर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। संविधान दिवस के इस विशेष अवसर पर रैली उपरांत आयोजित समारोह मे महाविद्यालय के प्राध्यापक डा सी बी खूंटे, प्रो प्रकाश यादव, प्रो उत्तरा निराला, प्रो रूपेंद्र पटेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रिया शर्मा, प्रेम सिदार, अंजूलता साहू, आदि छात्र छात्राओं ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। प्रिया शर्मा व अंजूलता ने देश भक्तिपूर्ण कविता वाचन करके सबमें देशभक्ति का जोश भरा। समापन से पहले वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई व इंदिरा गाँधी की जयंती पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्रा मोनिका , पद्मावती, देमन साहू, हीना राकेश, आकांक्षा, प्रेम सिदार, रिया, प्रमिला आदि को प्राचार्य महोदय के हांथो प्रशस्ति-पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। यह समारोह महाविद्यालय के आई क्यू ए सी सेल, रेड क्रास और रासेयो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जी सी भारद्वाज ने किया।

# कबाड़ियों व उनके गुर्गों के हौसले बुलंद

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ उर्दना क्षेत्र के गाड़ियों की मरम्मत करने वाले दुकानदारों का चोरों ने जीना मुहाल कर रखा है। थाने में कई बार शिकायत भी होती है मगर चोरों के हौसले बुलंद हैं। मरम्मत के लिए आने वाली गाड़ियों के पार्ट्स और औजारों की लगातार हो रही चोरियों से परेशान होकर क्षेत्र के सभी मैकेनिक और मालिक आज जिला पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंचे और क्षेत्र में लगातार चोरियों की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग उठाई है। रायगढ़ औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां कबाड़ की काफी मांग रहती है। जिसके लिए लोहे के सामानों की चोरी अब आम बात हो चुकी है। रायगढ़ मैकेनिक संघ के दिए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि इनके सारे चोरी के सामान एक ढाबे में भेजे जाते हैं। पुलिस द्वारा कार्रवाई का आश्वासन होने पर उस रसूखदार ढाबे मालिक नाम पता और पहचान बताने को भी तैयार है। अपने दिए गए आवेदन में उन्होंने जो बात लिखी वह काफी चैंकाने वाली थी इन परिस्थितियों को देखकर कहा जा सकता है रायगढ़ में वाकई अवैध कबाड़ीयो के हौसले बुलंद है। शनिवार की दोपहर रायगढ़ मैकेनिक संघ के बैनर तले उर्दना क्षेत्र के मैकेनिक और गैरेज मालिक जिला पुलिस अधीक्षक के पास अपना आवेदन लेकर पहुंचे थे। जहां उनकी मुलाकात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले से हुई। अपने आवेदन में उन्होंने बताया कि हम सब मैकेनिक उर्दना चैक के आसपास गैरेजो दुकानों में गाड़ी बनाने का कार्य करते हैं। पिछले कुछ दिनों से जो हमारे गैरेजो में गाड़ियां बनने आती है एवं जो हमारे पुराने समान रखे रहते हैं उनके सामानों की लगातार रात्रि में हमारे गैरेज से चोरियां हो रही है। अभी लगभग 3 दिन पहले कुबेर मोटर्स में ट्रक का कछुआ प्लेट रात्रि में चोरी हुआ जिसका की वीडियो फुटेज भी हमारे पास है और उसकी शिकायत भी हमने सिटी कोतवाली थाने में कर रखी है।

# 25 लीटर कच्ची महुआ शराब व अपाचे मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जिला जांजगीर चांपा के निर्देश एवं सहायक आयुक्त आबकारी विकास कुमार गोस्वामी के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त सक्ती/ डभरा प्रभारी छबि लाल पटेल के नेतृत्व में दिनांक 23.11.2021 को ग्राम तौलीपाली से मुकबीर की सूचना पर टीव्हीएस अपाचे मोटर सायकल को रोककर तलासी लेने पर नगझर निवासी आरोपी देवराज यादव एवं अपचारी बालक विक्की जोशी निवासी चारपारा के कब्जे से 25 लीटर हाथ भट्ठी शराब जप्त किया गया। दिनांक 23.11.2021 को गिरफ्तार आरोपी देवराज यादव के विरूद्ध आब. अधि. की धारा 34(2) का प्रकरण कायम कर मोटर सायकल एवं शराब को जप्त कर माननीय न्यायालय से रिमाण्ड प्राप्त कर जेल दाखिल किया गया। विवेचना के दौरान फरार अपचारी बालक विक्की जोशी को आज दिनांक 26.11.2021 को गिरफ्तार कर बाल न्यायालय से रिमाण्ड प्राप्त कर बाल संप्रेषण गृह कोरबा में दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक एन.वाखला, सुभाष तिवारी, अनिल पाण्डेय, राजेश पटेल, एवं कमलेश यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पंचायत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन में मुख्य अतिथि नहीं पहुंचे, आयोजक के द्वारा पुरस्कार वितरण

पायनियर संवाददाता ◂ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

विधानसभा अंतर्गत भातमाहुल में पूर्व वर्षो की तरह भाती इस वर्ष भी पूर्व बीडीसी स्वर्गीय श्रीमती गायत्री देवी जाटवर की स्मृति में पंचायत स्तरीय स्टार प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग से 35 टीमें एवं महिला वर्ग से 7 टीमें शिरकत किए थे। जिसके अंतिम दिवस हुए बालक और बालिका वर्ग के फ़ाईनल मैचों में क्रमशःबालक वर्ग के फ़ाईनल मैच में बिनौधा ने सुखदा को 27 - 12 से जबकि बालिका वर्ग में पेन्ड्रा ने केरा को 35-04 से हराकर विजयी ट्रॉफ़ी पर कब्जा जमाया । ,इस प्रतियोगिता में ना सिर्फ़ जैजैपुर बल्कि अन्य विधानसभा और अन्य जिले से बिलासपुर ,कोरबा ,जांजगीर एवं गौरेला-पेंड्रा -मरवाही से भी काफ़ी संख्या में खिलाड़ियों व दर्शकों का आगमन हुआ जो यहाँ के समिति के व्यवस्था व खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देख कर प्रफुल्लित हुए। 4 दिवसीय इस श्रृँखला अनेकों जनप्रतिनिधियों का भी आगमन हुआ जिनमें प्रथम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा,भाजपा प्रदेश मंत्री , सांसद निज सचिव रोहित चन्द्रा,न.पं.जैजैपुर अध्यक्ष सोनसाय देवांगन ,द्वितीय दिवस मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक केशव प्रसाद चन्द्रा ,तृतीय दिवस मुख्य अतिथि जबकि फ़ाईनल दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय के स्थान पर उनके आदेशानुसार अभिषेक स्वर्णकार शामिल रहे । प्रतियोगिता में विजेताओं को शील्ड के साथ प्रथम पुरस्कार के रूप में रु 10000/- द्वितीय रु 7000/- तृतीय 5000/- चतुर्थ 3000/- नगद प्रदान किया गया जिसके बाद पूर्व योजनानुसार आर्केस्ट्रा जा रंगारंग गायन-वादन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिससे दर्शकों का मन मोह लिया।

# तहसील कार्यालय शिवरीनारायण में संविधान दिवस पर संविधान निर्माताओं को याद किया

पायनियर संवाददाता ◂ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



तहसील कार्यालय शिवरीनारायण में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ.भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा पूर्वक स्मरण किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पैनल लॉयर-जितेन्द्र तिवारी द्वारा भारत के संविधान उद्देशिका का वाचन कर शपथ दिलाया गया। तिवारी ने कहा कि संविधान दिवस के इस पावन अवसर पर हम सभी को चाहिये कि अपने स्वतंत्रता आंदोलन के आदर्शो और संविधान निर्माताओं की आशाओं और अपेक्षाओ का श्रद्धा पूर्वक याद करें और पूरा करने का संकल्प लें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तहसीलदार संदीप कुमार साय, आर.आई-दिनेश चंद्रवंशी, किशोर सिदार,मुख्यालय पटवारी-मोहन बनर्जी, गजानंद साहू,दिग्विजय गिरी गोस्वामी, मुकेश पाटिल, चंद्रशेखर कश्यप, संतोष मानिकपुरी, अम्बुज शर्मा, रीडर-अरविंद कुमार यादव, प्रोसेस सर्वर-पंकज खूंटले, लोक सेवा केंद्र प्रभारी रमाशंकर नोनिया, भृत्य-शिव बालक निषाद, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पैनल लॉयर-जितेन्द्र तिवारी, एम. आर.कश्यप, गजेन्द्र बंजारे, देवनारायण मांडले, देवप्रसाद साहू, श्यामसुंदर कश्यप,शिवगोपाल यादव, चितरंजन केशरवानी, सुभाष मिरी, इतवारी यादव, चैनमेन-द्रोपद यादव, कोटवार-लीला राम कश्यप, शिव कुमार चौहान उपस्थित रहे।

# उपार्जन केन्द्रों तक नहीं पहुंचे बारदाने

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



1 दिसंबर से प्रारंभ होने वाले धान खरीदी को लेकर जहां जिले में प्रशासनिक तैयारियां नजर आने लगी है वही दुसरी तरफ प्रशासन इस बार भी धान खरीदी को लेकर अपनी पुरानी गलतियां पुनः दोहराने के मुड में नजर आने लगा है। जिसको देखते हुए इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि बीते वर्ष की तरह इस बार भी कही आधी अधूरी तैयारियों के बीच धान खरीदी शुरू न करनी पड जाये । ज्ञात हो बीते वर्ष जहां बेमौसम बारिश उठाव की समस्या , खरीदी प्रभारियों की नियुक्ति, फ्ड की व्यवस्था जिला प्रषासन के लिए मुसिबत का सबब बन गई थी जिसके चलते खरीदी बंद होने के बाद भी खरीदी केन्द्रो में लाखो का धान पडा रहा, जिसको लेकर इस वर्ष प्रशासन जीरो शार्टेज को लेकर रणनीति बनने में शुरूआत से ही लगा हुआ है, किंतु जमीनी हकीकत कुछ और ही बंया कर रही है। जिले के 66 समीतियों के 95 केन्द्र में इस बार खरीदी की जानी है, जिसमें प्रशासन द्वारा जीरो शार्टेज का निर्देश जारी किया गया है, एवं खरीदी करने के लिये प्रभारियों की नियुक्ति की जा रही है। धान खरीदी के पूर्व की तैयारियों के लिये बारदाना प्रभारी चबूतरा निर्माण एवं 2 प्रतिषत राषि का इतंजाम भी किया जा रहा है। बरदाना एवं उठाव एक बार खडी न करे समस्या - 19 हजार गठान नये-पुराने बारदानों की आवष्यकता है। जिला विपणन विभाग ने अबतक 4 हजार गठान का संग्रहण कर लिया है। संग्रहित बारदाने अभी तक उपार्जन केंन्द्रों में नहीं पहुंचे है। परिवहन के लिए विभाग ने निविदा आमंत्रित किया था। लेकिन दर कम होने के कारण एक भी ट्रांसपोर्टर शामिल नहीं हुए। धान खरीदी शुरू होने से पहले समस्या खड़ी हो गई है। समय पर पर्याप्त बारदाने नहीं पहुचे तो खरीदी कार्य भी प्रभावित होगी। समस्या निदान के लिये विपणन विभाग अब निजी वाहन चालकों के बारदाना आपूर्ति कराने की तैयारी में है। बीते वर्ष की तरह नये के साथ पुराने बारदानों में धान खरीदारी होगी। विपणन और खाद्य विभाग को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। पिछले तीन माह से बारदानों के संग्रहण का काम चल रहा है।धान खरीदी के लिये तैयारी मुकम्मल नही होने से बाधाएं शुरू हो गई है। विपणन विभाग ने बारदानों का संग्रहण तो कर लिया है लेकिन अभी तक वह उपार्जन केन्द्र नही पहुचे है। निजी वाहन मालिकों के भरोसे बारदाना आपूर्ति में विभाग अपनी मर्जी के अनुसार काम नही करा सकता।

# अंबेडकर के छायाचित्र भेटकर संविधान के नियमों का पालन करने शपथ लिया



पायनियर संवाददाता ◂ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

सविधान दिवस के शुभ अवसर पर शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद के अतिथि व्याख्याताओं ने प्राचार्य जी एन भतपरे को संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र भेटकर संविधान के नियमों का पालन करने शपथ लिया। इस अवसर पर महाविघालय के अतिथि व्याख्याता अश्वनी केशरवानी, विकास दुबे, डॉ.गायत्री गोयल, सत्यप्रकाश खडगबंधे, सरोज मालाकार, हरिचंद यादव, दुर्गा आदित्य आदि उपस्थित थे।

# अमृत मिशन योजना के लिए फिर से खोद डाली गई नई सड़क

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com





रायगढ़ शहर में अच्छी सड़क का सपना सिर्फ सपना बनकर रह गया उस पर अमृत मिशन योजना से बची खुची सड़क भी अपना स्वरूप खो चुकी है। पिछले कुछ सालों से पाईप लाईन बिछाने के नाम पर अमृत मिशन योजना के तहत पूरे शहर की सड़क को खोद डाला गया है, इन सड़क में खोदने की वजह से लोग चोटिल तो हुए साथ ही उनकी परेशानी भी बढ़ी है। इसी क्रम में शनिवार की दोपहर बैंक कालोनी हिमालया हाईट्स के पास साल भर पहले बनी नई सड़क को पाईप लाईन बिछाने के लिए खोद डाला गया। इस वजह से इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। साथ ही इस मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें भी लग गई है। नगर निगम के द्वारा अमृत मिशन योजना के लिए एक लंबे अर्से से काम जारी है। इस योजना के तहत शहर के पूरे 48 वार्डो में पाईप लाईन बिछाने सड़क को बुरी तरह खोद डाला गया और इन सड़कों को बनाने में सिर्फ खानापूर्ति ही की गई। रायगढ़ जिले की सड़कों की स्थिति किसी से छुपी नही है। यहां की जर्जर सड़कों की वजह से यहां पहले की अपेक्षा सड़क दुर्घटनाओं में गान गंवाने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। ऐसी स्थिति में अमृत मिशन योजना के तहत सड़कों में किया जा रहा गड्ढा किसी बड़े खतरे से कम नही है। पिछले वर्ष अमृत मिशन योजना के तहत किये गए गड्ढे में कोतरा रोड़ के पास एक कार जा घुसी थी। गनीमत से इस हादसे में कोई जनहानि नही हुई अन्यथा यहां कोई बड़ी घटना घट सकती थी।

शनिवार को शहर के बोईरदादर क्षेत्र में स्थित हिमालया हाईट्स, बैंक कालोनी मार्ग में यहां के रास्ते को पूरी तरह से ब्लॉक करके जेसीबी के जरिए कई घंटों तक साल भर पहले बनी यहां की सड़क

### क्या कहते हैं सभापति

इस संबंध में हमने निगम के सभापति जयंत ठेठवार से बात की तो उन्होंने ने भी माना कि सड़क को खोदने से पहले निगम की जानकारी जरूरी है, लेकिन कई जगह निगम के अधिकारियों के नही होनें से अलग तरीके से नई सड़क को खोद दिया जाता है वह गलत है। उनका यह भी कहना था कि चूंकि अमृत मिशन योजना के तहत पाईप लाईन बिछाने के लिए जो योजना बनाई गई थी उस पर निगम के अधिकारियों के निगरानी नही होनें से गलत तरीके से भी सड़कें खुदी है, पर इन्हें फिर से बनाने का काम भी अमृत मिशन के तहत काम करने वाले ठेकेदार करेंगे।

### मरीन ड्राईव की सुंदरता पर अमृत मिशन का लगा ग्रहण

शहर में बढ़ते यातायात की समस्या को देखते हुए करोड़ो रूपए की लागत से सीएसआर मद की राशि से केलो नदी के दोनों किनारों में मरीन ड्राईव का निर्माण किया गया था। जहां की सुंदरता पहले कभी देखते ही बनती थी। सुबह और शाम के वक्त लोग यहां वक्त गुजारने पहुंचते थे। मगर जब से जिले में



अमृत मिशन योजना का काम चालू हुआ है। शहर की सड़के ही नही अपितु मरीन ड्राईव को भी बुरी तरह खोद डाला गया है। आलम यह है कि आज यहां कोई झांकने तक नही आता। साल भर से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद अमृत मिशन योजना का ग्रहण लिए मरीन ड्राईव अपनी बदहाली पर आंसु बहा रहा है। मरीन ड्राईव की सड़क अस्त व्यस्त होनें की वजह से शहर में यातायात का दबाव एक बार फिर से बढ़ चुका है।

### अमृत मिशन योजना के ठेकेदार कर रहे मनमानी– शुभम



क्षेत्र के युवा शुभम सिंह का कहना था कि अमृत मिशन में भारी लापरवाही देखी जा रही है। अमृत मिशन योजना के काम में ठेकेदारों के द्वारा कही भी गड्ढे खोद दिए जा रहे है और बगैर काम पूरा किये अधूरे में ही छोड़ दिया जा रहा है और न ही संबंधित जगहों में कोई मार्क किया जा रहा है जिसमे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने के आशंका हैं।

# महंगाई से देश पीड़ित : पीतांबर वर्मा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा/बोड़ला
www.dailypioneer.com



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नीलकंठ चंद्रवंशी ने कहा कि पूरे भारत देश में पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री, कपड़ा, दवाई, स्टेशनी सहित सभी आवश्यक वस्तुओं के दामों में कांग्रेस सरकार के समय की कीमत से दोगुनी वृद्धि को मोदी निर्मित महंगाई करार देते हुये कहा कि मोदी और महंगाई' लोगों के जीवन के लिए अभिशाप बन गया है। महंगाई और कीमतों में हो रही अप्रत्याशित वृद्धि ने देश में हर व्यक्ति की कमाई को निगल कर हर परिवार की आय और बजट को बिगाड़ दिया।

बोड़ला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पीतांबर वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जनित महंगाई और मूल्य वृद्धि के कारण असहनीय पीड़ा और वेदना से देशवासी पीड़ित है, लाचार है, मजबूर है। घर परिवार का बजट मोदी निर्मित महंगाई ने तहस नहस कर दिया। न्यूनतम पोषण भी लोगों की पहुंच से बाहर हो गया है। प्रतिदिन रसोई में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री एवं उपयोग की अन्य वस्तुएं खरीदना भी मुश्किल हो गया है। मोदी सरकार ने देश के नागरिकों की अभूतपूर्व पीड़ा और वेदना के प्रति अपनी आंखें मूंद ली हैं। मोदी सरकार द्वारा लोगों को कोई भी राहत दिए जाने की बजाय भाजपा पोषित चुनिंदा मीडिया के एक वर्ग की मदद लेकर जनता के इन महत्वपूर्ण मुद्दों से धार्मिक, विभाजनकारी बहस एवं बयानों द्वारा लगातार भटकाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ क्रेड़ा के सदस्य कन्हैया लाल अग्रवाल ने कहा कि भारत की जनता को सबसे अधिक प्रभावित करने वाली वास्तविक समस्या इस समय पेट्रोल, डीज़ल और रसोई गैस की महंगी कीमतें हैं, जिसकी वजह से सभी खाद्य पदार्थ एवं उपभोग की वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। हर परिवार खाने के तेल, दालों और खाद्य पदार्थों की असहनीय महंगाई के प्रभावित है। शायद यह इतिहास में पहली दफा है कि टमाटर की कीमतें पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों को भी मात दे रही हैं। निर्माण सामग्री, जैसे सीमेंट, लोहा, और स्टील के दामों में लगभग 40 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो गई है। सब कुछ धीरे-धीरे आम लोगों की पहुंच से बाहर होता चला जा रहा है। मोदी सरकार या तो लोगों के कष्ट व पीड़ा से अनभिज्ञ बनी हुई है या उनका परिहास बनाती है।

जन जागरण अभियान पदयात्रा खैरबना सेक्टर में मुख्य रूप से शामिल नीलकंठ चंद्रवंशी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा, कन्हैया अग्रवाल छत्तीसगढ़ क्रेडा सदस्य, पीतांबर वर्मा जी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बोड़ला, अमर सिंह वर्मा जी जन जागरण अभियान पद यात्रा प्रभारी बोड़ला, सनत जयसवाल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बोड़ला, गुलाब जयसवाल वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता, रामचरण साहू, नीलकंठ साहू जिला कांग्रेस महामंत्री, सुखदास पटेल, आनंद, विष्णु जांगड़े ,विजय जयसवाल, गंगाराम जयसवाल, आत्मा जयसवाल, प्रमिला गंधर्व, सीताबाई धुर्वे, लेख भाई, सनत राम गंधर्व, सेवकराम गंधर्व, माखन सिंह, चोवाराम छेदावी, राजेंद्र मरावी, कीर्तन जयसवाल, घनश्याम मारकंडे, गीत`श्वर साहू पारस साहू जैन पटेल मधुर झारिया सूरज श्रीवास एस कुमार कृष्णा साहू आत्माराम दिनेश साहू कुंदन साहू फिरोज साहू दिलेश्वर साहू कंस राम धुर्वे द्वारिका लुक साहू आत्मा साहू धनुस साहू, गोरेलाल चंद्रवंशी मीडिया प्रभारी बोड़ला , अश्वनी वर्मा ,अमित वर्मा ,परमेश्वर मानिकपुरी, धन सिंह धुर्वे, श्याम मेश्राम ,कुमार पटेल एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के कांग्रेश कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे हैं।

# कलेक्टर के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री सुपोषण योजना का बालोद जिले में हो रहा बेहतर क्रियान्वयन

## मंत्री अनिला के विधानसभा क्षेत्र की बालिका चेतना के वजन में हुई वृद्धि, माता-पिता हुए खुश

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों के हितग्राहियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराकर लाभान्वित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी हरिकीर्तन राठौर ने बताया कि बाल विकास परियोजना डौंडी-02 के अंतर्गत ग्राम दारूटोला की बालिका चेतना का वजन जन्म के समय 1 किलो 700 ग्राम था, जो कि अति कुपोषित श्रेणी में थी। उन्होंने बताया कि बालिका को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए उसके माता, पिता व परिवार के सदस्यों को आगनबाड़ी कार्यकर्ता और पर्यवेक्षक द्वारा समय-समय पर गृहभेंट कर वजन, सतत् स्तनपान, उचित देखभाल के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही माता को पौष्टिक पोषण आहार, रेडी टू ईट, हरी सब्जी आदि के लिए प्रेरित किया गया। इन सभी प्रयासों से बालिका चेतना का वजन चार माह में 05 किलो 800 ग्राम हो गया। उन्होंने बताया कि बालिका के छह माह पूर्ण होने पर उसे मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के तहत् आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से पौष्टिक आहार प्रदाय किया गया। अब 11 माह पूर्ण होने पर बालिका का वजन 7 किलो 500 ग्राम हो गया है, जो की सामान्य श्रेणी में है। इससे बालिका चेतना के माता पिता काफी खुश है।

# खाद्य भण्डारण डिपो में आजादी का अमृत महोत्सव हुआ आयोजित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार गृह निगम हथलेवा में शनिवार को आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भारतीय खाद्य निगम के वरिष्ठ अधिकारी के साथ साथ अपर कलेक्टर बीएस उइके,खाद्य अधिकारी अरुण मेश्राम, नागरिक आपूर्ति निगम के जिला अधिकारी ए डी भास्कर एवं छत्तीसगढ़ भण्डारण गृह निगम कवर्धा के भी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियो ने अपने संबोधन में आजादी का अमृत महोत्सव आयोजन के बारे में जनसमुदाय को अवगत कराया। भारतीय खाद्य निगम् मण्डल कार्यालय दुर्ग से बफपालबीर सिंह, मंडल प्रबंधक ने इस अवसर पर उल्लेख किया कि कैसे आजादी के पश्चात किसानों और भारतीय खाद्य निगम ने मिलकर खाद्यान्न उत्पादन एवं भंडारण के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाया साथ ही साथ खाद्यान्न वितरण प्रणाली द्वारा कैसे कुपोषण को दूर करने का प्रयास किया गया । इसी के साथ फोर्टिफाईट चावल की गुणवत्ता एवं भारतीय खाद्य निगम की उपलब्धियों एवं भण्डारण के विषय में लोगों को बताया। कोविड 19 महामारी काल कर्मचारियों एवं श्रमिकों द्वारा 24 घंटे लगातार किये गए कार्य को सहारना की गई।




# किसानों को धान बेचने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए : कलेक्टर

## कलेक्टर ने धान खरीदी की तैयारियों का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने 1 दिसम्बर से प्रारंभ होने वाले धान खरीदी के लिए की गई तैयारियों का जायजा लेने धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने राजनांदगांव विकासखंड के धान खरीदी केन्द्र अंजोराए सोमनी और बघेरा में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि धान खरीदी में किसी भी किसान को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। धान खरीदी केन्द्र में बारदानाए ड्रेनेजए आर्द्रता मापी यंत्रए कांटा.बांट का सत्यापन सहित अन्य व्यवस्था पूरी रखें। जिससे धान खरीदी दिवस में किसानों को कोई परेशानी नहीं हो। पहले दिन से ही किसानों के बारदाने में धान की खरीदी की जाए। धान उठाव के लिए वाहन के आने.जाने के लिए रास्ता सुव्यवस्थित हो। उन्होंने केन्द्रों में प्रतिदिन खरीदी करने वाले धान की मात्रा की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी पात्र किसानों का धान खरीदा जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ लोकेश चंद्राकर, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सुनील वर्मा, खाद्य अधिकारी भूपेन्द्र मिश्रा, जनपद सीईओ एसके ओझा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कोरबा पश्चिम बना बेडमिंटन का सरताजए महिला सिंगल में अनिता तथा पुरूष सिंगल में हितेन्द्र बने विजेता

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड राजनांदगांव के तत्वाधान में राजनांदगांव स्थित दिग्विजय स्टेडियम के बेडमिंटन कोर्ट में आयोजित अंतरक्षेत्रीय विद्युत पॉवर कंपनीज बेडमिंटन प्रतियोगिता के देर शाम हुए फ इनल मुकाबले के महिला सिंगल में अंबिकापुर क्षेत्र की वीरागंना को कोरबा पश्चिम की अनिता सिंह ने 21.17ए 21.16 के सीधे सेटों में करारी शिकस्त देकर विजेता बनी। पुरूष सिंगल के फ इनल में कोरबा पश्चिम के अविनेश पाठक को रायपुर सेन्ट्रल के हितेन्द्र मारकण्डे ने कांटेदार मुकाबले में 21.19ए 10.21ए 21.16 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इसी प्रकार महिला डबल के फाइनल में कोरबा पश्चिम की दिव्या और अनिता ने रायपुर क्षेत्र की रीतिका एवं यशोदा को 21.13ए 21.11 से पराजित किया। पुरूष डबल ;ओपनद्ध के फ्इनल मुकाबले को कोरबा पश्चिम के अविनेश व रायपुर सेन्ट्रल के हितेन्द्र ने कोरबा पश्चिम को 21.14ए 21.14 से हराकर जीता। वेटरन सिंगल पुरूष का फ्इनल मैच में रायपुर क्षेत्र के प्रशांत नागर ने रायपुर सेन्ट्रल के संजय वैद्य को 21.8ए 17.21ए 21.15 से हराकर विजेता का खिताब हासिल किया। उसी प्रकार पुरूष वेटरन ;युगलद्ध में रायपुर क्षेत्र के प्रशांत नागर एवं राकेशशुक्ला को फ्इनल मुकाबले को जीतने का अवसर प्राप्त हुआ। क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद राजनांदगांव क्षेत्र के तत्वाधान में 25 से 27 नवम्बर 2021 तक आयोजित तीन दिवसीय अंतरक्षेत्रीय बेडमिंटन प्रतियोगिता के समापन समारोह में टीम इवेन्ट विजेता कोरबा पश्चिम की टीम को शील्ड एवं उपविजेता रही मड़वा की टीम को रनर शील्ड प्रदान किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टीण्केण् मेश्राम द्वारा विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अभियंता मेश्राम ने विजेता एवं उपविजेता टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने तीन दिनों तक दिग्विजय स्टेडियम के नए बेडमिंटन कोर्ट में बेहतर खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया।

# गैंदाटोला में केंद्र सरकार के विरोध में जनजागरण अभियान




पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया द्वारा ग्राम गैंदाटोला में केंद्र सरकार के विरोध में जन जागरण अभियान चलाया गया। यह अभियान खुज्जी विधानसभा के विधायक छन्नी चंदू साहू एवं छुरिया ब्लॉक के प्रभारी चंद्रभान वाजपेई, छुरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रितेश जैन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गैंदाटोला नगर भ्रमण करते हुए केंद्र सरकार के विरोध में नारों के साथ जोरदार प्रदर्शन किया। अंत में एक नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी वक्ताओं ने केंद्र की असफल नीतियों एवं पेट्रोलएडीजलएरसोई गैसके दामों की वृद्धि एवं महंगाई को लेकर जोरदार हल्ला बोला। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रकाश शर्माए सूरज साहू जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राहुल तिवारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया के महामंत्री प्रहलाद प्रसाद मिश्रा, प्यारे लाल मंडावी, सतीश साहू उपाध्यक्ष भीखम देवांगन सचिव अमित अग्रवाल, राजू सिंह राजपूत, ईश्वर साहू वरिष्ठ नेता चंद्र कुमार साहू जी किसान नेता एवं विधायक प्रतिनिधि भाई चंदू साहू, खलील कुरेशी, लंबोदर सोनी, सुरेश महाराज एकनाथ सिन्हा महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रिका वर्मा, पूर्णिमा पाल, टूमन पाल युवा नेता आरिफ खान नरेंद्र मानिकपुरी, राजीव कुरैशी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं आम लोग मौजूद रहे।

# नक्सल प्रभावित वनांचल ग्राम वासियों से रूबरू होने जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक साथ पहुंचे ग्राम सौरु

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले के नक्सल प्रभावित थाना झलमला क्षेत्र के वनांचल ग्राम सौरु के ग्राम वासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर निराकरण करने के उद्देश्य से कबीरधाम जिलाधीश रमेश कुमार शर्मा एवं उनकी पत्नी ज्योति शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं उनकी पत्नी जागृति गर्ग के द्वारा दिनांक-27/11/2021 को ग्रामवासी महिला/ पुरुष एवं बच्चों से सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर मुलाकात किया गया। जिलाधीश एवं पुलिस कप्तान को ग्राम वासियों के द्वारा अपने बीच सपरिवार पाकर फूल माला पहनाकर, बैगन नित्य प्रस्तुत कर भव्य स्वागत किया गया। ग्राम वासियों के मनोरंजन एवं बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु सांस्कृतिक तथा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसके पश्चात एक एक ग्राम वासियों से जिलाधीश एवं पुलिस कप्तान के द्वारा मिलकर उनसे क्षेत्र में होने वाली समस्या एवं आवश्यकताओं के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा कर ग्रामवासी स्कूली छात्र छात्राओं एवं महिला पुरुषों को ठंड से बचाव के लिए आवश्यक वस्तुएं कंबल, साल, स्वेटर, आदि का सामुदायिक पुलिसिंग के तहत वितरण किया गया। ग्राम वासियों द्वारा ग्राम में जल की समस्या का जिक्र जिलाधीश से किया गया जिसका तत्काल निराकरण करते हुए जिलाधीश महोदय द्वारा पीएचई विभाग को नवीन बोर खनन करने के आदेश देकर ग्राम वासियों के पेयजल की समस्या का निराकरण किया गया, साथ ही जानकारी भी दिया गया कि शासन प्रशासन एवं पुलिस की टीम के द्वारा लगातार क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में जाकर विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी दिया जाता है, उन हर योजनाओं का बढ़-चढ़कर लाभ लेने कहा गया।

# धान उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त बारदाना उपलब्ध कराने कलेक्टर महोबे ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त बारदाना उपलब्ध है। धान खरीदी शासन का महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें लापरवाही व उदासीनता बर्दाश्त नही की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। श्री महोबे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में धान खरीदी के संबध में आयोजित बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने नवीन धान उपार्जन केंद्रों की भी जानकारी ली और नवीन धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नवीन किसानों का पंजीयन और एफआरए हितग्राहियों के पंजीयन, समिति माड्यूल में रकबा सुधार आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में धान विक्रय के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने बताया कि पंजीकृत किसान द्वारा स्वयं के जूट बारदाना से धान विक्रय किए जाने पर 18 रुपए प्रति नग बारदाना की दर निर्धारित किया गया है। पंजीकृत किसान धान खरीदी के पहले दिन से अपने बारदाने से धान विक्रय कर सकेंगे। उन्होंने शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से नवंबर माह तक का शतप्रतिशत बारदाना व मिलर्स से लक्ष्य अनुरूप प्राप्त बारदाना की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार व खाद्य निरीक्षकों को धान उपार्जन केंद्रों का नियमित मॉनिटरिंग करने और उपार्जन केंद्रों में उपलब्ध बारदाना, धान का रखरखाव सहित आवश्यक व्यवस्था आदि की जानकारी लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केंद्रों में धान शार्टेज की समस्या न हो, सहकारिता विभाग के अधिकारी और खाद्य निरीक्षक जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें।

उन्होंने धान उपार्जन केंद्रों में धान के रख रखाव व स्टेकिंग आदि के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। धान खरीदी के समय धान की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान रखें।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने जिले के खिलाड़ियों के चयन स्पर्धा का आयोजन



**दल्लीराजहरा।** राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बालोद जिले के खिलाड़ियों के चयन स्पर्धा का आयोजन नगर के वार्ड मांक-14 स्थित शहीद सुदामा मैदान में किया गया।चयन किये गए सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर ने चयन स्पर्धा में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और राज्य स्तरीय ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने हेतु सभी खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर वार्ड मांक-14 के पार्षद चंद्रप्रकाश सिन्हा ,एल्डरमैन प्रमोद तिवारी ,जिला ऐथलेटिक्स संघ सचिव अनिल खोबरागड़े ,कांग्रेस नेता रामकुमार शर्मा ,पूर्व पार्षद रमेश भगत ,अनिल कोम्बे , ऐथलेटिक्स संघ के संजय रावत जी,सुरेश वर्मा जी सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय काव्य गोष्ठी का ऑनलाइन आयोजन संपन्न




**रायपुर।** राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक मंच का आन लाइन काव्य गोष्ठी में संजीव ठाकुर नामचीन कवि, चिंतक, लेखक के उपरोक्त उद्गार थे। विगत दिनों राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक मंच के छत्तीसगढ़ इकाई की काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया . मंच की छत्तीसगढ़ प्रमुख अनिता झा के द्वारा मंच के संस्थापक नरेश नाज़ (हरियाणा) एवं किरण गर्ग (चंडीगढ़)के मार्ग दर्शन में आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि जया आर्या (भोपाल) थी।

छत्तीसगढ़ के ख्याति लब्ध साहित्य कार सम्मिलित होकर अपनी श्रेष्ठ रचनाओं का पाठ किया. गोष्ठी का आरम्भ शुभा शुक्ला के सरस्वती वंदना एवं अल्पना झा के राज गीत अरपा पैरी के धार गायन से हुआ .गोष्ठी में प्रमुख रूप से अंचल के प्रसिद्ध महेश राजा, महेंद्र ठाकुर, अंतरराष्ट्रीय ख्याति के कवि चिंतक, लेखक संजीव ठाकुर, शीलकान्त पाठक, जया आर्य, किरण लता वैद्य, अर्चना पाठक के साथ ही निहारिका झा, शुभा बनर्जी ,वंदना झा, सीमा रानी प्रधान ,नीरजा ठाकुर, पल्लवी झा डाक्टर सुशील गुरु, आशा सिंह कपूर, जनक वाघेल, सुषमा श्रीवास्तव, रजनी यादव, अनुपमा झा ,सुषमा झा, आभा टंडन, आशा ठाकुर आदि प्रबुद्ध साहित्य कारों ने अपनी रचनाओं का पाठ कर कायक्रम को सफल बनाया। महेश राजा के आभार प्रदर्शन के साथ ही इस सरस कार्यक्रम का समापन हुआ. कार्यक्रम का सफल संचालन शारदेंदु झा एवं अनीता झा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# उजड़ते नगर को बचाने राजहरा व्यापारी संघ कई मांगो की



**दल्लीराजहरा।** राजहरा व्यापारी संघ की सामान्य बैठक अटल योग सदन में रखी गई थी, जिसमें उजड़ते नगर को बचाने राजहरा व्यापारी संघ कई मांगो को लेकर पिछले कई सालों से क्षेत्र के सांसद, विधायक, जिलाधीश,एसडीएम को लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराकर इसे राजहरा के आसपास स्थापित करने की मांग कर रहा है। लेकिन शासन, प्रशासन के द्वारा सिर्फ आश्वासन देकर छलावा किया गया है जबकि बालोद जिले का सबसे बड़ा शहर व सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है लोग लगातार पलायन कर रहे है लेकिन आज तक कोई भी माँग धरातल पर नही आई है। इन्हीं बातों को लेकर संघ ने अपनी बैठक कर आगामी कार्यवाही करने की कार्ययोजना बनाई है जिस पर सभी उपस्थित व्यापारी गणों ने सहमति जताई व तन, मन, धन से संघ को सहयोग करने का आश्वासन दिया व्यापारी संघ की मांग है कि नगर में केंद्रीय विद्यालय का निर्माण व राजहरा व आसपास के दायरे में शेक्षणिक हब के तहत मे`डिकल का`लेज, पोलटे`किनक कालेज का निर्माण। 270 एकड़ भूमि का पट्टा निःशुल्क या रियायत दर पर प्रदाय किया जाये,130 एकड़ भूमि को भी राजस्व विभाग को दिया जाए, नगर में सर्वसुविधायुक्त 100 बिस्तर सरकारी हॉस्पिटल का निर्माण एवं बायपास सड़क का निर्माण, रेलवे भूमि पर बसे सभी लोगो को पट्टा प्रदाय किया जाए। बीएसपी प्रशासन के द्वारा नगर के पुराना बाजार से चिखलाकसा तक लोगों को फिल्टर पानी प्रदान किया जाए, खनिज न्याय निधि की 50त्न राशि राजहरा के विकास में दिया जाए, सीएसआर मद की 50त्नराशि बी एस पी प्रशासन नगर के मूलभूत सुविधाओं में खर्च करे बी एस पी प्रशासन सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल व स्कूलों की सुविधाएं आम जनता के लिए नगर में प्रदान करे, इसी के साथ व्यापारी संघ ने मांग किया है कि लंबी दूरी की ट्रेन जो दुर्ग, रायपुर में 12 से 24 घंटे खड़ी रहती है उन ट्रेनों को दल्लीराजहरा से चलाया जाए।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.

दूरभाष क्रमांक 07868-241559 (कार्या) फैक्स 24149 ई-मेल आईडी sp-kanker.cg@nic.in

क्रमांक/पुअ/कांकेर/एसी/M-8632-A/2021, कांकेर दिनांक-25/11/2021

### // निविदा आमंत्रण सूचना//

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें दो लिफाफे पद्धति से पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर के कार्यालय में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर के भवन निर्माण कार्य हेतु नीचे दर्शाए गये प्रभावशील दर अनुसची पर प्रपत्र ''अ'' में लोक निर्माण विभाग के एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदार (डी श्रेणी एवं अधिक) से दो लिफाफा पद्धति में (निविदा दर तथा अमानत राशि लिफाफा) पंजीकृत पावती युक्त डाक पोस्ट एवं हाथों-हाथ से कार्यालयीन समय में आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि 09.12.2021
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10.12.2021 (15.00 बजे तक)
3. निविदा खोले जाने की तिथि 11.12.2021(16.00 बजे तक)

| क्र. | कार्य का नाम एवं कार्यस्थल | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बीएसएफ कैंप कामतेड़ा में बीएसएफ/ डीआरजी के जवानों के लिए 01 नग डीप बोरवेल मय सबमर्सिबल पंप | 4.00 लाख | 8000.00 | 750/- |

**नोटः-** निविदा फार्म हेतु कार्यालय में उपस्थित होने पर निम्नानुसार दस्तावेज अपने साथ लेकर उपस्थित होवें।
1. लो.नि.वि. से एजेंसी/फर्म का जीवित पंजीयन की प्रति। 2. जीएसटी पंजीयन एवं अद्यतन रिटर्न की प्रति। 3. विगत 03 वर्षों का आयकर रिटर्न की प्रति। 4. बैंक साल्वेंसी। 5. मजदूरों का बीमा एवं भविष्य निधि के दस्तावेज। 6. कार्यादेश प्राप्ति के भीतर जीवित लेबर लायसेंस की प्रति कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। 7. निरस्त चेक की प्रति। 8. पेन कार्ड। 9. आधार कार्ड। 10. धरोहर राशि 8000.00 प्रत्येक कार्य का पुलिस अधीक्षक कांकेर के नाम से एफडीआर/डीडी अमानत राशि जमा करना होगा। 11. निविदा प्रपत्र क्रय हेतु 0055 पुलिस मिसलेनियस 800 अन्य प्राप्तियां मद में राशि रू. 750.00 का चालान जमा कर चालान की मूल प्रति प्रस्तुत करने पर ही निविदा प्रपत्र प्रदाय किया जावेगा।
**टीपः- उक्त विज्ञापन के प्रकाशन से लागू आचार संहिता के किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं होता है।**

G- 65416/2

**पुलिस अधीक्षक उत्तर बस्तर कांकेर**

# क्यूं नहीं वापस लिया प्रभार : पीड़ितों को आशंका, आरोपी बीएमओ को जांच प्रभावित करने का मौका दिया जा रहा

## पहले नहीं की कार्रवाई अब विभाग के लिए शर्मिंदगी का सबब बने प्रभारी बीएमओ

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मानपुर के प्रभारी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोविंद कौशिक के खिलाफ खुले शिकायतों के पिटारे के बाद और भी कई तरह की जानकारी और सवाल सामने आ रहे हैं। महिला कर्मियों द्वारा प्रभारी बीएमओ पर यौन शोषण के संगीन आरोप लगे हैं। यही नहीं अन्य कर्मियों ने भी उनके खिलाफ गंभीर शिकायतें करते हुए उनपर मानसिक रुप से शोषण करने का आरोप लगाया है। उन पर धमकाने, वेतन रोकने, बेवजह गैरहाजिरी लगाने, छुट्टी पर भी काम लेने जैसे कई आरोप हैं।

बताया जाता है कि 6 महिने पहले ही डॉ. गोविंद के खिलाफ गंभीर मसलों को लेकर लिखित शिकायत की गई थी लेकिन उस दौरान किसी तरह का विभागीय एक्शन नहीं लिया गया। कर्मियों ने इस बार आक्रामक रुख अपनाया जिसके बाद डॉ. गोविंद के खिलाफ जांच शुरु हो पाई है।विभाग की महिला अधिकारियों सहित अन्य ने अपने बयान में डॉ. गोविंद पर काम की आड़ में छेड़खानी का आरोप लगाया है। वहीं कई अन्य कर्मियों ने उन पर मानसिक रुप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं।

दूसरी ओर पीड़ितों को आशंका है कि बीएमओ इस जांच को प्रभावित कर सकते हैं। विभाग ने अब तक उनसे प्रभार वापस नहीं लिया है। ऐसे में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए वे गवाहों को और शिकायतकताओं पर दबाव बना सकते हैं। एक पीड़ित ने बताया कि अस्पताल के कुछ कर्मियों को बीएमओ द्वारा इस मामले से दूर रहने के लिए धमकाया गया है।

### पहले भी हटाए गए, कई शिकायतें, फिर भी मिला सम्मान

डॉ. गोविंद के खिलाफ शिकायतों का यह पहला मामला नहीं है। मौजूदा कार्यकाल में ही कुछ महिने पहले उनके खिलाफ शिकायत हुई थी। इससे एक वर्ष पहले जब वे पूर्व में बीएमओ थे तब उनके खिलाफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों ने हड़ताल कर दी थी जिसके बाद उनसे प्रभार छिन लिया गया था। इन शिकायतें और आपत्तिजनक हरकतों के बीच भी बीते कुछ महिनों पहले ही डॉ. गोविंद कौशिक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था। सवाल खड़े हो रहे हैं कि अपनी कार्यशैली को लेकर विभाग में विवादित उक्त चिकित्सक को आखिर किसकी पैरवी पर सम्मानित किया गया था।

### जांच प्रभावित करने का प्रयास

प्रभारी बीएमओ के खिलाफ शिकायतों पर जांच जारी है। इधर, कुछ पीड़ितों का कहना है कि डॉ. गोविंद अब भी पद पर बने हुए हैं ऐसे में वह जांच प्रभावित कर सकते हैं। शिकायतों के गवाहों पर दबावा बनाया जाने की भी बातें सामने आ रहीं हैं। वैसे भी नियमतः जांच के दौरान अधिकारियों को उनके पद से हटा दिया जाता है लेकिन इस मामले में विभाग के जिम्मेदार अफसरों ने ऐसा कुछ नहीं किया है।

### हफ्ते भर में दो डॉक्टरों ने किया महकमे को शर्मसार

सप्ताह भर के भीतर ही वनांचल के दो चिकित्सकों के इस पेशे और विभाग को शर्मसार कर दिया है। पहले औंधी के डॉ. यशपाल सुमन द्वारा पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट तैयार करने के एवज में रिश्वत लेने का मामला सामने आया। इसके बाद अब मानपुर के प्रभारी बीएमओ यौन शोषण, मानसिक प्रताड़ना और धमकी देने जैसे संगीन आरोपों से घिर गए हैं। दोनों के ही खिलाफ विभाग अब तक कोई बड़ी कार्रवाई नहीं कर पाया है।

### काबिलों को नज़र अंदाज कर सौंपा प्रभार

डॉ. गोविंद के तौर-तरीके से विभाग के उच्चाधिकारी भी अंजान नहीं है। पहले और इस कार्यकाल के दौरान उनके खिलाफ शिकायतों का बड़ा पुलिंदा है। इस बीच हैरान करने वाली बात है कि काबिल चिकित्सकों और प्रशासक बनने की योग्यता रखने वाले अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद आखिर क्यूं ऐसे व्यक्ति को बीएमओ का प्रभार सौंपा गया जिनके चरित्र पर ही आरोप लग रहे हैं। जल्द डॉ. गोविंद पर कार्रवाई न होने पर मानपुर में विभागीय व्यवस्था गड़बड़ा सकती है। फौरी तौर पर नियुकति के लिए भी यहां कई योग्य नाम हैं जिनकी नियुक्ति जल्द से जल्द की जानी चाहिए।

# व्यापमं की परीक्षा में शामिल हुए साढ़े चार हजार



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मंडी निरीक्षक व सब इंस्पेक्टर बनने व्यापम रायपुर द्वारा रविवार को शहर के 17 परीक्षा केंद्रों में आयोजित परीक्षा में 4 हजार 533 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 938अभ्यर्थियों ने परीक्षा में हिस्सा नहीं लिया। परीक्षा में शामिल होने के लिए 5471 लोगों ने अपना पंजीयन कराया था। परीक्षा निर्धारित समय सुबह 10 से दोपहर 1.15 बजे तक हुई।

बताया गया कि कुल 168 पद के लिए 5471 शिक्षित लोगों ने परीक्षा के लिए पंजीयन कराया था। मंडी निरीक्षक के 22 पद और सब इंस्पेक्टर के 146 पद के लिए शहर के 17 स्कूल और कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इन परीक्षा केंद्रों में 5 हजार 471 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था रखी गई थी। जिसमें 4 हजार 533 परीक्षार्थियों में हिस्सा लिया । जबकि 938 लोग परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए।

मिली जानकारी दिग्विजय कॉलेज में 400 में से 337 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 63 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह कमला देवी में 400 में से 350 शामिल व 50 अनुपस्थित, शिवनाथ साइंस कॉलेज में 350 में से 306 शामिल व 44 अनुपस्थित, सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम स्कूल में 300 में से 263 शामिल व 37 अनुपस्थित, बल्देवप्रसाद मिश्र स्कूलबसंतपुर में 400 में से 351 शामिल व 49 अनुपस्थित, नीरज पब्लिक स्कूल में 400 में से 327 शामिल व 73 अनुपस्थित, वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल में 300 में से 248 शामिल व 52 अनुपस्थित, गायत्री विद्यापीठ केशर नगर में 500 में से 421 शामिल व 79 अनुपस्थित, युगांतर स्कूल में 350 में से 304 शामिल व 46 अनुपस्थित, ठाकुर प्यारेलाल स्कूल में 200 में से 166 शामिल व 34 अनुपस्थित, स्टेट हाईस्कूल में 300 में से 256 शामिल व 44 अनुपस्थित, वाडनियर मेमोरियल स्कूल में 300 में से 238 शामिल व 62 अनुपस्थित, गुरूनानक स्कूल में 350 में से 273 शामिल व 77 अनुपस्थित, रॉयल किडस कान्वेंट में 300 में से 227 शामिल व 73 अनुपस्थित, एमएलबी स्कूल में 300 में से 232 शाामिल व 68 अनुपस्थित, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्कूल में 200 में से 137 शामिल व 63 अनुपस्थित तथा देव आनंद जैन स्कूल में 121 में से 97 शामिल हुए। जबकि 24 परीक्षाथाी अनुपस्थित रहे।

## ग्राम चिरचारी कला में आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**छुरिया।** शनिवार को एकदिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु आयुष काढ़ा का वितरण शासकीय आयुर्वेद औषधालय प्रांगण चिरचारी कला में किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती पूनम शर्मा सरपंच, नरेंद्र दमोहे उपसरपंच, पं. प्रह्लाद मिश्रा शिक्षा समिति अध्यक्ष, हृदय राम सिंहा, सुरेश शर्मा सरपंच प्रतिनिधी, पार्वती सिन्हा, अनिता गंधर्व, देश्वरी चंद्रवंशी इत्यादि समस्त ग्रामवासी - कर्मचारी एवं शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल के द्वारा भगवान धन्वन्तरि की पूजा अर्चना कर किया गया। शिविर में 278 मरीज़ों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेद औषध प्रदान किया गया।

## 'छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति' होगी पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ◄ गंडई-पंडरिया
www.dailypioneer.com

भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय राज भाषा प्रभाग द्वारा संस्कृति विषयक मौलिक हिन्दी पुस्तक लेखन पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2020 के लिए छत्तीसगढ़ के सुपरिचित साहित्यकार व संस्कृति कर्मी डॉ.पीसी लाल यादव की पुस्तक ÷ छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति ÷ का चयन किया गया है। इस पुस्तक का प्रकाशन छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति व पुरातत्व विभाग के आर्थिक सहयोग से हुआ है। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति ÷कृति लोक साहित्य व लोक संस्कृति के अध्येताओं, प्रतियोगी परीक्षार्थियों व शोधार्थियों के लिये काफी उपयोगी सिद्ध हुई है।अब इसका दूसरा संस्करण भी शीघ्र प्रकाशित होने वाला है। उल्लेखनीय है कि डॉ.पीसी लाल यादव वरिष्ठ अंचल के साहित्यकार व सँस्कृति कर्मी हैं। इनकी अब तक 35 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। ÷छत्तीसगढ़ की




लोक संस्कृति÷ का भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय द्वारा पुरस्कार के चयन होना छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। आगामी माह में पुरस्कार वितरण का आयोजन संस्कृति मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में किया जायेगा। जिसमे ÷छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति÷ के लेखक डॉ.पीसी लाल यादव को पुरस्कार राशि के साथ प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया जायेगा। इस उपलब्धि के लिए डॉ.पीसी लाल यादव को अनेक साहित्यकारों,कलाकारों व इष्ट मित्रों ने बधाइयाँ दी हैं।

# पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते हुए वर्मा का निलंबन, कार्रवाई के बाद भाजपाईयों के कान खड़े

■ वरिष्ठों और संगठन में कई और पदाधिकारियों को लेकर नाराजगी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आखिर भाजपा जिलाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने जिला भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष शिव वर्मा के निलंबन की खबरों पर मुहर लगा दी। उन्होंने पुष्टि करते हुए कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते उन्हें निलंबित किया गया है। उन्हें जल्दी ही निलंबन पत्र भी मिल जाएगा। गुरुवार की शाम वर्मा के निलंबन की खबर निकलकर सामने आई थी।

जिला अध्यक्ष यादव ने इस कार्रवाई की आड़ में पार्टी के नेताओं के खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाजी करने वाले और पार्टी लाईन से बाहर जाकर गतिविधियां कर रहे पदाधिकारियों को भी एक तरह से सख्त चेतावनी दे डाली है। वरिष्ठ पार्षद वर्मा का निलंबन भाजपाईयों के लिए एक कड़ा संदेश भी है।

बीते दो दिनों से इस कार्रवाई को लेकर भाजपा के अंदरुनी खेमे में उथल-पुथल मची हुई थी। जिला अध्यक्ष यादव ने भी इस पर किसी तरह का बयान नहीं दिया था। दूसरी ओर इस दौरान वर्मा पार्टी के कार्यक्रमों में शिरकत करते देखे गए थे। वहीं शनिवार को वह पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यक्रम में भी उनके आसपास देखे जाते रहे। इसके चलते पार्टी के भीतर ही कई तरह की चचाएं छिड़ गई थी। बताया जाता है कि पार्षद शिव वर्मा के खिलाफ लगातार शिकायतें आ



रहीं थीं। वे पार्टी की लाईन से इतर जाकर कार्यक्रम आयोजित कर रहे थे जिसका पता पदाधिकारियों और वरिष्ठों को बाद में चलता था। इसे अनुशासनहीनता के दायरे में रखा जाता है। वहीं कई और स्तर पर उनकी कार्यशैली पार्टी की विचारधारा और अनुशासन के विपरित देखी गई। इसे लेकर वरिष्ठों में भी काफी नाराजगी थी।

### हमेशा विवादों में रहे वर्मा

पूर्व में नगर पालिक निगम में नेता प्रतिपक्ष और सभापति रहते हुए वर्मा के खिलाफ कम शिकायतें नहीं रहीं हैं। कांग्रेस के महापौर के कार्यकाल के दौरान तो वर्मा के कार्यालय से फर्जी सील जब्त की गई थीं। इसे लेकर काफी हो-हल्ला भी मचा था लेकिन वे जैसे-तैसे इस मामले में कार्रवाई की चपेट में आने से बच गए। कहा जाता है कि भाजपा जिलाध्यक्ष मधुसूदन यादव हमेशा ही वर्मा की कार्यशैली और गतिविधियों को लेकर नाराज रहे हैं। पूर्व में उनके महापौर कार्यकाल के दौरान भी वर्मा से उनकी पटरी न बैठने की बात सामने आती है।

### पहले ही की जानी चाहिए थी कार्रवाई

वर्मा पर कार्रवाई के मसले पर बातचीत के दौरान भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि, बीते कुछ समय में विपक्ष में रहते हुए पार्टी के कई लोगों अनुशानहीनता दिखा रहे हैं। किसी भी मंच पर सार्वजनिक रुप से पार्टी की भीतरी बातें उजागर की जा रही हैं। न सिर्फ वर्मा बल्कि ऐसे कई और नाम हैं जो की पार्टी विरोधी गतिविधियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, जैसा भी है लेकिन ये कार्रवाई काफी समय पहले कर दी जाने चाहिए थी। ताकि पार्टी लाईन से बाहर जाने वाले या ऐसा सोचने वालों को समय पर बड़ा सबक मिल सके।

## तालाब में नहाने गए ग्रामीणों से मारपीट, मामला दर्ज



पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

बागनदी थाना क्षेत्र के तेलिनबांधा मारपीट करने की घटना सामने आईहै। मिली जानकारी अनुसार 11वीं के छात्र यश कुमार गंधर्व (19) ने बागनदी थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने दादा व एक दोस्त के साथ धान मिंजाई का कार्य करने बाद तालाब में नहाने पहुंचे थे जहां पर दुसरी ओर तालाब पचरी में धुम्रपान करते बैठे रामशिव कंवर, भागचंद कंवर और सुमन यादव ने तीनों से बदसलूकी की। विरोध करने पर आरोपियों ने आवेश में आकर मारपीट की। घटना में खेमराज कंवर, धरमपाल कुंजाम को चोट लगी है। शिकायत के बाद सुमन यादव ,रामशिव कंवर और भागचंद कंवर तेलिनबांधा निवासी के खिलाफ धारा 294,323,34, और 506 के तहत बागनदी थाना में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। बागनदी थाना प्रभारी केसरी चन्द ने बताया कि मारपीट का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# खामियों को सुधारने सख्त हिदायत, विधायक ने टटोली घुमका अस्पताल की नब्ज

■ गर्भवती महिला की मौत से उठे कई सवाल, जांच पर भरोसा नहीं ग्रामीणों को

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/घुमका
www.dailypioneer.com

घुमका में गर्भवती महिला की मौत का मामला अब गरमाते जा रहा है। महिला की मौत के बाद डाक्टरों के खिलाफ परिजनों की शिकायत के बाद विधायक भुनेश्वर बघेल ने भी घुमका अस्पताल पहुंचकर घटना की सिलसिलेवार जानकारी लेकर स्थिति सुधारने कड़ी हिदायत दी। रविवार दोपहर संगठन के पदाधिकारियों और समर्थकों समेत अस्पताल का निरीक्षण किया। जहां सरपंच ने अस्पताल में फै ली अव्यस्थाओं से अवगत कराया। मौके पर मौजूद बीएमओ को जल्द व्यवस्था सुधारने का निर्देश देते हुए ऐसी घटनाओं को रोकने आवश्यक कदम उठाने कहा है।

ज्ञात हो कि दो दिन पहले सीएमएचओ डॉ मिथलेश चौधरी ने गर्भवती महिला की मौत के मामले की जांच का आदेश दिया है।खबरों के अनुसार मामले में परिजनों की नाराजगी को देखते हुए मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश चौधरी ने शुक्रवार को पूरे मामले की जांच का आदेश जारी करते हुए डॉ मिलिंद भुआर्य प्रभारी सीएमएचओ को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। जारी पत्र के अनुसार शिकायतकर्ता के लगाये



आरोप और तथ्यों की जांच करने कहा गया है। ज्ञात हो कि घुमका निवासी निकिता साहू की जिला अस्पताल में मंगलवार को प्रसवकाल में ही मौत हो गई। प्रसव होने के पहले ही महिला और गर्भस्थ शिशु की भी मौत हो गई थी। परिजनों के अनुसार उक्त महिला को प्रसव के लिए 19 नवम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका में भर्ती कराया गया था लेकिन उक्त महिला के इलाज लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने महिला की मौत के लिए सीधे तौर पर डाक्टरों को जिम्मेदार ठहराया है।

केवल प्रशिक्षु नर्सों के भरोसे छोड़कर स्थिति बिगड़ने पर एक महिला चिकित्सक डॉ जेबा खान द्वारा बगैर आक्सीजन सिलेंडर महतारी एक्सप्रेस102 में गर्भवती महिला को राजनांदगांव भेजा गया। स्थानीय चिकित्सकों की इस तरह की बड़ी लापरवाही से परिजनों और ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। अंततः जिला अस्पताल में पहुंचने के कुछ देर बाद महिला के नाक और मुंह से झाग निकलने लगा और अंततः महिला की प्रसव के पहले ही मंगलवार को मौत हो गई। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों में घुमका के तमाम डाक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ आक्रोश फै ल गया।

हालांकि घटना की जांच का आदेश जारी किया गया है लेकिन अब तक मामले की जांच शुरू नहीं हो पायी है। इसके पहले भी कुछेक मामलों में विवाद की स्थिति बनी और कई मामलों में पंचायत पदाधिकारियों और बीएमओ आमने सामने आ चुके हैं। सरपंच के अनुसार अव्यस्थाओं की शिकायतों को सीएमएचओ को अवगत करवाया जा चुका है परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। घटना से बिफरी सरपंच फुलमत जया वर्मा ने विधायक भुनेश्वर बघेल के सामने अस्पताल की तमाम ख़ामियों को गिनाया है। घटना के सम्बंध में विधायक ने पूरी जानकारी लेकर बीएमओ को कड़ी हिदायत देते हुए व्यवस्था सुधारने कहा है। समझा जा रहा है कि सरपंच और परिजनों की नाराजगी के बाद गर्भवती महिला से जुड़े मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्य सीधे तौर पर जुड़े जिम्मेदार कर्मियों पर कभी भी गाज गिर सकता है।

## 73वां एनसीरसी दिवस समारोह स्टेट हाई स्कूल में धूमधाम के साथ संपन्न

# मैं भी यहीं पढ़ा, कड़ी मेहनत से इस मकाम पर पहुंचा, आपको भी मेहनत करनी है : एएसपी बढ़ई

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





स्थानीय स्टेट हाई स्कूल मैदान में संयुक्त रूप से 73वां एनसीसी दिवस समारोह संपन्न हुआ। देश की द्वितीय रक्षा पंक्ति माने जाने वाली राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी दिवस समारोह नवंबर माह के चौथे रविवार को आज यहां हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।स्टेट हाई स्कूल के एनसीसी अधिकारी सुनील भागवत ने जानकारी देते हुए बताया 73वां एनसीसी दिवस समारोह राजनांदगांव के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश बढ़ई के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया।

इस दौरान ध्वजारोहण, परेड निरीक्षण, परेड कमांडर द्वारा समीक्षा क्रम हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा एनसीसी की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रपति का संदेश वाचन वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र यादव द्वारा तथा वार्षिक प्रतिवेदन एनसीसी अधिकारी सुनील भागवत द्वारा पढ़ा गया। नगर पालिक निगम महापौर परिषद के सचिव संजीव मिश्रा द्वारा कैडेटों को स्वच्छता अभियान की शपथ दिलाई गई।

मुख्य अतिथि की आसंदी से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश बढ़ई ने कहा की राष्ट्रीय कैडेट कोर ही एक ऐसा माध्यम है जो अनुशासन के साथ शारीरिक क्षमता बढ़ाता है। साथ ही उन्होंने कैडेटों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया की मैं भी इस स्टेट हाई स्कूल का विद्यार्थी रहा हूं और सामान्य परिवार से होते हुए अनुशासन और कड़ी मेहनत से यहां पहुंचा हूं। इस अवसर पर कैडेटों के उत्साहवर्धन के लिए कैडेट क्लब द्वारा विविध प्रतियोगताओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जयप्रकाश बढ़ई को इस अवसर पर कैडेट क्लब के सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कैडेट क्लब अध्यक्ष अमित चंद्रवंशी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में एनसीसी गान से कार्यक्रम का समापन हुआ।

73वें एनसीसी दिवस समारोह में प्रमुख रुप से स्टेट हाई स्कूल के प्राचार्य एनएस पट्टा, सीटीओ विरेंद्र बहादुर ठाकुर, सीटीओ भूपेंद्र जोगी, पूर्व एनसीसी अधिकारी जीडी वैष्णव, अजय शुक्ला, प्रकाश साठिया, गन्नू शर्मा, ईश्वर दास मेश्राम, प्रवीण मिश्रा तथा कैडेट क्लब सचिव संदीप जायसवाल, राहुल देवांगन, आशीष डोंगरे, समीर देवांगन, दीपक त्रिपाठी, तरुण जाटव, अंशुल गुप्ता, अर्जुन सिंह कुर्रे, फणेश्वर यादव, गोपाल सिंह राजपूत, हितेश सिन्हा, मोरध्वज ठाकुर, महेंद्र साहू, शुभम भोईर, मोहम्मद हुसैन, विनोद जामबुलकर, चंद्रहास साहू, दीपेश कुमार, दुर्गा यादव, अतुल जगने, विनीता साहू, सुनीता श्रीवास, गायत्री यादव, किरण वर्मा, प्रीति अखारे, इंद्राणी दुबे, गुंजा सिन्हा, लेखा श्रीवास, लोकेश वर्मा, मोहनीश कौशिक, गौरव यादव एवं अन्य कैडेट उपस्थित थे।

# इण्डेन गैस ट्रक की ठोकर से दो गंभीर रूप से घायल

■ डोंगरगढ़ में नही थम रहा वाहन दुर्घटना का सिलसिला

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

बेखौफ वाहन चालकों के एक और कारनामा सामने आया है। आज सुबह तड़के छः बजे बिजली कार्यालय डोंगरगढ़ शहर के समीप वन जांच चौकी के पास दो बाइक सवारों को एक ट्रक वाले ने जोरदार ठोकर मार दिया। घटना में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना स्थल में घायल बाइक सवारों को तत्काल आपातकाल सेवा 112 वाहन बुलाकर प्राथमिक उपचार हेतु शासकीय अस्पताल डोंगरगढ़ ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार पश्चात जिला अस्पताल राजनांदगांव रेफर किया गया। अभी दोनों की हालत गम्भीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वह ट्रक



इंडेन गैस एजेंसी का ट्रक था जो बहुत तेज गति से आती हुई बाइक सवारों को ठोकर मार आगे चला गया। बहुत रोकने पर ट्रक ड्राइवर ने ट्रक नही रोका।कुछ दिन पहले त्यौहारी सीजन दीपावली में तीन दिनों में 4 लोगो की मौत हुई थी। लेकिन इतनी घटना होने के बाद भी शासन प्रशासन इसके लिए पुख्ता इंतजाम नही किये हुए है साथ ही सड़क दुर्घटनाओ पर लगाम नही लग पा रहा है।धर्मनगरी डोंगरगढ़ में दुर्घटना बढ़ती ही जा रही है शासन प्रशासन इस पर चुप्पी साधे बैठे है।

# राउत नाच महोत्सव में झूमे नर्तक दल मुख्य अतिथि खाद्य, संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने दोहा सुनाकर महोत्सव का शुभारंभ किया

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




लाल बहादुर शास्त्री स्कूल के मैदान में 44वा राउत नाच महोत्सव का शुभारंभ हुआ । देर रात तक नर्तक दलों का शौर्य प्रदर्शन हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्य मंत्री अमरजीत भगत थे । उन्होंने .नाच आवय नन्द कन्हैया उतड़ आवय धूल रे, तेंदू सार के लाठी म खोचे कमल के फूल रे,,, दोहा के साथ रावत नाच महोत्सव को सम्बोधित किया ।

उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री बीआर यादव ने समाज को एकजुट करने के लिए प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में बिलासपुर में इस रावत नाच महोत्सव की शुरुआत की। जब मैं छोटा था तो कार्यक्रम के बारे में सुनता था आने का मौका भी मिलता था इस दृश्य को देख बचपन याद आ गया।

जब से भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बने हैं तब से प्रदेश की संस्कृति, रूपकला को बढ़ाने का प्रयास कर रहे है। आज वो प्रदेश से बाहर उत्तर प्रदेश में है इस लिए शामिल नही हो पाए उन्होंने मुझे यहां भेजा हैं । पहले 5 हजार रुपए में काम चल जाता था लेकिन मोदी सरकार के राज में महंगाई बढ़ गई हैं। इस लिए महापौर रामशरण यादव , पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव और कृष्ण कुमार राजू, सभापति मीनू सुमंत यादव की मांग पर बिलासपुर के रावत नाच महोत्सव में आने वाले सभी दलों को 10-10 हजार और आयोजन समिति को 3 लाख रुपये हर वर्ष दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भुपेश बघेल पिछले दिनों रायपुर में आदिवासी नृत्य का आयोजन कराया गया था। लोक कला की ताकत राउत नाच, सुआ नाच है उसको मुख्यमंत्री बघेल स्थापित कर रहे है। महापौर रामशरण यादव ने44 वा रावत नाच महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि रावत नाच महोत्सव की शुरुवात पूर्व मंत्री बीआर यादव की सोच से हुआ पहले शनिचरी, बुधवारी में बाजार लगता था। तब आपसी रंजिश भुनाने मद्यपान करके टोलियां आती और आपस में मारपीट किया करते ।इसे गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन मंत्री बीआर यादव ने इसे महोत्सव के रूप में शुरू किया,ताकि आपसी बैर भाव मिटे और शराब की लत भी छूटे ।इसका व्यापक असर हुआ और बिलासपुर पूरे छत्तीसगढ़ में रावत नाच महोत्सव के लिए चर्चित हो गया । छत्तीसगढ़ के गांव में मातर मड़ई जागता था, वही बिलासपुर पूरे प्रदेश में इतनी बड़ी रावत नाच महोत्सव का आयोजन करने वाला अकेला जिला हैं। हमारा यादव समाज देश ही नही विदेश में भी अपनी नृत्य और प्रदर्शन कर पुरस्कृत हुए हैं। प्रदेश में सीएम भुपेश बघेल और संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत कगत्तीसगढ़ी कल्चर को बढ़ावा दे रहे हैं। आज बाजा किस कीमत 50 से 90 हजार हो गया है। महापौर रामशरण यादव ने संस्कृति मंत्री भगत से मांग की और सहयोग राशि के लिए संस्कृति विभाग से मदद दिलाने कहा। ताकि रावत नाच महोत्सव इसी तरह चलता रहे। कार्यक्रम में उपस्थित तखतपुर विधायक रश्मि सिह, अटल श्रीवास्तव , प्रमोद नायक, राजेन्द्र शुक्ल, कृष्ण कुमार यादव ,चुन्नीलाल साहू, सोमेश्वर चन्द्राकर, मोहित केरकेटा, दिलीप लहरिया, शेख नजीरुद्दीन, कालीचरण यादव, धन्नू यादव, जसवंत यादव, विजय यादव, दुर्गेश यादव, , लक्की यादव, अजय यादव, रविंद्र सिंह, भूनेश्वर यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अनाचार और छेड़छाड़ के दो आरोपी पकड़ाए





पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

थाना हिर्री पुलिस ने महिला संबंधी दो गंभीर मामले में बड़ी कार्रवाई की जिसमे एक बलात्कार का आरोपी और दूसरा छेड़खानी का आरोपी है उसे गिरफ्तार कर लिया।दोनों प्रकरण के आरोपियों को थाना हिर्री पुलिस द्वारा चंद घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया। थाना हिर्री पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 26.नवंबर.2021 को प्रार्थीया थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश किया कि आरोपी दीपक बंजारे का इसके घर आना जाना लगा रहता था दिनांक 18.अक्टूबर.2020 को घर आया था पति के काम से बाहर जाने से प्रार्थीया के कमरे में घुसकर गलत काम किया एवं किसी को बताने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया। एक अन्य मामले में प्रार्थीया ने लिखित आवेदन पेश किया कि इसका पति काम करने बाहर गया था तभी राम सिंग निषाद ताक झांक करते रात्रि घर में घूसकर प्रार्थीया को बुरी नियत से जबरन हाथ बांह पकड़कर साड़ी को खींच रहा था कि प्रार्थीया के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये दोनो मामले की जानकारी से वरिष्ट अधिकारीयों को अवगत कराते हुये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रोहित कुमार झा एवं अनुविभागीय अधिकारी चकरभाठा शुश्री गरिमा द्विवेदी को अवगत कराया गया एवं दिये गये निर्देश पर टीम बनाकर पता तलाश कर घेराबंदी कर चंद घंटे में दोनो आरोपियों को पकड़ा गया।

# टीकाकरण जनजागरण अभियान के तहत शिक्षक एवं छात्र छात्राओं द्वारा रैली का आयोजन किया गया




पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

सुबह सेंट जेवियर्स हाई स्कूल मुंगेली द्वारा कोविड 19 टिकाकरण जनजागरण अभियान के तहत शिक्षक एवं छात्र छात्राओं द्वारा रैली का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पुलिस अधीक्षक डी.आर. आंचला उपस्थित थे , कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक व छात्र समाज के आधार स्तंभ है समाज के लिए आशा के केंद्र बिंदु हैं। शासन द्वारा कोविड 19 टिकाकरण जनजागरण अभियान में शामिल हो कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और नागरिकों को टिकाकरण हेतु प्रोत्साहित करें। शाला के प्राचार्य शुभेंदु मंडल ने भी अपने संबोधन में कहा कि कोविड टिकाकरण आवश्यक है और अपने परिवार और आसपास के नागरिकों को टिकाकरण हेतु प्रोत्साहित करने का कार्य करें। रैली को जिला पुलिस अधीक्षक ने झंडा दिखा कर रवाना किया। रैली शाला से प्रारंभ होकर पड़ाव चौक,लुनिया पेट्रोल पंप, शिक्षक नगर होते हुए शाला में समाप्त हुई।इस दौरान शाला के प्राचार्य,शिक्षक शिक्षिकाओं सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## '' जागव वोटर'' (जाबो) कार्यक्रम के सार्वजनिक स्थलो पर प्रचार-प्रसार हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के प्राप्त निर्देशों के अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन हेतु मतदान प्रक्रिया '' जागव वोटर'' (जाबो) कार्यक्रम के सार्वजनिक स्थलो पर प्रचार-प्रसार हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्त की है। उन्होने जनपद पंचायत मुंगेली के लिए मुंगेली जनपद पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी श्रीमति प्रीति पवार, जनपद पंचायत लोरमी के लिए लोरमी जनपद पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी श्रीमति अनुराधा अग्रवाल और जनपद पंचायत पथरिया के लिए पथरिया जनपद पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी नारायण बंजारा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में वित्तीय साक्षरता कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com




स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा, मुंगेली में रिजर्व बैंक ऑफइण्डिया ब्रांच रायपुर की टीम द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रारंभ में संस्था प्राचार्य डॉ. आई.पी. यादव ने सभी प्रशिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि यह हर्ष का विषय है कि जिले में हमारी शाला को प्रथम वित्तीय साक्षरता कार्यशाला के लिए चयनित किया गया है। उन्होने सभी प्रतिभगियों को चर्चा में सहभागी बन कर जानकारी ग्रहण कर जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया। लीड डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर एवं स्टेट लिटेरेसी ऑफिसर, रिजर्व बैंक ऑफइण्डिया रायपुर द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से रिजर्व बैंक के कार्य नकली नोट की पहचान, वित्तीय जागरूकता मैसेजेस, सामान्य एवं चक्रवृद्धि व्याज, बैंक में राशि की सुरक्षा, बचत, धन राशि का निवेश, स्माल सेविंग्स एकाउण्ट, जनधन योजना, ऋण अदायगी, लिंकेज ऑफ आधार कार्ड विथ एकाउण्ट नम्बर, ए.टी.एम. फ्राड, पैन नम्बर, ओ.टी.पी. नम्बर एवं बैंकिंग लोकपाल विषय पर विद्यार्थियों एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं को विस्तार पूर्वक रोचक ढंग से जानकारी दी गई। उन्होने कहा कि वर्तमान मे सोसल मिडिया अंतर्गत साईबर फ्राड से बचने के लिए हमें सतत् जवाबदेह, विवेकशील एवं चैतन्य रहने की जरूरत है। कार्यशाला टीम के द्वारा प्रश्नोत्तर के माध्यम से कार्यक्रम का संचालन किया गया एवं सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पेन प्रदान करते हुए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता केन्द्र परियोजना वि.ख. एवं जिला मुंगेली ने भी सराहनीय सहयोग किया। प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लेकर बैंकिंग साक्षरता की जानकारी प्राप्त किया। कार्यशाला में पी.सी.मिश्रा लीड बैंक मैनेजर, भारतीय स्टेट बैंक मुंगेली, हितेश मिश्रा, स्टेट डारेक्टर, सी.एफएल. बिलासपुर, नसीम श्रीवास, रिजनल ऑफिसर सी.एफएल. बिलासपुर का सहयोग रहा। कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्रतिनिधि आकाश परिहार उपस्थित रहे। अन्त में व्याख्याता सांत्वना दत्ता ने शाला की ओर से पूरी साक्षरता टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

# स्कूटी पर ओड़िसा से गांजा ला रहा आरोपी गिरफ्तार, 2 किलो गांजा जब्त

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन पर नव पदस्थ थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में 26 नवंबर को सरिया पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर भठली चैंक सरिया में नाकेबंदी कर ओडिसा से स्कूटी पर गांजा लेकर आ रहे आरोपी कन्हैया लाल सोनी उम्र 55 वर्ष निवासी दिनदयाल कालोनी ढिमरापुर रायगढ़ को पकड़ा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी सरिया को मुखबिर से एक व्यक्ति के स्कूटी पर गांजा लेकर सरिया की ओर से रायगढ़ जाने की सूचना मिली थी, जिस पर पुलिस पार्टी द्वारा कार्यवाही की गई है। पुलिस पार्टी को तलाशी में आरोपी के पास से 02 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ है, आरोपी पूछताछ में ओडिसा से अवैध बिक्री के लिये लेकर आना बताया है। आरोपी से गांजा परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी क्रमांक सीजी 13 यूबी 9203 कीमती 25,000 रूपये तथा 2 किलो 100 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 10,500 रूपये को जप्त कर आरोपी पर थाना सरिया में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक देवनंदन साहू, आरक्षक राजकुमार साव एवं विपिन देहरी की अहम भूमिका रही है।

# भवन बन जाने से सुख-दुख में आएगा काम : रश्मि



पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

तखतपुर देवांगन समाज द्वारा बहुप्रतीक्षित मांग देवांगन समाज के लिए सामुदायिक भवन विधायक निधि से निर्मित दस लाख रुपये की लागत से निर्मित भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि संसदीय सचिव रश्मि आशिष सिंह ठाकुर ने की। उन्होंने सर्व प्रथम मां परमेश्वरी के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ की । इस मौके पर संसदीय सचिव रश्मि सिंह ठाकुर ने कहा कि देवांगन समाज द्वारा विधायक निधि मांग कर रहे थे। इसे देखते हुए विधायक निधि से आज विधायक निधि बनकर तैयार हो गया है। विधायक निधि बन जाने से समाज के सुख दुख सहित सभी कार्यों के लिए विधायक निधि काम आएगा।उन्होंने शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होने प्रदेश में विधानसभा तखतपुर की अलग पहचान बन गई है। यहां नित नये नये कार्य हो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन बिहारी देवांगन व आभार प्रदर्शन कैलाश देवांगन ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव आशीष सिंह ठाकुर ने कहा तखतपुर विधानभा में जितने कार्य हो रहे हैं वे लंबे समय से लंबित थे लोग मांग कर रहे थे परंतु उनकी सुनवाई नहीं हो रही थी। अब तखतपुर की अलग पहचान है।

# होटल की आड़ में चल रहा था अवैध शराब का कारोबार

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com





शनिवार को पुलिस चैकी प्रभारी कनकबीरा को मुखबिर से सूचना मिला कि इंदिरा आवास में रहने वाला विद्याधर चैहान अपने होटल की आड़ में अवैध रूप से शराब बिक्री करता है तथा आज अपने साथी हरिहर दास वैष्णव के साथ शराब लेने गया है। सूचना पर कार्रवाई करने चैकी कनकबीरा से स्टाफ कार्रवाई करने इन्द्रा आवास पहुंची, जहां मोटर सायकल पर सीजी 13 एच 8772 को हरिदास चलाते आ रहा था पीछे विद्याधर चैहान शराब लेकर मोटर सायकल में बैठा था। आरोपी विद्यधर चैहान पिता शिव प्रसाद चैहान उम्र 34 वर्ष, हरिहर दास पिता बोधनदास वैष्णव उम्र 26 वर्ष दोनों निवासी सालर चैकी कनकबीरा थाना सारंगढ़ से 10 लीटर महुआ शराब की जप्ती गई है। आरोपियों से अवैध शराब व मोटर सायकल की जप्ती कर धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

**शुभम विहार में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा-**

# वैज्ञानिक कसौटी पर खरी वैदिक संस्कृति : ललित

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शुभम विहार में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि भारत कभी विश्व गुरु कहलाता था। भारत ने विश्व को सबसे सही कालगणना दी। भारत ने विश्व को आयर्वेद, धातु शास्त्र, संगीत दिया। सर्वाधिक वैज्ञानिक भाषा संस्कृत दी, वैमानिकी की कल्पना दी, युद्ध के लिए श्रेष्ठ अस्त्र-शस्त्रों की कल्पना दी, योग दिया, विज्ञान सम्मत जीवन जीने की विधि दी, शून्य और अंनत की अवधारणा दी, और भी बहुत कुछ दिया। भारत ने ही विश्व को एक और अप्रतिम अवधारणा दी- गणतंत्र की, सह अस्तित्व की, सर्व धर्म समभाव की। हमे अपने देश पर मानवता को अपने योगदान पर गर्व हैं। वैदिक संस्कृति की प्रत्येक रीतिरिवाजों को वैज्ञानिक कसौटी पर तौलते हुये उन्होंने प्रमाणित किया कि हजारों वर्ष पूर्व जब विज्ञान इतना विकसित नही हुआ था तब भी हमारे पुर्वजों ने अपने सटीक ज्ञान से काल गणना की थी जो आज भी प्रासंगिक हैं। दूरबीन के आविष्कार के पूर्व ही उन्होंने 9 ग्रहों को खोज कर ज्योतिष विद्या में पारंगत हुए थे। खाना पकाने के लिये मिट्टी, पीतल व लोहे के तथा खाने हेतु कांसे, पीतल तथा सुबह पीने हेतु तांबे के बर्तन इस्तेमाल करना भी स्वास्थ्य के लिये लाभदायक था। गर्मी में मटके तथा अन्य समय पीतलके पात्र पीने के पानी को हमारे



शरीर के अनुकूल बनाने में सहायक होते थे। बच्चो के जन्म पर नानी दादी हमेशा चांदी की कटोरी व चम्मच भेटकर नन्हें के दूध के माध्यम से उनके कण उपलब्ध कराने में सहायक बनती थी। जब हमारे पूर्वज ढाका की मलमल, सोने चांदी की नक्कासी, कोहिनूर को तराशने के हुनरमंद थे तो उन्होंने टेबल कुर्सी क्यो नही बनाई थी। क्योंकि हमारे शरीर की बनावट ही ऐसी हैं कि जब हम सुखासन अथवा आलती-पालती में बैठ कर भोजन ग्रहण करते हैं तो हाजमा ठीक होता हैं तथा पेट में चर्बी जमा नही होती। मानव शौच के लिये कमोड के बजाय हिंदुस्तानी पद्धति सर्वोत्तम हैं। *हमारे पूर्वजों ने नीम के एंटी वेक्ट्रॉरियल, पीपल के ऑक्सिजन, आवंला, बरगद, आम, गुणों से परिचित होने के कारण इन्हें पूजनीय बताकर हमें उपयोग करने हेतु प्रेरित किया था*। यदि हम पूर्वजों के इस ज्ञान को आगे बढ़ाया होता तो पर्यावरण दिवस मनाने की जरूरत नही होती। अग्नि में भष्म हुई भभूत हमारे शरीर मे फासफोरस की कमी दूर करती हैं। हमारे प्राचीन योग ध्यान, प्राणायाम, मेडिटेशन के महत्व को आज विज्ञान भी स्वीकार कर रहा हैं। श्री ललित अग्रवाल ने आज कार्यक्रम में उपस्थित विशाल शिक्षित वर्ग को लगभग दो घँटों तक विभिन्न तर्को से यह प्रतिपादित किया कि *वैदिक संस्कृति का आधार ही विज्ञान* हैं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को भोजन में मसालों के फायदों की जानकारी भी प्रदान की। उन्होंने वस्तु विनिमय से मुद्रा के प्रचलन तक के इतिहास की भी जानकारी दी।आज की गोष्ठि की चर्चा सभी के लिए अतिलाभदायक सिद्ध हुई। हमारे पूर्वजो के ज्ञान पर हमें अभिमान भी हुआ। कुरीतियों को समय के साथ परिवर्तन करने की प्रेरणा प्राप्त हुई। आज की गोष्ठी को सफल बनाने में शुभम विहार कल्याण समिति के अध्यक्ष अखिलानन्द पांडेय, कोषाध्यक्ष उमेश पांडेय, डॉ राजेश कुमार साहू, विष्णु सिंह, किरण भोई सक्रिय हुये।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के लिए मंगाए गए आवेदन

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पीएमईजीपी के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए आवेदन पत्र निश्शुल्क आमंत्रित किए गए है। गौरेला में इस योजना के तहत विनिर्माण क्षेत्र में अधिकतम 25 लाख रूपए की परियोजना तथा सेवा क्षेत्र में अधिकतम दस लाख रूपए की परियोजना के लिए आवेदन स्वीकृत कर बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना की पात्रता के लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। विनिर्माण के क्षेत्र में दस लाख रूपए तथा सेवा के क्षेत्र में 5 लाख रूपए से अधिक परियोजना की स्थापना के लिए लाभार्थी को 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। योजना के अंतर्गत कोई आय सीमा नहीं है। इस योजना का लाभ लेने के लिए स्व-सहायता समूह, सोसायटी रजिस्ट्री अधिनियम 186 के अंतर्गत पंजीकृत संस्थाए और उत्पादन सहकारी समिति तथा दानदाता न्यास को भी पात्रता होगी। ऐसे संस्था या व्यक्ति जिन्हे शासन के किसी अन्य योजना के तहत अनुदान का लाभ प्राप्त हो चुका है इस योजना के तहत ऋण के लिए अपात्र होंगे। आवेदन करने के लिए संबंधित परियोजना का प्रतिवेदन, नगर, ग्राम पंचायत का अनापत्ति सह जनसंख्या प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति, दिव्यांग होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साईज फोटो की आवश्यकता होगी। आवेदन के लिए कोई शुल्क की आवश्यकता नहीं हैं।

# बहु उपयोगी लैंटाना लकड़ी से कारीगरों के बहुरेंगे दिन

## फर्नीचर सहित कुर्सी-टेबल, सोफा सेट तथा टी ट्रे आदि कलात्मक वस्तुओं का निर्माण


पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




बहुउपयोगी लैंटाना लकड़ी से फर्नीचर निर्माण सहित कुर्सी-टेबल तथा टी ट्रे आदि कलात्मक वस्तुओं के निर्माण से अब जशपुर के युवा कारीगरों के बहुरेंगे दिन। इसके निर्माण के लिए वन विभाग जशपुर द्वारा स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिससे उन्हें रोजगार के साथ आमदनी भी मिले और क्षेत्र में बहुतायत रूप से पाए जाने वाले लैंटाना लकड़ी का भरपूर उपयोग हो सके।

इस तारतम्य में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख राकेश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में वन मंडल जशपुर द्वारा वन परिक्षेत्र तबकरा अंतर्गत 16 से 25 नवम्बर तक ''लैंटाना से फर्नीचर निर्माण'' का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के 15 महिला और पुरूष लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। उल्लेखनीय है कि लैंटाना एक विदेशी प्रजाति का पौधा है, जिसका उपयोग मुख्यतः साज-सज्जा के लिए अंग्रेजो के द्वारा भारत लाया गया था। लैंटाना के वैसे तो बहुत सी उपयोगिता है, जिसमें औषधि, फर्नीचर, विद्युत उत्पादन, ब्रिकेट्स आदि प्रमुख हैं, किन्तु इसके सिल्विकल्चर ऑपरेशन (लैंटाना उन्मूलन) को उपयोगी बनाने और जंगलो से लैंटाना की समस्या को दूर करने के प्रयास हेतु फर्नीचर निर्माण को महत्व दिया जा रहा है। इस संबंध में वन मण्डलाधिकारी जशपुर कृष्ण कुमार जाधव ने बताया कि लैंटाना से फर्नीचर निर्माण के क्षेत्र में लोगों की अधिक रुचि बन रही है और लोगो नई वस्तुओं को बनाने के लिए प्रेरित दिखे रहें हैं। प्रशिक्षण में लैंटाना से मोबाइल स्टैंड, फ्लावर पॉट, पेन स्टैंड, टोकरी, टी ट्रे, मंदिर, छोटा स्टूल, कुर्सी ,टेबल, सोफा सेट, मिरर हेंगर, चाबी हेंगर आदि सामग्री लोगों को बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। लोगो ने भी प्रशिक्षण में बहुत रूचि लेते हुए नई-नई वस्तुओं को बनाने में दिलचस्पी दिखाई।

### वन विभाग की छापामार कार्रवाई, 170 नग सागौन आदि लकड़ी के चिरान जब्त



**सरायपाली।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देशानुसार विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत वन मंडल महासमुंद के अंतर्गत छापामार कार्रवाई निरंतर जारी है। इस तारतम्य में 28 नवंबर को ग्राम बिजातीपाली तथा तिलाईपाली में विभागीय टीम द्वारा दो घरों में तलाशी कर लगभग एक लाख रूपए की कीमत के सागौन, खम्हार तथा शीशम लकड़ी के चिरान की जब्ती की गई है। इनमें 143 नग सागौन के चिरान, 26 नग खम्हार के चिरान तथा 4 नग शीशम लकड़ी के चिरान शामिल है। गौरतलब है कि विगत 27 नवम्बर को वन मंडल महासमुंद के अंतर्गत ग्राम पोड़ापाली तथा बिजातीपाली में विभागीय टीम की छापामार कार्रवाई में लगभग 2 लाख 25 हजार रूपए की कीमत के सागौन चिरान तथा लट्ठा जब्त की गई है। मुख्य वन संरक्षक जे.आर. नायक के दिशा-निर्देशन तथा वन मण्डलाधिकारी महासमुंद पंकज राजपूत के मार्गदर्शन में उप-वनमंडलाधिकारी सरायपाली ए.के. विन्ध्यराज के कुशल नेतृत्व में टीम द्वारा आज दोनों ग्राम तिलाईपाली तथा बिजातीपाली के 2 अलग-अलग घरों में तलाशी ली गई। आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई जारी है। उक्त कार्रवाई में वन परिक्षेत्र सरायपाली के सहायक परिक्षेत्र अधिकारी संतोष कुमार पैंकरा, अनिल प्रधान, सतीश कुमार पटेल, योगेश्वर कर आदि विभागीय अमले का सराहनीय योगदान रहा।

# ओपी जिन्दल यूनिवर्सिटी में 'रोल ऑफइनोवेशन, आंत्रप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com




जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन एवं ओपी जिन्दल विश्वविद्यालय (ओपीजेयू) की कुलाधिपति शालू जिन्दल ने कहा कि सतत विकास के लिए इनोवेशन, उद्यमिता एवं प्रबंधन शीर्ष प्राथमिकता हैं जो उत्पादकता बढ़ाने, उभरते बाजारों से उत्पन्न अवसरों का फायदा उठाने एवं ज्ञान संचालित प्रतिस्पर्धात्मक लाभ पैदा करने की कुंजी हैं। जिन्दल ओपीजेयू द्वारा 'रोल ऑफ इनोवेशन, आंत्रप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय डिजिटल सम्मेलन में अपने विचार प्रकट कर रही थीं। उन्होंने कहा कि सतत विकास केवल विकासशील देशों ही नहीं बल्कि सभी देशों के लिए चिंता का विषय है। यह एक बड़ी चुनौती है और इसे प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि स्थानीय, क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर मूलभूत मुद्दों की तुरंत पहचान की जाए। उन्होंने आह्वान किया कि शोधकर्ता और विद्वान एक साथ मिलकर सतत विकास के लिए इनोवेशन एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने का पुनीत कार्य करें। सम्मेलन का उद्घाटन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफगवर्नेंस एंड लीडरशिप के चेयरमैन एवं ब्रिक्स चैंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ब्रिक्स सीआईआई) के उपाध्यक्ष समीप शास्त्री ने किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि इनोवेशन सभी क्षेत्र में हो रहे हैं और यह जानना आवश्यक है कि उद्यमिता के माध्यम से सतत विकास में किस तरह से सहयोग किया जा सकता है। समय तेजी से बदल रहा है और हमें इनोवेशन और उद्यमिता की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। आवश्यकता है कि युवा आगे आएं और अपने ज्ञान, इनोवेशन और उद्यमिता के माध्यम से तमाम समस्याओं का हल ढूंढें। ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य इनोवेशन, उद्यमिता एवं प्रबंधन से जुड़े सभी स्टेक होल्डर्स को एक मंच पर लाना और सतत विकास में उनकी भूमिका पर चर्चा करना है। सम्मेलन में आईसीआरसी, एआईएमए नई दिल्ली की निदेशक डॉ. अनुजा पांडे, उद्यमिता विकास संस्थान-अहमदाबाद के महानिदेशक प्रो. सुनील शुक्ला, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) नई दिल्ली के वरिष्ठ सलाहकार आर. साहा, आईआईएम-संबलपुर के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) महादेव जायसवाल, ओपीजेयू के कुलपति डॉ. आर.डी. पाटीदार एवं सीआरई के निदेशक व ओपीजेयू में मेटालर्जिकल व मैटीरियल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक श्रीवास्तव समेत अनेक गण्यमान्य लोग भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. पाटीदार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सतत विकास के लिए इनोवेशन, उद्यमिता एवं प्रबंधन ने जीवन की गुणवत्ता पर ध्यान दिया है और किसी भी समाज के सर्वांगीण विकास की मांगों को परिभाषित करने के लिए महत्वपूर्ण आधारभूत तत्व के रूप में इनकी पहचान की गई है।

# फेसबुक में शादीशुदा महिला से पहले दोस्ती फिर ब्लैकमेलिंग

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सरस्वती नगर थाने की पुलिस ने एक सिरफिरे आशिक को हिरासत में लिया है। इस शख्स ने फेसबुक के जरिए रायपुर की शादीशुदा महिला से दोस्ती की। दोनों के बीच रिश्ते गहराने लगे तो युवक ने इसका फायदा उठाने की कोशिश की। वह महिला को लगातार ब्लैकमेल कर पहले ही लाखों रुपए हड़प चुका था। शनिवार को वह चाकू लेकर एक बार फिर महिला के घर में घुस आया और जान से मारने की धमकी देकर रुपए मांगने लगा। बड़ी होशियारी से महिला ने पड़ोसियों से मदद मांगी और अब फेसबुक वाले इस आशिक को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। इस मामले में आरोपी शैलेष झा मूलतः कोरबा का रहने वाला है। 2 साल पहले रायपुर के कोटा की टीचर्स कॉलोनी में रहने वाली 32 साल की शादीशुदा महिला से शैलेष की फेसबुक पर दोस्ती हुई। शैलेष ने धीरे-धीरे महिला को अपने जाल में फंसा लिया। उसकी मीठी बातों में आकर महिला भी छुप-छुपकर शैलेष से चैट किया करती थी। जब महिला का भरोसा बढ़ा तो आरोपी उसकी तस्वीरें मांगने लगा। शैलेष महिला के साथ अश्लील चैट किया करता था। यहीं से शुरू हुआ ब्लैकमेलिंग का खेल। बीते 6 महीनों में महिला के चैट और तस्वीरें पति को दिखाने की धमकी देकर आरोपी ने महिला से साढ़े 5 लाख रुपए और जेवर हड़प लिए। महिला भी बदनामी और पति से रिश्ता खराब होने के डर से सब कुछ सहती रही। रुपयों के लालच और अपनी सनक की वजह से शैलेष शनिवार को रायुपर से कोरबा आ पहुंचा। उसे खबर लगी कि महिला का पति बाहर गया हुआ है। महिला घर पर अपने 8 साल के बेटे के साथ अकेली थी। दोपहर के वक्त शैलेश महिला के घर में चाकू लेकर घुस गया और दरवाजे को अंदर से बंद कर दिया।

# संसदीय सचिव यूडी मिंज ने अभिभावकों को किया आश्वस्त कहा, हिंदी माध्यम बंद नहीं होगा बच्चों की चिंता हमें भी है

पायनियर संवाददाता
< जशपुर/कुनकुरी
www.dailypioneer.com



दुलदुला ब्लॉक के पतराटोली में संचालित हो रहे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय से हिंदी मिडियम बंद होने के संशय को लेकर रविवार को हिन्दी मीडियम के अभिभावक और ग्रामवासी संसदीय सचिव एवं विधायक यूडी मिंज से मिलकर अपनी चिन्ता जाहिर की है। ग्रामीणों की चिन्ता पर संसदीय सचिव यूडी मिंज ने कहा कि किसी भी स्थिति में हिंदी स्कूल बंद नहीं हो रहा है यह विरोधी लोगों की ओर से भ्रम फैलाया जा रहा है। अंग्रेजी माध्यम सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के भी बच्चे अंग्रेजी माध्यम में अध्ययन कर सकेंगे। इस सोच के साथ आत्मानन्द स्कूल खोले गए हैं ये उन्हीं स्कूलों में संचालित किया जा रहा है जो पुराने है । लेकिन वहाँ पढ़ने वाले हिन्दी मीडियम के बच्चों को कोई प्रभाव नहीं होगा। दोनों स्कूल हिंदी मीडियम एक साथ चलेंगे लेकिन दो पालियों में उनका संचालन होगा।

**क्या है पतराटोली के ग्रामीणों की माँग:**

ज्ञात हो कि कुनकुरी विधानसभा के दुलदुला विकासखंड के ग्राम पतराटोली में 1948 से स्कूल की स्थापना की गई और अभी वर्तमान के 10 वीं तक संचालित है। अभिभावकों एवं ग्रामीणों का का कहना है कि वर्तमान सत्र में सरकार के द्वारा यहां पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कक्षा 1 ली से 12 वीं तक खोला गया है , बहुत अच्छी बात है परन्तु सुनने में आ रहा है कि हिन्दी माध्यम के स्कूल को यहाँ बन्द किया जा रहा है । शासन के नियमानुसार बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसलिये प्रति किमी के दायरे में स्कूल खोला जा रहा है अगर यहां के हिन्दी माध्यम विद्यालय बंद कर दी जायेगी तो हमारे बच्चों का भविष्यपूर्ण अंधकारमय हो जाएगा हम गरीब अभिभावक अपने बच्चों को चराईडांड एवं दुलदुला भेजने में असमर्थ है।

# बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने शिक्षकों के ट्रेनिंग में योगा और फिटनेस की क्लास एससीईआरटी में प्रारंभ



**रायपुर।** स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का जन्म होता है इस उद्देश्य को लेकर एससीआरटी द्वारा शिक्षकों के प्रशिक्षण में सुबह योगा व फिटनेस क्लास प्रारंभ किया गया है। इसके लिए परिसर स्थित हॉस्टल में योग एवं फिटनेस के प्रशिक्षक की भी व्यवस्था की गई है, स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव व एससीआरटी डायरेक्टर राजेश सिंह राणा ने बताया कि अब एससीईआरटी में शिक्षा गुणवत्ता हेतु शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बीते करोना काल के अनुभव को देखते हुए अब शिक्षकों को फिट रखने का प्रयास किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 8 बजे तक योग और फिटनेस की कक्षा लगाई जाएगी। जब शिक्षक फिट रहेंगे तो वह प्रशिक्षण में सीख कर अपने स्कूल के बच्चों को भी फिट रखेंगे। राणा ने बताया कि हमारा उद्देश्य बच्चों में स्वास्थ्य जागरूकता के साथ शिक्षा गुणवत्ता को बढ़ाना है। अभी एससीईआरटी के आवासीय परिसर में इसे प्रारंभ किया गया है। यह कार्यक्रम शीघ्र ही प्रदेश के 19 जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में प्रारंभ किया जाएगा।

### डायरेक्टर सुबह पहुंचे योगा फिटनेस क्लास

उल्लेखनीय है कि शिक्षकों के प्रशिक्षण में योगा फिटनेस क्लास को अनिवार्य कर दिया गया है। इसकी मॉनिटरिंग के लिए एससीईआरटी डायरेक्टर राजेश सिंह राणा ने सुबह योगा एवं फिटनेस क्लास का अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से बातचीत की। उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उनके साथ उप संचालक उमेश कुमार साहू, सहायक संचालक प्रशांत कुमार पांडेय, योग प्रभारी ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, प्रकोष्ठ प्रभारी डेकेश्वर वर्मा सहित आवासीय प्रशिक्षण में आए प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

# मण्डी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक की भर्ती परीक्षा में 2176 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



व्यापम द्वारा आयोजित मण्डी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक की भर्ती परीक्षा में 2176 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी। जिले में आयोजित परीक्षा में बैठने के लिए कुल 2683 लोगों ने पंजीयन कराये थे, लेकिन 507 उम्मीदवार विभिन्न कारणों से परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर सुनील जैन के मार्गदर्शन में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हुई। गौरतलब है कि इस परीक्षा के लिए बलौदाबाजार में 6 और भाटापारा में 2 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सवेरे 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक तीन घण्टे इन केन्द्रों पर परीक्षा सम्पन्न हुई। स्थानीय गुरुकुल स्कूल में एक नेत्रों से दिव्यांग व्यक्ति ने भी परीक्षा दी। नियमानुसार उन्हें प्रश्न पत्र हल करने के लिए आधे घण्टे का अतिरिक्त समय दिया गया। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा शाखा की प्रभारी श्यामा पटेल तथा फ्लाइंग स्क्काड प्रभारी एवं डीईओ सीएल ध्रुव ने कई परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# डडसेना कलार समाज का युवक-युवती परिचय सम्मलेन एवं मिलन समारोह 25 दिसम्बर को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ डडसेना कलार (सिन्हा) समाज रायपुर दक्षिण मंडल रायपुर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का 31वाँ 'युवक-युवती परिचय सम्मलेन एवं मिलन समारोह' दिनांक 25.12.2021 शनिवार को सुबह 10.00 बजे से मोतीनगर, बोरियाखुर्द रायपुर में किया जा रहा है। कार्यक्रम में 'युवक- युवतियों के संगृहीत जीवन-वृत्त' पुस्तिका का विमोचन भी किया जावेगा। युवक-युवती परिचय पुस्तिका में युवक-युवतियों का जीवन-वृत्त (बायोडेटा) 5 दिसम्बर 2021 तक आमंत्रित है।

# संविधानिक अधिकार महिला सशक्तिकरण महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है: सतपथी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार पेन इण्डिया अवेयरनेस एवं आउटरीच अभियान के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा आयोजित महिलाओ के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। रविवार को जिला न्यायालय परिसर रायपुर के कक्ष क्रं. 210 में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर चेतना ठाकुर व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, दिव्या गोयल, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 डॉ प्रीति सतपथी, ''प्रोफेसर'' रिसोर्स पर्सन, अर्पणा सिंह, अधिवक्ता, रिसोर्स पर्सन ने शुभारंभ किया। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार वर्मा ने कहा कि नारी शक्ति सदैव मातृत्व प्रेम, स्नेह, तथा संघर्ष का प्रतीक है। नारी शक्ति के अस्तित्व के बिना संसार के अस्तित्व के जीवन्त उदाहरण की परिकल्पना भी स्वीकार नहीं है। देश की प्रगति में सदैव हर कदम पर नारी का योगदान अविस्मरणीय है।

वही प्रोफेसर डॉ. प्रीति सतपथी रिसोर्स पर्सन ने कहा है कि संविधान द्वारा महिलाओं को जितनी भी संविधानिक अधिकार दिए गए हैं वह महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस दौरान चेतना ठाकुर व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, दिव्या गोयल, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 जिला न्यायालय रायपुर (छ0ग0) ,डॉ प्रीति सतपथी, ''प्रोफेसर'' रिसोर्स पर्सन, कुसुमताई दाबके विधि महाविद्यालय रायपुर,अर्पणा सिंह, अधिवक्ता, रिसोर्स पर्सन (छ.ग.), सहायक श्रमायुक्त के महिला अधिकारीगण , जिला अभियोजन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुक्त, नगर पालिक निगम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अति0 पुलिस अधीक्षक रायपुर, पैरालीगल वॉलिटियर एवं विधि छात्राएँ उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ी संस्कृति परिषद के लिए अशासकीय सदस्यों का मनोनयन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा के अनुरूप संस्कृति विभाग के विभिन्न प्रभागों को एक अम्ब्रेला के नीचे लाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्ष में गठित छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के लिए अशासकीय क्षेत्र के 15 सदस्यों का मनोनयन किया गया है। इस आशय का आदेश मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर स्थित संस्कृति विभाग द्वारा जारी कर दिया है। शासन द्वार जारी आदेश अनुसार नामांकित सदस्यों में राज्य के साहित्य और कला क्षेत्र से संबंधित व्यक्ति विजय गुप्ता अम्बिकापुर साहत्य के क्षेत्र से, भूपेश तिवारी कोण्डागांव आदिवासी लोककला के क्षेत्र से, सरिता वर्मा भिलाई चित्रकला-मूर्तिकला के क्षेत्र से, भूपेन्द्र साहू रायपुर नाट्यकला के क्षेत्र से, पदमश्री ममता चन्द्राकर, कुलपति इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ शास्त्रीय-लोक संगीत के क्षेत्र से कालीचरण यादव बिलासपुर और बसंती वैष्णव रायगढ़ नृत्य के क्षेत्र को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसी प्रकार कला साहित्य में रूचि रखने वाले छत्तीसगढ़ से भारतीय संसद में निर्वाचित सदस्य दीपक बैज सांसद बस्तर को भी सदस्य नामांकित किया गया है। उल्लेखनीय है कि परिषद के अंतर्गत कुल 6 प्रभाग है, जिनमें साहित्य अकादमी में पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी पीठ श्रीकांत वर्मा पीठ और गुरूघासीदास शोध पीठ होंगे। साहित्य अकादमी के इन तीनों पीठों के अध्यक्ष भी परिषद के सदस्य होंगे।


SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, सम्पर्पित सेवा का

SHRI BALAJI
Institute of Nursing

छ.ग. शासन, छ.ग. नर्सिंग कॉन्सिल से मान्यता प्राप्त, छ.ग. आयुष विश्वविद्यालय से संबंध एवं छ.ग. पैरामेडिकल कॉन्सिल से अनुमति

ADMISSION OPEN

NURSING PROGRAMME | PARAMEDICAL PROGRAMME

| | | | |
|---|---|---|---|
| B.Sc Nursing | 4 years | Pathology technician | 1 year |
| Post Basic Bsc Nursing | 2 years | Operation theater tech. | 1 year |
| M.Sc. Nursing | 2 years | X-Ray technician | 1 year |
| Medical Surgical Nsg. | | Ortho and dresser tech. | 1 year |
| Community Health Nsg. | | | |
| Child Health Nsg. | | | |
| Mental Health Nsg. | | | |



HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
मोवा, रायपुर (छ.ग.) मो. 7694016816, 8435018884, 9826242559
फोन: 0771-4241000,4241057 | वेब: www.balajinursingcollege.com


# चराईडांड-बगीचा-बतौली मार्ग का संसदीय सचिव ने किया भूमि पूजन, 49करोड़ 60 लाख की लागत से बनेगी 41.80 किमी सड़क

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कुनकुरी विधायक एवं संसदीय सचिव यूडी मिंज लगातार विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं और करोडों रुपए के विकास कार्यों की भूमि पूजन कर जनता को सौगात दे रहे हैं। इसी क्रम में संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक यू.डी. मिंज मुख्य आतिथ्य में सबसे महत्वपूर्ण सड़क जो कि जशपुर जिले को संभाग मुख्यालय से जोड़ती है ,चराईडांड बगीचा से बतौली मार्ग लंबाई 41.80 लागत 49 करोड़ 60 लाख का जोकरी चौक में भूमि पूजन किया। इस सड़क के निर्माण से लोगों का अम्बिकापुर बगीचा आवागमन सुलभ हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने फरसाबहार के लठबोरा से सुइजोर मार्ग लंबाई 3.525 लगात 6 करोड़ 24 लाख का भी भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के क्रम में कल उन्होंने अवरीजोर से गोलियागढ लंबाई 4.5 किमी लगात 4 करोड़ 72 लाख का भूमि पूजन किया। कुनकुरी के जामचुवँ के सुखपोखर में सुगम सड़क 109 मी लागत 19 लाख का भूमि पूजन शामिल है।

### सरकार की प्राथमिकता है अच्छी सड़क-यूडी

इस अवसर पर यू.डी. मिंज ने सड़कों का महत्व हम समझते हैं क्योंकि सबसे अधिक आवागमन हम सबका सड़क से ही है। सरकार बनने के बाद सबसे प्रथम प्राथमिकता हमारी सड़क ही थी और जनता के आशीर्वाद से मुख्य मुख्य सड़कों का निर्माण की शुरूआत अब हो रही जिसे मैं जनता को समर्पित करता हूँ क्षेत्र की जनता देखे की इन सड़कों को घटिया निर्माण न हो यह आपकी जिम्मेदारी बनती है।


SHRI BALAJI INSTITUTE OF NURSING
RAIPUR (C.G.)

WALK IN INTERVIEW

M.SC. NURSING STAFF REQUIREMENT

| | | |
|---|---|---|
| Psychiatric Name | 2 | Professor/Asso.Prof |
| | 2 | Asst. Prof |
| Med. Surgical Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof |
| Community Health Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst.Prof |
| Child Health Nursing | 2 | Professor/ Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof. |
| Tutor | 4 | Minimum 1 Year exp. |

Note : Experience : Professor 10 yr. 7 yr. Teaching,
Associate Professor 8 yr. 5 yr Teaching, Assistant Professor 3 yr Teaching

MOWA, RAIPUR (C.G.) Mob : 9827118884, 7694016816
E-Mail : sbsonraipur@rediffmail.com


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403